फाल्गुन कृष्ण पक्ष, तृतीया
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 27 फरवरी 2024
वर्ष -2, अंक -187, पृष्ठ -14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



आकाशगंगा में तरंग के साथ तैरे तारों के बादल 14

फिल्म 'बोले चूड़ियां बोले कंगना' का ट्रेलर रिलीज 2

## बैजबॉल धराशायी, भारत ने सीरीज कब्जाई



**3-1** से आगे है भारतीय टीम अंतिम टेस्ट 7 मार्च से

**17** वीं शृंखला लगातार मेजबान के तौर पर भारत ने जीती

रांची। टेस्ट में बैजबॉल से प्रहार करने वाली इंग्लैंड की टीम को भारत ने अपने घर में एक बार फिर धूल चटाई है। भारतीय टीम में युवा खिलाड़ियों को लेकर कप्तान रोहित शर्मा ने यह भ्रम भी तोड़ दिया कि अनुभव ही सर्वोपरि है। पांच मैचों की शृंखला में भारत ने इंग्लैंड को 3-1 से हराकर सीरीज अपने कब्जे में ली। भारतीय टीम की अपनी सरजमीं पर लगातार 17वीं शृंखला जीती हैं। भारत ने 192 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 40 रन से आगे खेलना शुरू किया। यशस्वी जायसवाल और कप्तान रोहित शर्मा ने पहले विकेट के लिए 84 रन जोड़े। उसके बाद शुभमन गिल और ध्रुव जुरेल ने 72 रन की साझेदारी करके टीम को जीत तक पहुंचाया। अब शृंखला का अंतिम मैच 7 मार्च से धर्मशाला में खेला जाएगा।

### मुख्यमंत्री ने कानपुर के डिफेंस कॉरिडोर में अडाणी समूह के एम्यूनेशन मैन्युफैक्चरिंग कॉम्प्लेक्स का किया उद्घाटन

# यूपी अब देश के विकास में 'ब्रेक थ्रू', रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में जुटा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को साढ़ स्थित डिफेंस कॉरिडोर में अडाणी समूह के एम्युनेशन मैन्युफैक्चरिंग कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन करते हुए कहा कि आज यूपी, देश के डेवलपमेंट में ब्रेकर नहीं बल्कि ब्रेक थ्रू का काम कर रहा है। यहां स्थापित डिफेंस कॉरिडोर के सभी छह नोड्स भारत को रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने में जुट गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2018 में जब पहली इन्वेस्टर्स समिट हुई थी, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में दो डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर की घोषणा की थी। यूपी में अलीगढ़, आगरा, कानपुर, लखनऊ, झांसी और चित्रकूट में डिफेंस कॉरिडोर के छह नोड्स बन रहे हैं। आज कानपुर में अडाणी डिफेंस सिस्टम एंड टेक्नोलॉजीस ने काम शुरू कर दिया है। समारोह में सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडेय भी मौजूद रहे। अडाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड के सीईओ करण अडाणी ने स्वागत किया। यूपी विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, राकेश सचान आदि मौजूद थे।



अडाणी एम्युनेशन कांप्लेक्स का लोकार्पण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, साथ में सेनाध्यक्ष मनोज पांडेय, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, मंत्री नंद गोपाल गुप्ता, अडाणी ग्रुप के सीईओ आशीष राजवंशी। • अमृत विचार

- 500 एकड़ में बना दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा आयुध कॉम्प्लेक्स

### चार हजार प्रत्यक्ष, 20 हजार परोक्ष रोजगार

अडाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी करण अडाणी ने बताया कि 15 महीने में पांच हजार एकड़ में दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा एम्युनेशन मैन्युफैक्चरिंग कॉम्प्लेक्स तैयार हुआ है। इसकी क्षमता प्रतिवर्ष 150 मिलियन राउंड एम्युनेशन उत्पादन की है। यहां रायफल, लाइट मशीन गन (एलएमजी), एके-47 और कार्बाइन की गोलियां बनेंगी। अगले चरण में आर्टिलरी गन, गोला-बारूद, तोपें, हैंड ग्रेनेड निर्मित किए जाएंगे।

### आईआईटी कानपुर, बीएचयू सेंटर फॉर एक्सीलेंस

मुख्यमंत्री ने बताया कि डिफेंस मैन्यूफैक्चरिंग कॉरिडोर के लिए आईआईटी कानपुर और आईआईटी बीएचयू को सेंटर फॉर एक्सीलेंस नामित किया गया है। रक्षा मंत्रालय ने भी इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करने में साझेदारी दिखाई है। उद्देश्य है कि भारत डिफेंस सेक्टर में आत्मनिर्भर बनने के साथ दुनिया की जरूरत की पूर्ति करे।

## एक नजर

### पेटीएम बैंक के चेयरमैन पद से हटे विजय शेखर

नई दिल्ली। पेटीएम पेमेंट्स बैंक लि. (पीपीबीएल) के अंशकालिक गैर-कार्यकारी चेयरमैन पद से विजय शेखर शर्मा ने इस्तीफा दे दिया है। बैंक ने निदेशक मंडल को पुनर्गठित किया है। बता दें कि भारतीय रिजर्व बैंक ने नियमों का अनुपालन नहीं करने के लिए पेटीएम पेमेंट्स बैंक लि. को 15 मार्च के बाद ग्राहकों से कोई भी नई जमा राशि या टॉप अप स्वीकार करने से रोक दिया है। बैंक ने सोमवार को कहा कि श्रीनिवासन श्रीधर, देबेंद्रनाथ सारंगी, अशोक गर्ग और रजनी सेखरी सिब्बल की नियुक्ति के साथ निदेशक मंडल का पुनर्गठन किया है।

### ट्रू-कॉलर की एआई-कॉल रिकॉर्डिंग सुविधा शुरू

नई दिल्ली। कॉल करने वाले की पहचान से संबंधित एप 'ट्रूकॉलर' ने सोमवार को भारत में कृत्रिम मेधा (एआई) से संचालित कॉल रिकॉर्डिंग सुविधा शुरू करने की घोषणा की। इस सुविधा में कॉल का सारांश एवं ब्योरा भी मिलेगा। कंपनी ने कहा कि एआई-आधारित कॉल रिकॉर्डिंग सुविधा के लिए शुल्क लगेगा और यह प्रीमियम सदस्यता के साथ उपलब्ध होगी। यह एंड्रॉयड और आईओएस दोनों ऑपरेटिंग प्रणालियों वाले मोबाइल फोन पर काम करेगी। इस सुविधा के तहत उपयोगकर्ताओं को सीधे ट्रूकॉलर ऐप के भीतर इनकमिंग और आउटगोइंग कॉल रिकॉर्ड करने की क्षमता होगी। यह महत्वपूर्ण बातचीत को दर्ज करने और उनके प्रबंधन का एक सुविधाजनक एवं कुशल तरीका मुहैया कराता है।

### कठुआ स्टेशन मास्टर सहित छह निलंबित

चंडीगढ़। जम्मू के कठुआ से रविवार को एक चालक रहित 53 वैगन वाली मालगाड़ी चलने के मामले में फिरोजपुर के डीआरएम संजय साहू ने उच्चस्तरीय की जांच के आदेश के बाद कठुआ स्टेशन के छह अधिकारियों को निलंबित कर दिया। इनमें स्टेशन अधीक्षक, लोको पायलट, सहायक पायलट, प्वाइंट्समैन और टीआरआई शामिल हैं। साहू ने कहा कि जम्मू से पंजाब के लिए चिप पत्थर लेकर जा रही मालगाड़ी लोको पायलट बदलने के लिए कठुआ में रुकी थी। कुछ मिनटों के बाद, यह जम्मू-जालंधर ट्रैक पर ढलान सरकने लगी, जबकि नए पायलट और सह-पायलट अभी तक ट्रेन में नहीं पहुंचे थे।

# नया भारत बड़े सपने देखता है और उसे दिन रात एक कर पूरा भी करता है : मोदी

## प्रधानमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से किया दो हजार से अधिक रेल प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण-शिलान्यास

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि रेलवे के कायाकल्प अभियान शुरू हो चुका है और उनके तीसरे कार्यकाल में रेलवे के विकास का स्केल एवं स्पीड अभूतपूर्व होगी। मोदी ने सोमवार को वीडियो लिंक के माध्यम से 41 हजार करोड़ रुपये से अधिक की दो हजार से ज़्यादा रेल परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन एवं लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज भारत जो करता है, अभूतपूर्व स्पीड (रफ्तार), अभूतपूर्व स्केल (कौशल) से करता है। आज के भारत ने छोटे-छोटे सपने देखना छोड़ दिया है। हम बड़े सपने देखते हैं और उन्हें पूरा करने के लिए दिन रात एक कर देते हैं। यही संकल्प इस विकसित भारत-विकसित रेलवे कार्यक्रम में दिख रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज एक साथ रेलवे से जुड़ी 2000 से अधिक परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। अभी तो इस सरकार के तीसरे टर्म की शुरुआत जून महीने से होने वाली है। अभी से जिस स्केल पर काम होना शुरू हो गया है, जिस स्पीड पर काम होना शुरू हो गया है, वो सबको हैरत में डालने वाला है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले मैंने जम्मू से एक साथ आईआईटी-आईआईएम जैसे दर्जनों बड़े शिक्षा संस्थानों का लोकार्पण किया। कल ही मैंने राजकोट से एक साथ पांच एम्स और अनेक मेडिकल संस्थानों का लोकार्पण किया। अब आज का ये कार्यक्रम है, आज 27 राज्यों के, करीब 300 से अधिक जिलों में साढ़े 500 से ज्यादा रेलवे स्टेशनों के कायाकल्प का शिलान्यास हुआ है।

उत्तर प्रदेश के जिस गोमतीनगर रेलवे स्टेशन का लोकार्पण हुआ है, वो वाकई कमाल का दिखता है। इसके अलावा 1500 से ज्यादा रोड ओवरब्रिज, अंडरपास की परियोजनाएं भी शामिल हैं। 40 हज़ार करोड़ रुपये की ये परियोजनाएं एक साथ जमीन पर उतर रही हैं। कुछ महीने पहले ही हमने अमृत भारत स्टेशन योजना की शुरुआत की थी। तब भी 500 से अधिक स्टेशनों के आधुनिकीकरण पर काम शुरु हुआ था। अब ये कार्यक्रम इसे और आगे बढ़ा रहा है। ये दिखाता है कि भारत की प्रगति की रेल किस गति से आगे बढ़ रही है।



- बोले-रेल परियोजनाओं की अभूतपूर्व रफ्तार और कौशल हैरत में डालने वाली

### उप्र को मिले 74 स्टेशन, 267 आरओबी व अंडरपास

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत वर्चुअल माध्यम से उत्तर प्रदेश के भी 74 रेलवे स्टेशन और 267 रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) व अंडरपास का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। इनमें वे परियोजनाएं शामिल हैं जिनका पुनर्विकास एवं निर्माण किया गया है। उप्र. में जिन 74 स्टेशनों का पुनर्विकास किया गया उनमें मेरठ नगर जं., मऊ जं., मानिकपुर जं., श्रीकृष्णा नगर, ऊंचाहार जं., मानकनगर, चुनार जं., गढ़मुक्तेश्वर, गोंडा जं., जौनपुर सिटी, ललितपुर जं, मल्हार, चित्रकूट धाम कर्वी, खुर्जा जं., लखीमपुर, कानपुर अनवरगंज, भटनी, हैदरगढ़, मैलानी जं., अकबरपुर ज., मिर्जापुर, गोविंदपुरी, भरतकुंड, सलेमपुर ज., महोबा जं., पीलीभीत जं., कन्नौज, स्वामी नारायन छपिया, सोनभद्र, लम्भुआ, मड़ियाहूँ, ईदगाह आगरा जं., तुलसीपुर, शिकोहाबाद जं., निहालगढ़, आंवला, आनंद नगर जं., बाबतपुर, लखनऊ सिटी, बरेली सिटी, पुखरायां, मोहनलालगंज, गोमती नगर, कानपुर पुल बाया, खोरासन रोड, बांदा, बढ़नी, बालामऊ जं., शिवपुर, गौरीगंज, सिद्धार्थनगर, व्यासनगर, किनारा, डालीगंज, कप्तानगंज जं., स्योहारा, बलरामपुर, फिरोजाबाद, उरई, लालगंज, खलीलाबाद, रामघाट हॉल्ट, गुरसहायगंज, गाजीपुर सिटी, फाफामऊ जं., मुजफ्फरनगर, बेल्थरा रोड, बुलन्दशहर, लोहता, राजा की मंडी, चिलबिला, कुंडा हरनामगंज, बादशाहपुर, तकिया और मैनपुरी जं. हैं। उधर, प्रधानमंत्री के कार्यक्रम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वर्चुअली जुड़े। उन्होंने एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में नए भारत की प्रगति की रेल तीव्र गति से गतिमान है। उन्होंने लिखा, आमजन के जीवन को सुगम बनाती इन सौगातों के लिए हार्दिक आभार प्रधानमंत्री जी!।



- भारत की प्रगति की रेल तीव्र गति से गतिमान : योगी

# ज्ञानवापी के व्यास तहखाने में पूजा करने पर रोक नहीं

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ज्ञानवापी मस्जिद समिति की अपील खारिज करते हुए जिला जज के आदेशानुसार व्यास तहखाना (ज्ञानवापी मस्जिद का दक्षिणी तहखाना) में पूजा जारी रखने की अनुमति दे दी है। मालूम हो कि दोनों पक्षों को सुनने के बाद न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की पीठ ने 11 दिन पहले फैसला सुरक्षित रख लिया था। अंजुमन इंतजामिया मस्जिद समिति (वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद की प्रबंधक) ने 1 फरवरी को हाईकोर्ट के समक्ष वाराणसी के जिला जज के 31 जनवरी के आदेश को चुनौती देते हुए अपील दाखिल की थी, जिसमें ज्ञानवापी मस्जिद स्थित तलघर में हिंदू पक्ष को पूजा करने की अनुमति दी गई थी। इसके तुरंत बाद सुप्रीम कोर्ट ने व्यास जी का तहखाना में पूजा की अनुमति देने वाले आदेश के खिलाफ मस्जिद समिति की याचिका पर तत्काल सुनवाई करने से इनकार किया था।

दरअसल, मस्जिद समिति का मानना है कि व्यास तहखाना मस्जिद परिसर का हिस्सा होने के कारण उनके कब्जे में है और व्यास परिवार या किसी अन्य को तहखाने के अंदर पूजा-पाठ करने का कोई अधिकार नहीं है। समिति का यह भी तर्क था कि वर्ष 1993 के बाद से तहखाने में कोई पूजा नहीं हुई, इसलिए अगर 30 वर्षों के बाद न्यायालय रिसीवर नियुक्त कर रहा है और यथास्थिति बदल रहा है तो इस फैसले के पीछे कोई ठोस कारण होना चाहिए। यह भी प्रस्तुत किया गया कि व्यास तहखाना कभी भी हिंदू वादी के कब्जे में नहीं था और कब्जे के बारे में सवाल केवल मुद्दों के तैयार होने के बाद ही तय किया जा सकता है। दूसरी ओर हिंदू पक्षकारों का लगातार यह तर्क था कि तहखाने के अंदर पूजा-पाठ कभी नहीं रुका और यह वर्ष 1993 के बाद भी जारी रहा, जब सीआरपीएफ ने इसे अपने कब्जे में ले लिया था।



- इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की आपत्ति की खारिज
- जिला जज वाराणसी कोर्ट ने 31 जनवरी को दी थी अनुमति

# मतदान आज, भाजपा का साथ देंगे राजा भैया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

### राज्यसभा चुनाव

- जनसत्ता दल के दो विधायकों का साथ लेने की सपा की मुहिम को झटका

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में राज्यसभा की दस सीट के लिए होने वाले चुनाव में जनसत्ता दल (लोकतांत्रिक) के मुखिया रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया और उनकी पार्टी के विधायक विनोद सोनकर भाजपा के उम्मीदवार को वोट देंगे। राजा भैया के इस फैसले से समाजवादी पार्टी की उम्मीद खत्म हो गई है। अब राज्यसभा के लिए मंगलवार को होने वाला चुनाव राजनीतिक उठापटक और दांवपेच वाला होगा। इस बीच एक-एक वोट का महत्व समझाकर सोमवार को भाजपा और सपा ने अपने-अपने विधायकों को मतदान का प्रशिक्षण दिया।



उप्र. में राज्यसभा की दस सीटों के लिए 11 प्रत्याशी मैदान में हैं। आठ प्रत्याशी भाजपा ने खड़े किए हैं, जबकि तीन प्रत्याशी सपा से हैं। सपा के तीनों उम्मीदवारों को जीतने के लिए कुल 111 वोट की जरूरत है। सपा के पास अपने विधायक 108 ही हैं।

# अगर कोर्ट आदेश देगी तो ईडी के समक्ष पेश होउंगा

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली आबकारी नीति संबंधी कथित घोटाले से जुड़ी धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश नहीं हुए। केजरीवाल ने कहा कि अगर अदालत इस संबंध में आदेश देगी तो वह ईडी के समक्ष पेश होंगे। यह सातवीं बार है, जब केजरीवाल प्रवर्तन निदेशालय के समन पर एजेंसी के सामने पेश नहीं हुए। प्रवर्तन निदेशालय ने पिछले हफ्ते मुख्यमंत्री को सातवां समन जारी कर उन्हें पूछताछ के लिए एजेंसी के सामने पेश होने को कहा था। आम आदमी पार्टी (आप) के कई नेताओं के साथ पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के एक साल पूरा होने पर सोमवार को राजघाट पहुंचे मुख्यमंत्री केजरीवाल ने आरोप लगाया कि ये समन उन्हें विपक्षी गठबंधन इंडिया छोड़ने के लिए दबाव डालने का एक औजार है।



- ईडी के 7वें समन पर भी पेश नहीं हुए केजरीवाल

# नहीं रहे प्रसिद्ध गजल गायक पंकज उधास

मुंबई, एजेंसी

- लंबी बीमारी के बाद 72 वर्ष की आयु में ली अंतिम सांस

दिल की रगों को चीरते दर्द, इश्क में डूबी उदास शामों और मुहब्बत की रूबाइयों को अपनी मखमली, लरजती आवाज का सहारा देने वाले मशहर गजल गायक पंकज उधास (72) सोमवार को अपने लाखों चाहने वालों को छोड़कर चले गए । चांदी जैसा रंग है तेरा, इक तरफ उसका घर, चिट्ठी आई है, आहिस्ता कीजिए बातें और जीएं तो जीएं कैसे जैसे लोकप्रिय फिल्मी गीतों तथा मशहूर गजलों से अपने चाहने वालों के दिलों में उतरने वाले पंकज उधास का सोमवार को यहां निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार थे। यह जानकारी उनकी बेटी नयाब ने दी।



पंकज उधास ने ब्रीच कैंडी अस्पताल में पूर्वाह्न 11 बजे अंतिम सांस ली। उधास ने दयावान, नाम, साजन और मोहरा सहित कई हिंदी फिल्मों में पार्श्व गायक के रूप में भी अपनी पहचान बनाई थी। पंकज उधास का अंतिम संस्कार मंगलवार को होगा। उनके परिवार में पत्नी फरीदा और बेटियां रेवा तथा नयाब हैं।

# सीआईएससीई 12वीं रसायन विज्ञान की बोर्ड परीक्षा स्थगित

- अब 21 मार्च को दोपहर दो बजे होगी आयोजित

नई दिल्ली। भारतीय विद्यालयीय प्रमाणपत्र परीक्षा परिषद (सीआईएससीई) ने सोमवार को अप्रत्याशित परिस्थितियों का हवाला देते हुए 12वीं कक्षा की रसायन विज्ञान की बोर्ड परीक्षा 21 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी। सीआईएससीई की उप सचिव संगीता भाटिया ने स्कूल प्राचार्यों को भेजे एक पत्र में कहा कि सोमवार, 26 फरवरी 2024 को होने वाली आईएससी वर्ष 2024 रसायन विज्ञान पेपर 1 (थ्योरी) परीक्षा को अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण स्थगित कर दिया गया है। यह परीक्षा गुरुवार, 21 मार्च, दोपहर दो बजे पुनर्निर्धारित की गई है। परीक्षा स्थगित करने के सटीक कारणों के बारे में पूछे गए सवालों पर बोर्ड की ओर से कोई जवाब नहीं मिला। लेकिन सीआईएससीई से जुड़े कुछ सूत्रों ने दावा किया कि परीक्षा शुरू होने से पहले प्रश्न-पत्र कथित तौर पर सोशल मीडिया पर लीक हो गया था। हालांकि, इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। सीआईएससीई बोर्ड परीक्षाएं 12 फरवरी को शुरू हुई थीं।

# किसानों ने निकाला ट्रैक्टर मार्च, टोल पर प्रदर्शन

होशियारपुर/सिरसा, एजेंसी

- सड़क किनारे ट्रैक्टर खड़े करके जताया डब्ल्यूटीओ का विरोध

संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के बैनर तले किसानों ने सोमवार को 'डब्ल्यूटीओ (विश्व व्यापार संगठन) छोड़ो दिवस' मनाया, ट्रैक्टर मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। डब्ल्यूटीओ का पुतला भी फूंका। जालंधर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग सहित जिले भर में कई स्थानों पर सड़क के किनारे अपने ट्रैक्टर खड़े करके विरोध प्रदर्शन किया। किसानों का उद्देश्य केंद्र सरकार पर अपनी मांगों को स्वीकार करने के लिए दबाव डालना था, जिसमें उनकी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के लिए कानूनी गारंटी, ऋण माफी, स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करना, किसानों और मजदूरों के लिए पेंशन और अन्य मांगों को वापस लेना शामिल था।

हरियाणा के सिरसा में किसानों ने जिलेभर में शांतिपूर्वक तरीके से ट्रैक्टर परेड मार्च किया और राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या -नौ पर खैरेकां गांव के पास लगे नाके पर डब्ल्यूटीओ के पुतले फूंके। भाकियू के आह्वान पर उत्तर प्रदेश में कई जगहों पर किसानों ने ट्रैक्टर मार्च निकाला जिससे प्रमुख सड़कों पर यातायात बाधित हो गया।

# सेना में चयनित दो लाख युवाओं से अन्याय : खरगे

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से आग्रह किया कि वह उन करीब दो लाख नौजवानों के लिए न्याय सुनिश्चित करें, जिन्हें सेना की नियमित भर्ती में चयन होने के बावजूद सेवा में शामिल नहीं किया गया। दावा किया कि सरकार द्वारा भर्ती रोककर अग्निपथ योजना लाई गई, जिससे युवाओं को पीड़ा झेलनी पड़ रही है। कहा कि मैं आपको भारतीय सशस्त्र बलों के सर्वोच्च अधिकारी के रूप में महत्वपूर्ण मुद्दे पर लिख रहा हूं।



### इनसे सीखें | यूपी में पहले स्वच्छता मिशन में गांव को बनाया अग्रणी, फिर परिवारों को दिए रोजगार के अवसर

# कूड़े से पैदा किए रोजगार के अवसर, बने ब्रॉड एम्बेसडर

जीशान कदीर, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में जहां एक तरफ कूड़े के ढेर के निस्तारण को लेकर लंबे-चौड़े बजट का सहारा लिया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर इस तामझाम से दूर एक युवक ने ऐसा कुछ कर दिखाया कि वो प्रदेश ही नहीं देश के लिए भी नजीर बन गया। दरअसल, इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर चुके मेरठ के मोहिद्दीनपुर निवासी ने लोगों को जागरूक कर गांव से निकले कूड़े-कचरे से बिजली तैयार कराई, फिर इसे बेचकर गांव की सूरत बदल दी। हाल-फिलहाल लघु उद्यम के सहारे गांव वालों को रोजगार मिले हैं। स्वच्छता मिशन की इस अलख को कई प्रदेशों में सम्मान भी मिल चुका है।

मेरठ निवासी विजय नामदेव बताते हैं कि वो कई साल पहले इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी कर गांव मोहिद्दीनपुर लौटे तो देखा, समस्या रोजगार और कूड़े के निस्तारण को लेकर थी। ऐसे में उन्होंने लोगों को जागरूक किया, फिर युवाओं की एक टीम तैयार की। सूखे और गीले कूड़े को अलग कर बेचा और निजी कंपनी की मदद से बिजली तैयार कराई, ऐसे में कई गांव रोशन हुए। बताते हैं कि गांव की स्वच्छता को प्रदेश में मुख्यमंत्री प्रोत्साहन सम्मान के अलावा स्वच्छता ग्रामीण सम्मान भी मिल चुका है। पंजाब के मोहाली में हुए राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन में उद्यमता को भी पुरस्कृत किया जा चुका है।



लखनऊ में हुए ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में गांव के मॉडल की जानकारी देते विजय नामदेव।

### मोहिद्दीनपुर गांव के बच्चों ने प्रधानमंत्री से की मन की बात

मोहिद्दीनपुर गांव को मॉडल बनने में कई हाथ जुड़े हैं। विकास यहीं पर खत्म नहीं हुआ। विजय ने स्मार्टक्लास (आधार शिला) के सहारे बच्चों को प्रशिक्षित कराया। ऐसे में विद्यालय के छात्रों ने जब बुलेट ट्रेन और रोबोट तैयार किए तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी मन की बात के सहारे बच्चों से बात किए बिना नहीं रह सके।

### गांव के बजट से युवाओं को मिला रोजगार

विजय बताते हैं कि ग्राम प्रधान विमला देवी की मदद से सफाई के नाम पर घरों से दो रुपया और दुकानदारों से पांच रुपया वसूल किया गया। कूड़े से बेचे गए रुपयों के सहारे चंद माह में करीब पांच लाख का राजस्व इकट्ठा हुआ। इससे बेरोजगार पुरुषों और महिलाओं को रोजगार देने में मदद मिली।

# जिन्हें भूख है, हम उन्हीं लोगों को मौका देंगे : रोहित

## सरफराज, ध्रुव, यशस्वी और आकाशदीप ने जीत में अहम भूमिका निभाई

रांची, एजेंसी

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने मेहनत किए बिना राष्ट्रीय टेस्ट टीम में जगह बनाने का सपना देख रहे दावेदारों से कहा कि मौका केवल उन्हीं को दिया जाएगा तो 'सबसे कड़े' प्रारूप में 'सफलता की भूख' दिखाएंगे। भारत ने सोमवार को चौथे टेस्ट में इंग्लैंड को हराकर शृंखला जीती। सरफराज खान, ध्रुव जुरेल, यशस्वी जायसवाल और आकाश दीप जैसे खिलाड़ियों ने टीम की सफलता में अहम भूमिका निभाई जिससे रोहित खुश दिखे। रोहित ने कहा कि जिन लोगों को भूख है हम उन्हीं लोगों को मौका देंगे। अगर भूख नहीं है तो उनको खिलाने का मतलब नहीं है। रोहित की यह प्रतिक्रिया बीसीसीआई के उस आदेश के बाद आई जिसमें इशान किशन और श्रेयस अय्यर जैसे खिलाड़ियों को रणजी ट्रॉफी मुकाबलों में खेलने को कहा गया था लेकिन इन दोनों ने इसे नजरअंदाज किया था। भारतीय कप्तान ने कहा हि मैंने टीम में कोई भी ऐसा खिलाड़ी नहीं देखा जो भूखा नहीं हो। सभी लड़के जो यहां हैं और जो नहीं हैं, वे सभी खेलना चाहते हैं। लेकिन टेस्ट में बहुत कम मौके मिलते हैं। अगर आप उनका फायदा नहीं उठाते तो वह चले जाते हैं। इशान झारखंड के लिए रणजी ट्रॉफी में नहीं खेले, लेकिन आईपीएल के लिए उन्हें मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या के साथ बड़ौदा में ट्रेनिंग करते हुए देखा गया। रोहित ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट सबसे कठिन प्रारूप है। यदि आप इस प्रारूप में उत्कृष्टता और सफलता हासिल करना चाहते हैं तो आपको भूख दिखानी होगी।



### युवाओं को अच्छे प्रदर्शन के लिए माहौल देना जरूरी

रांची। युवा ब्रिगेड के शानदार प्रदर्शन के दम पर इंग्लैंड को टेस्ट शृंखला में हराने के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का मानना है कि टीम में आए युवाओं को सलाह की जरूरत नहीं है बल्कि अच्छे प्रदर्शन के लिए सहयोगी माहौल चाहिए। अपना दूसरा टेस्ट खेल रहे विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने दोनों पारियों में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने पहली पारी में 90 और दूसरी में नाबाद 39 रन बनाए। यशस्वी जायसवाल, आकाश दीप और सरफराज खान ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। रोहित ने कहा कि यह काफी कठिन शृंखला है और जीतने के बाद अच्छा लग रहा है। ये युवा खिलाड़ी घरेलू सर्किट, स्थानीय क्लब क्रिकेट से यहां आए हैं। यह बड़ी चुनौती थी लेकिन उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि हमें उन्हें अनुकूल माहौल देना होगा। प्रमुख खिलाड़ियों का नहीं होना अच्छा नहीं होता लेकिन इसमें कुछ किया नहीं जा सकता ।

# सेना से निर्भीक तेवर मिले जुरेल को: रैना

ग्रेटर नोएडा, एजेंसी

भारत के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना का मानना है कि विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल को सेना की पृष्ठभूमि के कारण निर्भीक तेवर मिले और यहां तक पहुंचने के लिये उसने काफी मेहनत की है। जुरेल ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट की पहली पारी में 90 और दूसरी पारी में नाबाद 39 रन बनाकर भारत की 5 विकेट से जीत में अहम भूमिका निभाई।



रैना ने कहा कि मैं जुरेल की विकेटकीपिंग से काफी प्रभावित हूं। उसने काफी मेहनत की है। उसके पिता सेना में थे लिहाजा उसमें वह हार नहीं मानने का निर्भीक तेवर है। जुरेल की पारी की सुनील गावस्कर ने भी तारीफ की जिन्होंने उसे अगला महेंद्र सिंह धोनी कहा था। रैना ने कहा कि जुरेल शानदार खिलाड़ी है। मैने उसके साथ उत्तर प्रदेश के लिए कुछ मैच खेले हैं। रोहित शर्मा बधाई के पात्र हैं जिस तरह से उन्होंने पहले सरफराज खान को और फिर जुरेल को मौका दिया। टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करके लगातार अर्धशतक बनाना आसान नहीं है खासकर इतने महत्वपूर्ण मैच में जहां विकेट टर्न ले रहा हो। चेन्नई सुपर किंग्स का अहम हिस्सा रहे रैना ने कहा कि वह चाहते हैं कि विराट कोहली और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर इस बार आईपीएल खिताब जीते। उन्होंने कहा कि मैं चाहता हूं कि विराट कोहली और आरसीबी खिताब जीते। लंबा इंतजार हो गया। चेन्नई ने पिछली बार जीता था लेकिन मैं उम्मीद करता हूं कि इस बार वह टीम जीते जिसने अब तक ट्रॉफी नहीं जीती है। विराट मेहनत कर रहा है और जीत का हकदार है।



## खेल डायरी

### दक्षिण अफ्रीका में टीम से जुड़ी गतिविधियों ने हमें मजबूत बनाया: हरमनप्रीत



राउरकेला, एजेंसी। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका के हालिया दौरे में टीम से जुड़ी गतिविधियों ने उन्हें मजबूत बनाया। भारत ने चार देशों की शृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीका का दौरा किया था जहां मेजबान टीम के खिलाफ उसने जीत दर्ज की। फ्रांस के खिलाफ टीम को एक जीत मिली और एक मुकाबला ड्रॉ रहा जबकि नीदरलैंड के खिलाफ टीम को हार का सामना करना पड़ा। रविवार को भारत ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग के घरेलू चरण के अपने अंतिम मैच में आयरलैंड को 4-0 से हरा दिया था। भारत फिलहाल अंक तालिका में नीदरलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बाद तीसरे स्थान पर है। हरमनप्रीत ने रविवार की जीत के बाद कहा कि मुझे लगता है कि हम दक्षिण अफ्रीका दौरे से मानसिक और शारीरिक रूप से तरोताजा होकर वापस आए हैं। हमने वहां टीम से जुड़ी कई गतिविधियों में हिस्सा लिया जिससे हम एक मजबूत इकाई बन गए। मुझे लगता है कि हमने यहां अच्छा प्रदर्शन किया और दुनिया की शीर्ष टीमों की चुनौती का सामना किया।

### आरसीए अध्यक्ष वैभव गहलोत ने दिया इस्तीफा

जयपुर। राजस्थान क्रिकेट संघ (आरसीए) के अध्यक्ष वैभव गहलोत ने अपने खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद सोमवार को पद से इस्तीफा दे दिया। गहलोत ने ऐसे समय में पद छोड़ा है जब राजस्थान राज्य खेल परिषद (आरएसएससी) ने बकाए का भुगतान न करने पर सवाई मान सिंह स्टेडियम और आरसीए कार्यालय को शुक्रवार को सील कर दिया था। सवाई मानसिंह स्टेडियम को अगले महीने से आईपीएल की मेजबानी करनी है। गहलोत ने कहा कि आरसीए कार्यालय में जल्दबाजी में ताला लगाया गया। मुझे निशाना बनाकर आरसीए में अविश्वास का माहौल पैदा किया जा रहा है। मैं राज्य की क्रिकेट और खिलाड़ियों को बचाने के लिए स्वेच्छा से आरसीए अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे रहा हूं।

### पहला अंतर्राष्ट्रीय खिताब जीतने उतरेगी भारतीय टीम

अलान्या (तुर्की), एजेंसी। भारतीय महिला फुटबॉल टीम मंगलवार को तुर्की महिला कप में अपने अंतिम राउंड रोबिन मैच में जब कोसोवो से भिड़ेगी तो उसकी नजरें दक्षिण एशिया के बाहर अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय खिताब जीतने पर होंगी। भारतीय टीम को खिताब के लिए मंगलवार को हर हाल में कोसोवा को हराना होगा। भारतीय टीम अभी लीग तालिका में कोसोवो के बाद दूसरे स्थान पर है। दोनों टीम के समान अंक हैं लेकिन बेहतर गोल अंतर से कोसोवो शीर्ष पर है। 4 टीम की राउंड रोबिन लीग में भारतीय टीम ने एस्टोनिया (4-3) और हांगकांग (2-0) के खिलाफ जीत से 6 अंक जुटाए हैं। कोसोवो ने भी हांगकांग और एस्टोनिया के खिलाफ जीत से 6 अंक जुटाए हैं लेकिन भारत के प्लस 3 के मुकाबले उसका गोल अंतर प्लस चार है जिससे वह शीर्ष पर चल रहा है।

### भारत ने सैफ अंडर 16 महिला चैंपियनशिप के लिए 23 सदस्यीय टीम का किया ऐलान

नई दिल्ली, एजेंसी। मुख्य कोच बिबी थॉमस मुत्ताह ने सोमवार को एक से 10 मार्च तक नेपाल में होने वाली सैफ अंडर 16 महिला फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए 23 सदस्यीय भारतीय टीम का ऐलान किया है। भारत ने 2018 और 2019 में अंडर 15 प्रारूप में जीत दर्ज की थी। दोनों बार भारत ने फाइनल में बांग्लादेश को हराया था। पहली बार टूर्नामेंट अंडर 16 प्रारूप में खेला जा रहा है। अंतिम टीम का चयन संभावितों में से किया गया जो गोवा में अभ्यास कर रहे हैं। भारतीय टीम मंगलवार को नेपाल रवाना होगी। उसे एक मार्च को भूटान से, पांच मार्च को बांग्लादेश और सात मार्च को नेपाल से खेलना है। राउंड राबिन चरण की शीर्ष दो टीमें फाइनल खेलेंगी। सारे मैच ललितपुर में खेले जाएगे। **भारतीय टीम : गोलकीपर :** केटी देवी, मुन्नी, सूरजमुनी कुमारी **डिफेंडर :** अमृता घोष, बोनिफिला शुलाइ, दिव्यानी लिंडा, एलिजाबेथ लाकड़ा, गौरी, रिआना लिज जैकब, रूपश्री मुंडा, एस अलेना देवी **मिडफील्डर :** अनिता डुंगडुंग, अनुष्का कुमारी, अन्विता रघुरामन, एच यशिका, एल नीरा चानू, रितु बडाइक, श्वेता रानी, टी मोनी बास्के **फॉरवर्ड :** गुरलीन कौर, गुरनाज कौर, नेहा साजी, पर्ल फर्नांडिस ।

# नहीं चला बैजबॉल, शृंखला भारत के नाम

## इंग्लैंड को चौथा टेस्ट 5 विकेट से हराकर भारत ने लगातार 17वीं टेस्ट शृंखला जीती

रांची, एजेंसी

अपनी सरजमीं पर बादशाहत एक बार फिर साबित करते हुए भारतीय टीम ने 'बैजबॉल' को बेअसर साबित कर दिया और चौथे क्रिकेट टेस्ट में इंग्लैंड को चौथे ही दिन पांच विकेट से हराकर अपनी मेजबानी में लगातार 17वीं शृंखला जीत ली।

जीत के लिए 192 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने कल के स्कोर पर बिना किसी नुकसान के 40 रन से आगे खेलना शुरू किया था। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (44 गेंद में 37 रन) और कप्तान रोहित शर्मा (81 गेंद में 55 रन) ने पहले विकेट के लिए 84 रन जोड़े। दोनों के विकेट गिरने के बाद रजत पाटीदार और रविंद्र जडेजा भी सस्ते में आउट हो गए, लेकिन शुभमन गिल (नाबाद 52) और ध्रुव जुरेल (नाबाद 39) ने 72 रन की साझेदारी करके टीम को जीत तक पहुंचाया। भारत ने शृंखला में 3-1 की विजयी बढ़त बना ली जबकि पांचवां और आखिरी मैच 7 मार्च से धर्मशाला में खेला जाएगा।

भारतीय टीम अपनी धरती पर आखिरी बार 2012-13 में एलेस्टेयर कुक की अगुवाई वाली इंग्लैंड टीम से हारी थी। उसके बाद से अपनी मेजबानी में भारत ने 50 में से 39 टेस्ट जीते हैं। इस जीत के साथ ही भारत ने इंग्लैंड की आक्रामक खेल की 'बैजबॉल' शैली को भी नाकाम साबित कर दिया। पिछले दो साल से इंग्लैंड की जीत का मंत्र साबित हुई इस शैली की अब काफी आलोचना हो रही है। ब्रेंडन मैकुलम के कोच और बेन स्टोक्स के कप्तान बनने के बाद से हर हालात में आक्रामक खेल की इंग्लैंड की रणनीति को 'बैजबॉल' कहा जाता है। भारत ने इसका मुंहतोड़ जवाब दिया है और इसकी सूत्रधार भारत की युवा ब्रिगेड रही।

निजी कारणों से शृंखला से बाहर विराट कोहली और चोटिल केएल राहुल के बिना भारत ने शृंखला में शानदार प्रदर्शन करते हुए हैदराबाद में पहले टेस्ट में मिली हार के बाद लगातार 3 जीत दर्ज की। भारत के युवा खिलाड़ियों सरफराज खान, जुरेल और तेज गेंदबाज आकाश दीप ने मौके को बखूबी भुनाया। जुरेल ने चौथे टेस्ट की पहली पारी में 90 और दूसरी में नाबाद 39 रन बनाए। चौथे दिन सोमवार को रोहित ने (81 गेंद में 55 रन) ने यशस्वी जायसवाल के साथ 84 रन की बड़ी साझेदारी की। जायसवाल ने 44 गेंद में 37 रन जोड़े। आफ स्पिनर जो रूट ने जायसवाल को आउट कर साझेदारी को तोड़ा। बाए हाथ के स्पिनर टॉम हार्टल ने रोहित का विकेट लिया। स्पिनर शोएब बशीर ने रजत पाटीदार (0) को पवेलियन भेजा। अपने कल के स्कोर बिना किसी नुकसान के 40 रन से आगे खेलते हुए भारत ने शुरूआत की। रोहित ने जेम्स एंडरसन की गेंद पर लांग आन में छक्का जड़ा। दूसरे छोर पर बशीर ने गेंद संभाली। रोहित और जायसवाल ने सहज होकर स्पिनरों और तेज गेंदबाजों को रन बनाए। रोहित ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 9000 रन भी पूरे कर लिए। दोनों को आसानी से खेलते देख बेन स्टोक्स ने जो रूट को गेंद सौंपी, जिन्होंने कप्तान के भरोसे पर खरे उतरते हुए जायसवाल को आउट किया।

### भारत-इंग्लैंड टेस्ट शृंखला

- भारत ने 3-1 की विजयी बढ़त बनाई, पांचवां और आखिरी मैच 7 मार्च से धर्मशाला में होगा
- शृंखला से बाहर विराट और चोटिल राहुल के बिना भारत ने लगातार 3 जीत की दर्ज

**50** में से 39 टेस्ट मैच भारत ने देख में जीते

**09** हजार रन रोहित ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में किए पूरे



### स्कोर बोर्ड

इंग्लैंड (पहली पारी-353) (दूसरी पारी-145)

भारत (पहली पारी-307) दूसरी पारी 192/5 (61 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा का फोक्स बो हार्टली | 55 | 81 | 5/1 |
| यशस्वी जायसवाल का एंडरसन बो रूट | 37 | 44 | 5/0 |
| शुभमन गिल नाबाद | 52 | 124 | 0/2 |
| रजत पाटीदार का पोप बो बशीर | 00 | 06 | 0/0 |
| रविंद्र जडेजा का बेयरस्टो बो बशीर | 04 | 33 | 0/0 |
| सरफराज खान का पोप बो बशीर | 00 | 01 | 0/0 |
| ध्रुव जुरेल नाबाद | 39 | 77 | 2/0 |

**अतिरिक्त :** 05, **विकेट पतन :** 1-84, 2-99, 3-100, 4-120, 5-120, **गेंदबाजी :** रूट 7-0-26-1, हार्टली 25-2-70-1, बशीर 26-4-79-3, एंडरसन 3-1-12-0

### जीत पर टीम को कोहली ने दी बधाई



नई दिल्ली। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने भारत की जीत को शानदार बताते हुए 'युवा' टीम के धैर्य, दृढ़ता और लचीलेपन की तारीफ की। निजी कारणों से शृंखला से बाहर होने के बाद अपने पहले ट्वीट में कोहली ने कहा, यस (तिरंगा)। हमारी युवा टीम की शानदार जीत। धैर्य, दृढ़ता और लचीलापन दिखाया। कोहली और अनुष्का शर्मा के घर 15 फरवरी को बेटे ने जन्म लिया। सचिन तेंदुलकर ने टीम की जीत पर एक्स पर लिखा, भारत ने दबाव के हालात से निकलकर वापसी की और मैच जीता। इससे हमारे खिलाड़ियों की मानसिक ताकत का पता चलता है। आकाशदीप ने टेस्ट में शानदार स्पेल डाला। ध्रुव ने दोनों पारियों में गेंद की लैंग्थ को भांपा और उसका फुटवर्क बेहतरीन था। कुलदीप यादव के साथ उसकी साझेदारी अहम थी। दूसरी पारी में कुलदीप का स्पेल महत्वपूर्ण था। रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा और रोहित शर्मा जैसे सीनियर्स ने अपना काम बखूबी किया।

# हार्दिक ने प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में की वापसी



मुंबई, एजेंसी

भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने चोट से लंबे ब्रेक के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करते हुए सोमवार को डीवाई पाटिल टी-20 कप में दो विकेट लिए। डीवाई पाटिल क्रिकेट अकादमी में भारत पेट्रोलियम निगम के खिलाफ कम स्कोर वाले मैच में रिलायंस वन की 2 विकेट से जीत में हार्दिक ने 3 ओवर में 22 रन देकर 2 विकेट लिए। अक्टूबर में पुणे में बांग्लादेश के खिलाफ एकदिवसीय विश्व कप मैच के दौरान टखने में चोट लगने से पंड्या प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से दूर थे। वह आईपीएल में 5 बार की विजेता मुंबई इंडियन्स के नए कप्तान के रूप में वापसी की तैयारी कर रहे हैं। रिलायंस वन टीम में तिलक वर्मा, नेहल वढेरा, आकाश मधवाल, नमन धीर और पीयूष चावला जैसे मुंबई इंडियन्स के अन्य खिलाड़ी भी हैं। इस साल जून में कैरेबिया और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए हार्दिक की जगह रोहित शर्मा को भारतीय कप्तान बनाया गया है। डीवाई पाटिल टी-20 कप एक कारपोरेट टूर्नामेंट है जिसमें कुल 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं।

# डब्ल्यूटीसी तालिका में भारत की मजबूत स्थिति

दुबई, एजेंसी

भारत ने रांची में चौथे टेस्ट में इंग्लैंड की टीम के खिलाफ 5 विकेट की जीत के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका में दूसरे स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। रोहित शर्मा की टीम ने शृंखला में 3-1 की विजयी बढ़त बना ली है।

भारत का अंक 59.52% से बढ़कर 64.58% हो गया है। भारत ने क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर मौजूद ऑस्ट्रेलिया (55%) और बांग्लादेश (50%) पर मजबूत बढ़त बना ली है। इंग्लैंड 19.44% अंक के साथ आठवें स्थान पर है। भारत ने मौजूदा डब्ल्यूटीसी चक्र में अब तक 8 टेस्ट खेले हैं जिनमें से 5 में उसे जीत और दो में हार मिली जबकि 1 ड्रॉ रहा। ऐसा लगता है कि इंग्लैंड को 'बैजबॉल' (हर हाल में आक्रामक होकर खेलने की रणनीति) रवैये से फायदा नहीं हो रहा है। टीम ने 9 में केवल 3 मैच जीते हैं जबकि 5 में हार और 1 ड्रॉ रहा। न्यूजीलैंड 75% अंकों के साथ शीर्ष पर है। उसने अब तक केवल 4 टेस्ट खेले हैं। टेस्ट मैच जीतने पर 12, टाई पर 6 और ड्रॉ के लिए 4 अंक दिए जाते हैं। प्रतिशत अनुसार टीमों को स्थान दिया जाता है। शीर्ष दो टीमें 2025 में लॉर्ड्स में होने वाले फाइनल में खेलेंगी। डब्ल्यूटीसी की शुरुआत के बाद से भारत अब तक दोनों बार फाइनल में पहुंचा है।

**विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 अंक तालिका**

| स्थान | टीम | मैच | जीते | हारे | ड्रॉ | अंक | अंक% |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | न्यूजीलैंड | 4 | 3 | 1 | 0 | 36 | 75.00 |
| 2 | भारत | 8 | 5 | 2 | 1 | 62 | 64.58 |
| 3 | ऑस्ट्रेलिया | 10 | 6 | 3 | 1 | 66 | 55.00 |
| 4 | बांग्लादेश | 2 | 1 | 1 | 0 | 12 | 50.00 |
| 5 | पाकिस्तान | 5 | 2 | 3 | 0 | 22 | 36.66 |
| 6 | वेस्टइंडीज | 4 | 1 | 2 | 1 | 16 | 33.33 |
| 7 | दक्षिण अफ्रीका | 4 | 1 | 3 | 0 | 12 | 25.00 |
| 8 | इंग्लैंड | 9 | 3 | 5 | 1 | 21 | 19.44 |
| 9 | श्रीलंका | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0.00 |



## बॉलीवुड हलचल

# एटली ने की शाहरूख खान की तारीफ



मुंबई, एजेंसी। दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने निर्देशक एटली ने वूमेन्स प्रीमियर लीग में बॉलीवुड अभिनेता शाहरूख खान के परफॉर्मेंस की तारीफ की है। वूमेन्स प्रीमियर लीग में बॉलीवुड के कई सेलेब्स ने परफॉर्म किया। इस अवसर पर शाहरुख खान ने भी अपनी परफॉर्मेंस दी। शाहरुख खान ने पठान के गाने पर डांस किया। शाहरूख खान को लेकर सुपरहिट फिल्म जवान बना चुके एटली ने शाहरुख खान की परफॉर्मेंस की एक फोटो के साथ स्टोरी शेयर की। स्टोरी शेयर करते हुए एटली ने लिखा, 'बॉस मैन इन मॉस मोड'। इसके बाद शाहरुख खान के फैन पेज ने ट्वीट करते हुए उनकी स्टोरी शेयर की और लिखा, 'एटली कभी भी शाहरुख के चार्म से उबर नहीं पाते और हम भी'।शाहरुख खान ने एटली कुमार की स्टोरी पर रिप्लाई देते हुए लिखा कि, सर आपसे ही सीखा है।

### देवा के सेट से शाहिद कपूर की तस्वीर जारी



मुंबई, एजेंसी। निर्देशक रोशन एंड्रयूज ने फिल्म देवा के सेट से शाहिद कपूर की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की है। शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'देवा' के निर्देशक रोशन एंड्रयूज ने शाहिद कपूर को जन्मदिन की बधाई दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर फिल्म देवा के सेट से शाहिद कपूर की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, मेरे सबसे प्यारे भाई शाहिद कपूर को जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएँ। ...हंसी...मस्ती... आप उन बेहतरीन अभिनेताओं में से एक हैं जिनके साथ मैंने कभी काम किया है और मेरे देवा के रूप में आपको निर्देशित करना मेरे लिए सम्मान की बात है! बहुत सारे प्यार और सम्मान के साथ मैं आपको एक शानदार वर्ष की शुभकामनाएं देता हूं! शाहिद कपूर ने जवाब में लिखा,धन्यवाद, रोशन। 'देवा' के सेट पर वापस आने के लिए अब और इंतजार नहीं कर सकता। 'देवा' रोशन एंड्रयूज द्वारा निर्देशित और ज़ी स्टूडियोज और रॉय कपूर फिल्म्स द्वारा निर्मित है। यह फिल्म 11 अक्टूबर, 2024 को दशहरा के अवसर पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# फिल्म बोले चूड़ियां बोले कंगना का ट्रेलर रिलीज

मुंबई, एजेंसी। अभिनेता प्रिंस सिंह राजपूत, अभिनेत्री पायस पंडित और डिंपल सिंह की भोजपुरी फिल्म बोले चूड़ियां बोले कंगना का ट्रेलर रिलीज हो गया है। कमला फिल्म्स क्रिएशन्स, डिजिटेक प्रोडक्शन प्रस्तुत भोजपुरी फिल्म बोले चूड़ियां बोले कंगना का ट्रेलर ईगल होम एंटरटेनमेंट के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है। प्रिंस सिंह राजपूत ने कहा कि यह फिल्म उनकी सबसे बेहतरीन फिल्मों में से एक है। फिल्म में उनका किरदार स्वच्छंद भ्रमण करने वाले लड़के की है। फिल्म में एक गुंजा नाम की लड़की गांव में रहती हैं, जहां उसके माँ बाप की बचपन में मृत्यु हो जाती हैं और वो अपने काका काकी के घर पर रहती हैं, जहाँ उसकी काकी उससे घर का हर काम कराती हैं और उसे ताना मारती हैं, वही काका काकी की बेटी नीलम शहर से गांव आती हैं। फिल्म के निर्माता गौतम कुमार, मनु भाई शाह और लोकेश मिश्रा हैं, जबकि निर्देशक मनोज ओझा हैं। गीतकार प्रकाश बारूद हैं। संगीतकार सर्विन्द मल्हार हैं। छायांकन फ़िरोज़ खान का है। संकलन गोविन्द दुबे और कोरियोग्राफी कानु मुखर्जी का है। कहानी सभा वर्मा ने लिखी है। फिल्म में प्रिंस सिंह राजपूत, पायस पंडित, डिंपल सिंह, जे नीलम, सोनिया मिश्रा, जय प्रकाश, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, सचिन श्रीवास्तव, प्रिया, अंकुश कहार, आरती निगम, प्राची सिंह मुख्य भूमिका में हैं।



### 12 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर फिल्म 'चमकीला'

मुंबई, एजेंसी। दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा की फिल्म 'चमकीला' 12 अप्रैल को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगीद्य। बॉलीवुड फिल्मकार इम्तियाज अली की आने फिल्म चमकीला में दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा अहम भूमिका निभा रहे हैं। 'चमकीला' पंजाब के रॉकस्टार कहे जाने वाले अमर सिंह चमकीला पर आधारित है।नेटफ्लिक्स ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस फिल्म का मोशन पोस्टर शेयर कर रिलीज डेट आउट की है। नेटफ्लिक्स ने लिखा, माहौल बन जाता था जब वह छेड़ता था साज, कुछ ऐसा ही था चमकीला का अंदाज। ओटीटी प्लेटफॉर्म पर यह फिल्म 12 अप्रैल से स्ट्रीम होगी।

# 'झलक दिखला जा' को मिले 5 फाइनलिस्टस



मुंबई, एजेंसी। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के सेलिब्रिटी डांस रियलिटी शो 'झलक दिखला जा' के टॉप 5 फाइनलिस्ट्स मिल गए हैं। एफएएम तिकड़ी – फराह खान, अरशद वारसी और मलाइका अरोड़ा द्वारा प्रेरित और जज किए गए शो झलक दिखा जा को अपने टॉप 5 फाइनलिस्ट्स मिल गए हैं। इनमें कोरियोग्राफर अनुराधा अयंगर के साथ शोएब इब्राहिम, कोरियोग्राफर आकाश थापा के साथ सेलिब्रिटी टीन एक्टर अद्रिजा सिन्हा, कोरियोग्राफर सोनाली कर के साथ श्रीराम चंद्रा, कोरियोग्राफर आशुतोष पवार के साथ मनीषा रानी और कोरियोग्राफर सागर बोरा के साथ डॉक्टर एवं एक्टर धनश्री वर्मा हैं। शोएब ने कहा, झलक दिखला जा एक परिवर्तनकारी अनुभव रहा है, जो मुझे अपनी सीमाओं से आगे ले गया और एक डांसर और एक व्यक्ति के रूप में विकसित होने की चुनौती दी। हर परफॉर्मेंस आत्म-खोज का सफर रहा है, जिससे मुझे खुद को उन तरीकों से अभिव्यक्त करने की इजाजत मिली है जिनके बारे में मैंने कभी सोचा भी नहीं था। फाइनल में जीतना या हारना मेरे लिए अंतिम लक्ष्य नहीं है। श्रीराम ने साझा किया, गायन पृष्ठभूमि से आने से डांस फ्लोर पर कदम रखना मेरे लिए कठिन काम था। चुनौतियों, सीखने के अनुभवों और यादगार पलों से भरा यह सफर किसी रोलरकोस्टर राइड से कम नहीं है।अद्रिजा सिन्हा ने कहा,झलक दिखला जा के टॉप 5 में रहना एक सपना था जो हकीकत बन गया है! मेरे परिवार, दोस्तों और प्रशंसकों के अटूट समर्थन के साथ, जो मेरी ताकत बनाकर मेरे साथ रहे हैं, हर परफॉर्मेंस सीखने का एक खास अनुभव रहा है, जिसने मुझे खुद को चुनौती देने और एक डांसर के रूप में विकसित होने के लिए प्रेरित किया है।

### काजल का रोमांटिक गाना डोली जब कमरिया रिलीज



मुंबई, एजेंसी। अभिनेता कुणाल तिवारी और अभिनेत्री काजल यादव का भोजपुरी गाना 'डोली जब कमरिया' रिलीज हो गया है। डोली जब कमरिया गाने को विजय चौहान और अलका झा ने गाया है। इस गाने में कुणाल तिवारी रोमांटिक मूड में काजल से कहते हैं कि धड़के करेजा रानी धक धक, अइसन सिंगार पर लागेलु कड़क, करेला मन धरी दाबी अकवरिया तब काजल यादव कहती हैं कि मूड में जब आईब हम डोले जे कमरिया, तबे नु आईब हम तोहरा पजरिया यह रोमांटिक गाना भोजपुरी फिल्म 'पपुआ के पप्पी' का है। मधु मंजुल आर्ट्स एंड गीता तिवारी प्रोडक्शन के बैनर तले बनी इस फिल्म के निर्माता धीरेंद्र कुमार झा एवं कुणाल कुमार तिवारी हैं। निर्देशक धीरेंद्र कुमार झा हैं। मुख्य कलाकार कुणाल तिवारी, विराज भट्ट, काजल यादव, ऋचा दीक्षित, अमित शुक्ला, प्रकाश जैस, प्रियांशु सिंह, अनूप अरोरा, साहिल शेख हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# तो क्या विद्यालय के ऊपर से दौड़ाया जाएगा करंट


इस तरह लगा दिया गया खंभा।

संवाददाता, रामनगर (चित्रकूट)

**अमृत विचार :** जिम्मेदारों की लापरवाही के भी हाल न पूछिए। इनको इससे मतलब नहीं कि जो काम कर रहे हैं, उससे किसको दिक्कत होगी, कितनी समस्याएं होंगी। इनको बस काम की औपचारिकता पूरी करने से मतलब। विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय झंडापुरवा का भी यही हाल है। यहां स्कूल की दीवार से सटाकर पोल लगा दिया गया है, इससे बच्चों को हमेशा खतरा रहेगा।

ग्रामीणों का आरोप है कि पावर हाउस गनीवां के देहरुच फीडर के जेई की मनमानी और मिलीभगत से विद्यालय की दीवार से सटाकर बिजली विभाग ने पोल लगवाया है।

**लापरवाही**

- स्कूल की दीवार से सटाकर लगाया गया बिजली का खंभा

जल्द ही इस पोल में तार लगाने की कवायद शुरू की जाएगी। स्कूलों के आसपास से पोल और तार हटाने के सख्त निर्देशों-आदेशों के बाद भी विभागीय अधिकारियों ने ऐसा किया है। ऐसे में स्कूल के शिक्षक बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। स्कूल के बाहर खंभा लगाने से आशंका यह भी है कि केबिल स्कूल के ऊपर से होकर निकलेगी। ऐसे में तार के टूटने आदि का खतरा रहेगा और बच्चे भी प्रभावित हो सकते हैं। इस संबंध में बात करने के लिए जेई गनीवां को फोन किया गया पर उन्होंने काल रिसीव नहीं की।

### अभिभावकों ने जताई नाराजगी

स्कूल से सटाकर बिजली का खंभा लगाने से अभिभावक आक्रोशित हैं। रामबाबू ने कहा कि छीबों से झंडापुरवा तक सड़क की मांग की जा रही है और इस पर सुनवाई नहीं हुई। अब बिजली विभाग ने एक और समस्या तैयार कर दी। मोतीलाल ने कहा कि एक ओर तो बच्चों की सुरक्षा की बात की जाती है, दूसरी ओर उनकी जान से खिलवाड़ किया जाता है। चुनकावन और अन्य ग्रामीणों ने मांग की कि जल्द से जल्द यह खंभा यहां से हटवाया जाए।

### छुट्टी के दिन लगा दिया खंभा- प्रधानाध्यापक

प्रधानाध्यापक राजकिशोर पांडेय ने बताया कि शुक्रवार और शनिवार को छुट्टी थी। गुरुवार तक ऐसी कोई बात नहीं थी। सोमवार को स्कूल पहुंचे तो खंभा लगा हुआ था। इसकी जानकारी बीईओ को दे दी गई है। बिजली विभाग के सहायक अध्यापक पीयूष त्रिपाठी ने कहा कि अन्य स्कूलों के आसपास तो तार और बिजली पोल हटाए जा रहे हैं और इधर इस तरह के काम किए जा रहे हैं, बच्चों की सुरक्षा पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। इससे लोगों में नाराजगी है।

### बीईओ बोले- हटवाएंगे खंभा

उधर, इस संबंध में बीईओ रामनगर एनपी सिंह ने ऐसी किसी भी जानकारी से इंकार किया। बताया कि जानकारी नहीं है। लेकिन यदि ऐसा है तो पोल हटवाया जाएगा। विद्यालय परिसर के बाहर दूरी पर बिजली विभाग को खंभा और तार लगाने चाहिए। लाइन की परिसर के अंदर से जाने की अनुमति नहीं दी जा सकती है।

# मानिकपुर स्टेशन का होगा पुनर्विकास

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार :** अमृत भारत स्टेशन योजना अंतर्गत सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के 554 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास एवं 1500 रोड और ब्रिज अंडरपास का शिलान्यास किया।

अमृत भारत स्टेशन के तहत मानिकपुर रेलवे स्टेशन का भी चयन किया गया है। कार्यक्रम स्थल में लगी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल शिलान्यास किया। इस कार्यक्रम में बांदा-चित्रकूट के सांसद आरके सिंह पटेल व पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्रा सहित कई जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में आम लोग और रेलवे के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। बांदा-चित्रकूट के सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि धर्मनगरी के प्रमुख रेलवे स्टेशन मानिकपुर के जीर्णोद्धार के बाद यहां आने वाले यात्रियों को पहले से अधिक सुविधाएं मिलेंगी, साथ ही सुपरफास्ट ट्रेनों का भी यहां ठहराव होगा और स्थानीय लोगों के लिए नए रोजगार सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि लखनऊ की कनेक्टिविटी के लिए बांसा, पहाड़ रेलवे स्टेशन पर जल्द ही चित्रकूट एक्सप्रेस व महाकौशल ट्रेन का ठहराव होगा। इस दौरान कई लोग मौजूद रहे।


शिलापट का लोकार्पण करते सांसद व मौजूद अन्य लोग। अमृत विचार

**एक नजर**

### महिला के सुपुर्द किया जेवरात से भरा बैग

**चित्रकूट, अमृत विचार :** ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस ने एक महिला के खोए बैग को सामान सहित बरामद कर उसके सुपुर्द किया। गिनिया पत्नी नरेंद्र निवासी कल्याणपुर, फतेहगंज जनपद बांदा शादी में कर्वी आई थी। धनुष चौराहा, कर्वी पर तैनात यातायात पुलिस के उप निरीक्षक राज किशोर को उसने जानकारी दी कि उसका बैग टेंपो में छूट गया है। बैग में 1.70 लाख रुपये कीमत के जेवरात व और कपड़े थे। पुलिस ने टेंपो की पहचान कर बैग खोजकर महिला के सुपुर्द किया।

### रोजगार मेला कल से

**चित्रकूट, अमृत विचार :** 28 फरवरी को प्रातः 10 बजे से विकासखंड कार्यालय परिसर, मानिकपुर और 29 फरवरी को केदारनाथ जगन्नाथ महाविद्यालय, राजापुर में एक दिवसीय वृहद रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के जिला समन्वयक ने बताया कि कई कंपनियों के प्रतिनिधि 1000 से अधिक रिक्त पदों को भरेंगे। इच्छुक अभ्यर्थी sewayojan.up.nic.in ऑनलाइन आवेदन कर शैक्षणिक मूल प्रमाण व छायाप्रति के पत्रों सहित उपस्थित होकर लाभ उठा सकते हैं।

### सामूहिक विवाह 29 को

**सीतापुर(चित्रकूट), अमृत विचार :** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन 29 फरवरी को रामायण मेला परिसर सीतापुर, चित्रकूट में किया जाएगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि पात्र जोड़ों का चयन करते हुए आवेदिकाओं को ऑनलाइन पोर्टल पर स्वचालित संदेश प्रेषित किया जा रहा है। जिन्हें संदेश प्राप्त हो गया हो, वे परिजनों के साथ 29 को पूर्वाह्न 8:00 बजे पहुंचे और वर-वधु के कपड़े व अन्य वैवाहिक उपहार सामग्री परिसर में निर्धारित स्थल से प्राप्त कर लें।

# सड़क हादसों में वृद्ध की मौत तीन लोग हुए गंभीर घायल

## रुकने का नाम नहीं ले रहा दुर्घटनाओं का सिलसिला

संवाददाता, पहाड़ी (चित्रकूट)



**अमृत विचार :** सड़क हादसों का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा। सोमवार को अलग-अलग दुर्घटनाओं में एक वृद्ध की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए।

थाना सरधुआ अंतर्गत ग्राम औदहा निवासी रामबालक (60) पुत्र सुरिजपाल सिंह किसी काम से सोमवार की सुबह पहाड़ी आया था। अपराह्न लगभग डेढ़ बजे डग्गामार वाहन से लौट रहा था। टेंपो पहाड़ी थाना अंतर्गत कलवारा बुजुर्ग के धोबिनपुरवा स्थित तालाब के पास पहुंची तो चालक इससे नियंत्रण खो बैठा और यह पलट गई। इससे रामबालक की मौके पर मौत हो गई। रामस्वरूप (40) पुत्र लुस्सू निवासी ऐंचवारा गंभीर रूप से घायल हो गया। इसे ग्रामीणों की मदद से एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। मृतक के भतीजे राजा बेटा ने बताया कि रामबालक अविवाहित था और खेती करता था। एक अन्य घटना पहाड़ी थाना अंतर्गत साईपुर गांव के पास हुई। ग्राम परसौंजा निवासी विजय (40) पुत्र मातादीन मां कल्ली (60) की दवा कराने बाइक से ट्रामा सेंटर बांदा जा रहा था। साईपुर गांव के पास ओरन की ओर से आ रहे भारवाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे मां-बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए। इन्हें एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।

**बेखौफ दौड़ रहे डग्गामार वाहन:** राजापुर- कर्वी मार्ग पर डग्गामार वाहनों की बेखौफ आवाजाही जारी है। खासतौर पर टेंपो और ई-रिक्शा। ये निर्धारित संख्या से ज्यादा सवारियों को बैठाकर चलते हैं। कई बार तो नाबालिग बच्चे भी इनके चालक नजर आते हैं। धोबिनपुरवा तालाब के पास जो टेंपो पलटी, बताया जाता है कि उसमें भी निर्धारित संख्या से ज्यादा सवारियां बैठी थीं।


अस्पताल में भर्ती दुर्घटना में घायल लोग। अमृत विचार

**फरवरी में हुई सड़क दुर्घटनाएं**

- 24 फरवरी को बहन की शादी के कार्ड बांटकर घर जा रहे युवक सागर (26) निवासी असोह की बाइक को डग्गामार वाहन ने टक्कर मार दी। मौके पर ही मौत हो गई। दो अन्य रिश्तेदार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।
- 24 फरवरी को बाइकसवार रामकल्याण (25) पुत्र स्व. बलवीर निवासी चकजाफर को राजापुर-कर्वी मार्ग से गांव जाने वाले मोड़ पर बोलेरो से टक्कर। रामकल्याण की मौके पर मौत हो गई।
- 21 फरवरी को पहाड़ी निवासी नीरज पांडेय (26) और गिरधारा निवासी संजीव वर्मा की बाइकों की भिड़ंत में मौत।
- 15 फरवरी को उद्घटा निवासी ममता (21) पत्नी विद्यासागर, बेटी रिया भारती (5) और भाई छोटू (22) की बोड़ी पोखरी-राजापुर मार्ग पर अनियंत्रित ट्रक की बाइक को टक्कर से मौत।
- 11 फरवरी को ओरा निवासी शैलेंद्र मिश्रा (32) पुत्र अभिलेष मिश्रा की कुचारम गांव से कुछ दूरी पर पुलिया के पास किसी वाहन की टक्कर से मौत। उसकी पिछले साल ही शादी हुई थी।
- 8 फरवरी को रैपुरा थानांतर्गत इटवां गांव निवासी खुशबू (20), मौसेरे भाई हरिश्चंद्र सोनकर (28) और चचेरे भाई दशरथ (20) की बाइक को ब्यूर गांव के पास किसी वाहन ने टक्कर मार दी, तीनों की मौत।
- 8 फरवरी को कर्वी निवासी युवा व्यापारी सुरेंद्र जायसवाल की बाइक को स्कार्पियो ने मारी टक्कर। मौके पर मौत।

# अधिवक्ताओं ने पुलिस पर लगाया प्रताड़ना का आरोप

**आक्रोश**

- वकीलों ने कहा- मुख्यमंत्री से मिलकर करेंगे शिकायत

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार :** कानपुर और प्रयागराज में अधिवक्ताओं के साथ हुई घटनाओं पर जिले के वकीलों में आक्रोश है। एडवोकेट काउंसिल के जिला प्रभारी रामप्रकाश पांडेय के आवास में हुई बैठक में इस संबंध में रणनीति बनाई गई। अधिवक्ता पांडेय ने कहा कि कानपुर और प्रयागराज में वकीलों को पुलिस ने प्रताड़ित किया है। यह बेहद शर्मनाक है। अधिवक्ताओं के साथ बढ़ती घटनाओं की जानकारी देने के लिए एक प्रतिनिधि मंडल सीएम योगी आदित्यनाथ से मिलेगा।


पुलिसिया ज्यादती के खिलाफ बैठक करते अधिवक्ता। अमृत विचार

रामप्रकाश ने कहा कि प्रतिनिधि मंडल प्रदेश में अधिवक्ताओं के हित में जल्द से जल्द अधिवक्ता सुरक्षा कानून लागू किए जाने की मांग भी सीएम से करेगा। इस दौरान आल इंडिया बार काउंसिल के चेयरमैन से भी मुलाकात की जाएगी। अधिवक्ता आनंद मिश्रा ने कहा कि एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट की मांग काफी अर्से से लंबित है। कुछ दिन पूर्व हापुड़ घटना के बाद शासन के बड़े अफसरों ने कहा था कि ऐसी घटनाओं को देखते हुए जल्द से जल्द अधिवक्ता सुरक्षा कानून लागू किया जाएगा लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। अब लोकसभा चुनाव भी नजदीक है। कुंवर रोहित सिंह ने भी कानपुर और प्रयागराज घटना की निंदा कि। अनिल त्रिपाठी एडवोकेट ने कहा कि पुलिस डर पैदा कर मनमाने तरीके से काम करना चाहती है। विरोध करने पर ही ऐसी घटनाओं का पता चलता है। बैठक में सुरेंद्र पयासी, अरुण टाइगर, विकास निगम, विनीत पयासी, रामआसरे विश्वकर्मा, अनूप सिंह बघेल, आशीष शुक्ला, लवकुश गौतम, पंकज पांडेय, अजीत कुमार, अलौकिकानंद मिश्रा, केके मिश्रा, लक्ष्मण कुशवाहा, कमलाकांत आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# जानकीकुंड अस्पताल में मुंबई के शिशुरोग विशेषज्ञ देंगे सेवा

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट



**अमृत विचार :** संत रणछोड़दासजी महाराज द्वारा स्थापित श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के अंतर्गत संचालित जानकीकुंड चिकित्सालय में अब मुंबई के शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ डॉ. अनुराग गुप्ता निरंतर अपनी सेवा देंगे।

श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के ट्रस्टी डॉ. इलेश जैन ने बताया कि चित्रकूट क्षेत्र अब भी चिकित्सा क्षेत्र में काफी पीछे है। लोगों को अपने बीमार बच्चों को उपचार के लिए बाहर ले जाना पड़ता है। इसे देखते हुए श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट बोर्ड ने ये फैसला लिया कि हड्डी रोग विशेषज्ञ, जनरल फिजीशियन, जनरल सर्जन गॉयनकोलॉजिस्ट आदि के साथ साथ अब शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ की व्यवस्था उपलब्ध कराई गई। शिशु एवं बालरोग विषेज्ञ डॉ. अनुराग गुप्ता जानकीकुंड चिकित्सालय में निरंतर अपनी सेवाएं देंगे। जन्म से 18 वर्ष तक के बच्चों को अब बीमार होने पर जल्दी बाहर नहीं ले जाना पड़ेगा। बच्चों का संपूर्ण इलाज संभव है।

**सार-संक्षेप**

### संत रविदास ने दिया सामाजिक न्याय के लिए संदेश



कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता। अमृत विचार

**चित्रकूट, अमृत विचार :** प्रगतिशील लेखक संघ व संत शिरोमणि रविदास समिति की ओर से भक्ति आंदोलन के क्रांतिवीर नायक रविदास जी की जयंती का आयोजन बार एसोसिएशन हॉल कर्वी में हुआ। मुख्य अतिथि एवं प्रगतिशील लेखक संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रोफेसर आलोचक रघुवंशिमण त्रिपाठी ने कहा कि संत रविदास ने मध्यकाल में ऊंच- नीच की खाई को पाटने का प्रयास तो किया ही, साथ ही सामाजिक न्याय के लिए संदेश भी दिया। इस दौरान रामचंद्र सरस के काव्य संग्रह कोई तो अंत तो बताए का विमोचन भी हुया। सचिव श्याम सुंदर द्वारा लिखी गई संत गाडगे की जीवनी का विमोचन भी हुआ। इस दौरान नरेंद्र पुंडरीक, रामचंद सरस, सुनील कुमार, दिनेश चौहान, श्याम सुंदर, रविकरन यादव, प्रमोद सरल, रामअवतार साहू, नदी बचाओ आंदोलनकारी अभिमन्यु सिंह, दीनानाथ, एडवोकेट अवधेश वक्शी, गया प्रसाद, आलोक बौद्ध आदि उपस्थित रहे।

### श्री अन्न प्रदर्शनी में मोटे अनाज के उत्पादों का प्रदर्शन


मोटे अनाज के उत्पाद देखते लोग। अमृत विचार

**चित्रकूट, अमृत विचार :** राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख की पुण्यतिथि के अवसर पर हो रहे कार्यक्रमों की श्रंखला में दीनदयाल परिसर में श्री अन्न प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी प्रभारी वैज्ञानिक विजय गौतम ने बताया कि पोषक तत्वों का भंडार माने जाने वाले मोटे अनाज की खपत लगातार बढ़ रही है। मोटे अनाज गेहूं और चावल की तुलना में सस्ते होने के साथ-साथ उच्च प्रोटीन, फाइबर, विटामिन तथा आयरन आदि की वजह से पोषण के लिए बेहतर आहार हैं।

### पेपर लीक मामले की हाईकोर्ट की निगरानी में हो जांच


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी। अमृत विचार

**चित्रकूट, अमृत विचार :** आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों ने पेपर लीक मामले पर आक्रोश जताया है। सोमवार को पार्टी नेताओं ने राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। इस दौरान पार्टी के चित्रकूट के जिलाध्यक्ष संतोषी लाल गुप्ता ने कहा कि हाल ही में हुई यूपी पुलिस भर्ती व समीक्षा अधिकारी परीक्षा पेपर लीक मामले की हाईकोर्ट की निगरानी में जांच कराई जाए। साथ ही दोषियों को जल्द गिरफ्तार किया जाए और एक माह में दोनों परीक्षएं पुनः कराई जाए। इस दौरान प्रांत महासचिव अंकित सिंह, जिला कोषाध्यक्ष श्याम बाबू त्रिपाठी, जिला सचिव लवलेश केसरवानी, ब्लॉक अध्यक्ष कर्वी अभिषेक सिंह पटेल, श्रम प्रकोष्ठ महासचिव योगेंद्र रैकवार, जिला महासचिव जितेंद्र गोयल, यूथ विंग के युवराज सिंह, रितुराज मिश्रा, ब्लॉक अध्यक्ष मानिकपुर चंद भाल पांडेय, अनुरुद्ध सिंह आदि उपस्थित रहे।

### अंडरब्रिज व ओवरब्रिज के शिलान्यास पर जताया हर्ष

**बरगढ़ चित्रकूट, अमृत विचार :** अमृत भारत रेलवे स्टेशन योजना के तहत 554 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास व 1500 अंडरब्रिज, ओवरब्रिज का शिलान्यास होने से बरगढ़ में लोगों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली जनपद के रेलवे स्टेशन का कायाकल्प, बरगढ़ और रेलवे स्टेशन माझियारी के बीच अंडरब्रिज का शिलान्यास किया है। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख मऊ सुशीला देवी वर्मा, मनीष सिंह मंडल अध्यक्ष बरगढ़, ओमप्रकाश मिश्र मंडल अध्यक्ष मऊ, दिनेश पाल ग्राम प्रधान बोझ, आदि पीएम मोदी का संबोधन सुना। संचालन किसान मोर्चा के क्षेत्रीय कार्य समिति सदस्य श्याम नारायण शुक्ला ने किया।

# रैली निकालकर दिलाई मतदान करने की शपथ

**राजापुर, चित्रकूट, अमृत विचार :** निर्वाचन आयोग के निर्देश और जिलाधिकारी के आदेश पर आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी। खंड विकास अधिकारी पहाड़ी, अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत की मौजूदगी में कंपोजिट विद्यालय से मतदाता जागरूकता निकाली गई और लोगों को मतदान करने की शपथ दिलाई गई।

बीडीओ पहाड़ी दिनेश मिश्रा ने कहा कि मतदाताओं को संविधान में मतदान करने का मौलिक अधिकार प्राप्त है। इससे देश के विकास की दिशा और दशा में आमूल-चूल परिवर्तन होता है। यह अवसर एक राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाए जाने की आवश्यकता है तथा ग्रामीण क्षेत्रों में अशिक्षित लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए मतदान में हिस्सा लेने के लिए उत्साहित करने की जरूरत है। अधिशाषी अधिकारी भोलानाथ कुशवाहा ने कहा कि पुरुष मतदाताओं की अपेक्षा महिला मतदाताओं को हर बूथ में ले जाकर मतदान करने के लिए जागरूक करने की आवश्यकता है। इस दौरान कंपोजिट विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजेश शुक्ला, मोनू मोदनवाल, राहुल चौरसिया समेत अन्य लोगों ने शपथ ग्रहण की।

# हाईवे पर ट्रैक्टर परेड निकाल किसानों ने जताया विरोध

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन, चित्रकूट के बैनरतले किसानों ने संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर नेशनल हाईवे पर ट्रैक्टर परेड करते हुए विरोध किया। जिलाध्यक्ष राम सिंह राही के नेतृत्व में किसानों ने मऊ तहसील से टोल प्लाजा तक हाईवे पर परेड करते हुए सरकार विरोधी नारे लगाए।

मंडल सचिव उदयनारायण सिंह, ब्लॉक मंत्री जयनारायण सिंह के नेतृत्व में गोसाईपुर से प्रसिद्धपुर तक हाईवे पर ट्रैक्टर परेड कर किसानों के समर्थन पर सरकार विरोधी नारे लगाते हुए जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार 13 महीने के आंदोलन को फिर से दोहराना चाहती है। देश में तनाशीही है, आंदोलन करना अपने हक व अधिकारों पर चर्चा करना, सरकार को गंवारा नहीं है। देश में किसानों का आक्रोश बढ़ रहा है। किसानों की फसल व जमीन नहीं बच पा रही है। सरकार को किसानों की बातों पर गंभीरतापूर्वक ध्यान देना चाहिए। देश के प्रधानमंत्री को तत्काल प्रभाव से कैबिनेट की बैठक कर किसानों को एमएसपी गारंटी कानून पारित कराए। इस दौरान किसान शिवदयाल सिंह बघेल, राजकिशोर सिंह, राजकुमार सिंह, बद्री सिंह, बीरेंद्र सिंह, बड़कू, रमेश चंद्र पाठक, देवनारायण यादव, पप्पू सिंह, संतोष कुमार, राजेंद्र शुक्ल, रामनरेश, शत्रुघ्न सिंह आदि रहे।


हाईवे पर ट्रैक्टर परेड में शामिल किसान। अमृत विचार

**उपलब्धि** बीटेक के छात्र को इंदौर में हुए सेमिनार में मिली प्रशंसा, दूसरा पुरस्कार किया ग्रहण

# बृजराज ने बनाया वाहन को चोरी से बचाने के लिए सॉफ्टवेयर

संवाददाता, रामनगर (चित्रकूट)



**अमृत विचार :** जिले के एक होनहार छात्र ने ऐसा साफ्टवेयर बनाया है, जिसकी मदद से वाहन को चोरी से बचाया जा सकता है। बीते दिनों बीटेक के छात्र बृजराज ने इंदौर (मप्र) में इसका प्रदर्शन किया तो जमकर प्रशंसा मिली। उसे सेमिनार में इस साफ्टवेयर के लिए दूसरा पुरस्कार भी दिया गया।

रामनगर ब्लॉक अंतर्गत छीबों गांव निवासी होनहार बृजराज मिश्रा ग्वालियर के माधव इंस्टीट्यूट में बीटेक का छात्र है। उसने साफ्टवेयर को भोपाल में आयोजित सेमिनार में सैकड़ों शोधार्थी छात्रों की मौजूदगी में प्रस्तुत किया तो जमकर तालियां बजीं। बृजराज मिश्रा के साफ्टवेयर को दूसरा स्थान मिला तो मानो उसकी प्रतिभा पर सबकी मुहर लग गई। इस उपलब्धि पर उसके माता और पिता व अन्य परिवारीजन खुश हैं। गांव में प्रसन्नता का माहौल है। बृजराज ने बताया कि इस साफ्टवेयर की मदद से पार्किंग या कहीं खड़े वाहन को मोबाइल से ट्रैक किया जा सकता है। इस साफ्टवेयर को मोबाइल में डाउनलोड करना होगा। कार्यक्रम में एमपीसीएसटी निदेशक डॉ. अनिल कोठारी ने भी बृजराज की प्रतिभा की सराहना की और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस सफलता पर डॉ. रविशंकर पांडेय पूर्व अपर निदेशक सूचना एवं जनसंपर्क विभाग लखनऊ, बृजनंदन ओझा श्रम प्रवर्तन अधिकारी प्रयागराज, कांग्रेस नेत्री रंजना बराती लाल पांडेय, डॉ. अनिल मिश्रा ग्राम प्रधान छीबों, अंबिका प्रसाद मिश्रा साहित्यकार, हरी नारायण पांडेय पत्रकार, रामराज पांडेय पूर्व प्रधानाचार्य, बालमुकुंद पांडेय पूर्व ब्लाक प्रमुख, अखिलेश पांडेय जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय बेसिक शिक्षक संघ चित्रकूट ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामना की है।



इंदौर में हुए सेमिनार में पुरस्कार प्राप्त करते बृजराज। अमृत विचार

### परिजनों को बृजराज से उम्मीदें

इस उपलब्धि से बृजराज के परिवार को उससे उम्मीदें बढ़ी हैं। बृजराज के पिता शंकर दयाल मिश्रा उर्फ विंदु मप्र के एक प्राइवेट सेक्टर में काम करते हैं। मां रजोली देवी गृहिणी हैं। वह छीबों के भगवतानुरागी पं. शिवमनोरथ मिश्रा उर्फ छितानी पंडित का नाती है। उसके बड़े भाई ऋषिराज मिश्रा बांदा के कालीचरण इंस्टीट्यूट में असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

## एक नजर

### बेटी की ससुराल आए बुजुर्ग की मौत

**बांदा :** बेटी की ससुराल आए बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सतना जिला के कोची गांव निवासी नत्थू (75) पुत्र मरिया दो दिन पहले अपने बेटी शंकुतला की ससुराल पनगरा गांव अंतिम सस्कार में शामिल होने आया था। रविवार की दोहपर अचानक उसकी हालत खराब हो गई। दामाद श्याम बिहारी उसे लेकर अस्पताल जा रहा था। तभी रास्ते गिर कर अचेत हो गया। उसे सीएचसी नरैनी में भर्ती कराया गया। जहां उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### बंबा तालाब पार्क में चलाया सफाई अभियान

**नरैनी :** प्रोजेक्ट अमृत के अंतर्गत स्थानीय कस्बा के बंबा तालाब पार्क में निरंकारी सेवादारों और श्रद्धालुओं ने नरैनी ब्रांच के मुखी सुरेश कुमार गुप्ता की अगुवाई में सफाई अभियान चलाया गया। यह परियोजना समूचे भारतवर्ष के लगभग 1500 से भी अधिक स्थानों के 900 शहरों के 27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एक साथ आयोजित की गई है।

### चोरी की बाइक संग दो पकड़े

**बांदा :** तिन्दवारी के रहने वाले रामनरेश द्विवेदी अपनी मोटरसाइकिल सड़क पर खड़ी करके खेत गया था, तभी बाइक चोरी हो गई। थाना तिन्दवारी में मामला दर्ज किया गया। सोमवार को तिन्दवारी पुलिस ने तिन्दवारी–बबेरू मार्ग क्योटरा पुलिया के पास से चोरी की मोटरसाइकिल के साथ 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कब्जे से अवैध तमंचा व कारतूस बरामद किए।

# ट्रैक्टर श्रृंखला बना किसानों ने किया प्रदर्शन

## राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन, संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर आंदोलन, समाधान नहीं तो दिल्ली जाने चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचारः** संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर स्टेट हाई-वे बांदा-बहराइच मार्ग घुरा तिराहे पर भारतीय किसान यूनियन ने बुंदेलखंड कानपुर जोन के अध्यक्ष बैजनाथ अवस्थी के नेतृत्व में ट्रैक्टर श्रृंखला बनाकर प्रदर्शन किया। राष्ट्रपति व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। किसानों ने भारत सरकार चेतावनी दी कि यदि किसानों की सारी समस्याओं का समाधान अतिशीघ्र नहीं होगा तो किसान ट्रैक्टरों के साथ दिल्ली कूच करने के लिए तैयार हैं।

पैलानी तहसील के बांदा-बहराइच मार्ग में घूरा तिराहे पर भारतीय किसान यूनियन ने श्रृंखला बनाकर प्रदर्शन किया। उनकी मांग किसानों को सिंचाई के लिए विद्युत बिल पहली अप्रैल 2023 के बाद से पूरी तरह माफ किए जाएं। इस संबंध में विभाग को स्पष्ट आदेश जारी किया जाए। जनपद में ओलावृष्टि से हुए नुकसान की भरपाई कराई जाए और किसानों को बीमा का क्लेम दिया जाए। बांदा से दोहतरा और जौहरपुर-बेंदाघाट मार्ग का निर्माण कराया जाए। गौशाला व किसानों द्वारा गोद ली गई गायों के भरण-पोषण के लिए धनराशि प्रतिमाह मुहैया कराई जाए। भोजन, दवा, कृषि इनपुट और मशीनरी जैसी आवश्यक वस्तुओं को जीएसटी के दायरे से हटाया जाए। खाद्य सुरक्षा की गारंटी और सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सार्वभौमिक बनाया जाए। किसानों कोक बीज, उर्वरक और बिजली बिल में सब्सिडी बढ़ाई जाए।

एनपीएस को खत्म कर ओपीएस को बहाल किया जाए। नई शिक्षा नीति-2020 को रद्द करते हुए सभी मुफ्त शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी और स्वच्छता के अधिकार की गारंटी दी जाए।

काम के अधिकारी को मौलिक बनाया जाए और स्वीकृत पदों को भरा जाए ताकि युवाओं को रोजगार मिल सके। भारत सरकार को चेतावनी दी, कि यदि किसानों की सारी समस्याओं का बहुत जल्द समाधान नहीं होता तो पूरे देश में किसान ट्रैक्टरों के साथ दिल्ली कूच करने के लिए तैयार हैं। महंगाई पर नियंत्रण किया जाए। भारतीय किसान यूनियन ने प्रदर्शन के बाद मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार पैलानी मोहम्मद मुस्तकीम और थानाध्यक्ष चिल्ला मोनी निषाद को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन के जिला सचिव बिंदा सिंह, तहसील महासचिव पैलानी कामता प्रजापति, धर्मराज सिंह, अनिल सिंह, भिखुवा, चुन्नू, अनिल, सद्दाम हुसैन, रामसुफल प्रजापति, अरविंद, सर्वेश, राशिद, भोला मिश्रा, धर्मराज सिंह समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।



थानाध्यक्ष को ज्ञापन सौंपते भाकियू पदाधिकारी। अमृत विचार



ट्रैक्टर मार्च निकालते किसान नेता। अमृत विचार

### जायज मांगों पर विचार करने का भरोसा दिया

- बुंदेलखंड में किसानों ने ट्रैक्टर श्रृंखला बनाकर प्रदर्शन तब किया है, जब लोकसभा चुनाव नजदीक हैं और देश के अन्य हिस्सों से दिल्ली के लिए कूच करने वाले किसान बॉर्डर पर संघर्ष कर रहे हैं। किसानों के ऐसे प्रदर्शनों को लेकर पुलिस व प्रशासन काफी सजग है। समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर यदि बुंदेलखंड के किसानों ने दिल्ली कूच करने का फैसला कर लिया तो शासन और प्रशासन की दिक्कतें बढ़ जाएंगी। हालांकि प्रशासन की ओर से किसानों को भरोसा दिलाया गया कि उनकी जायज मांगों पर शासन और प्रशासन गंभीरता से विचार करेगा।

### नरैनी में भी निकला ट्रैक्टर मार्च

भाकियू ने नरैनी कस्बा में भी ट्रैक्टर मार्च निकालकर किसानों की समस्याओं को लेकर राष्ट्रपति को संबोधित 15 सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। तहसील अध्यक्ष संतोष कुमार दीक्षित के नेतृत्व में कस्बा में ट्रैक्टर मार्च निकाला गया, जिसमें किसानों की समस्या को लेकर उपजिलाधिकारी विकास यादव को 15 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया कि मूल्य वृद्धि पर नियंत्रण, भोजन, दवा, कृषि इनपुट व मशीनरी जैसी आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी हटाने और पेट्रोलियम उत्पाद व रसोई गैसों पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क मां कमी लाने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में मंडल संरक्षक रोहणी, लूसन यादव, रवि प्रकाश, दिलीप द्विवेदी, राजा, सीताशरण, संगीता अनुरागी समेत दर्जनों किसान शामिल रहे।

# आवासीय विद्यालय के लिए 280 विद्यार्थी हुए चयनित

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- अटल आवासीय विद्यालय का परीक्षा परिणाम घोषित

**अमृत विचारः** अटल आवासीय विद्यालय अछरौड़ का प्रवेश परीक्षा परिणाम घोषित कर किया गया। कक्षा-6 में कुल 140 एवं कक्षा-9 में कुल-140 का चयन किया गया है। कक्षा-6 में बालक-69, बालिका-16 कुल 85 एवं कक्षा-9 में बालक-23 बालिका-10 कुल-33 को प्रतीक्षा में रखा गया है। 27 फरवरी को परीक्षा परिणाम मण्डल के आवर्त जनपदों के संबंधित श्रम कार्यालयों, बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालयों जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालयों, जिलाधिकारी कार्यालयों, में चस्पा की जायेगी। काउंसलिंग के लिये अलग से सूचना दी जायेगी।

उप श्रमायुक्त चित्रकूटधाम क्षेत्र एके सिंह ने बताया कि अटल आवासीय विद्यालय अछरौड़ में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिये कक्षा-6 व 9 में प्रवेश के लिए परीक्षा 4 फरवरी को पूर्वाह्न 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक मण्डल के आवर्त जनपदों के परीक्षा केन्द्रों डीएवी इण्टर कॉलेज बांदा, राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज हमीरपुर, राजकीय इण्टर कॉलेज महोबा और राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज कर्वी चित्रकूट में ली गई थी। प्रवेश-परीक्षा में कक्षा-6 के कुल 140 सीटों (70 बालक, 70 बालिका) एवं कक्षा-9 के कुल 140 सीटों (70 बालक, 70 बालिका) के लिए परीक्षा हुई, जिसमें कक्षा-6 के कुल 225 (139 बालक, 86 बालिका) एवं कक्षा-9 के कुल-173 (93 बालक, 80 बालिका) कुल 398 उम्मीदवारों ने प्रतिभाग किया।

उत्तर पुस्तिकाओं की जांच प्रधानाचार्य अटल आवासीय विद्यालय के निर्देशन में किया गया। मानक संचालन प्रकिया के अनुसार कक्षा-6 के कुल 70 (35 बालक, 35 बालिका) एवं कक्षा-9 के कुल 70 (35 बालक 35 बालिका) अनारक्षित श्रेणी, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिये आरक्षित सीट कक्षा-6 के कुल 38 (19 बालक, 19 बालिका) एवं कक्षा-9 कुल 38 (19 बालक, 19 बालिका) के सीटों पर एवं अनुसूचित जाति के लिये आरक्षित सीट-कुल-30 (15 बालक, 15 बालिका) एवं कक्षा-9 के कुल 30 (15 बालक, 15 बालिका) तथा अनुसूचित जनजाति के कक्षा-6 एवं 9 के लिये आरक्षित (2 बालक, 2 बालिका) पर चयन किया जाना है। मानक संचालन प्रकिया के अनुसार पर्याप्त मात्रा में कक्षा-6 एवं 9 में छात्रों को प्रतीक्षारत किये जाने के निर्देश के क्रम में परीक्षार्थियों में से जो चयनित नहीं हुए, उन्हें प्रतीक्षा सूची में रखा गया है।

# महिलाओं को भाजपा सशक्त बना रही है



सम्मानित की गई महिलाएं। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- भाजपा के सभागार में शक्ति वंदन अभियान के तहत एनजीओ सम्मेलन

**अमृत विचारः** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए जिला भाजपा कार्यालय के सभागार में शक्ति वंदन अभियान के अंतर्गत सोमवार को स्वयं सहायता समूह एवं एनजीओ सम्मेलन का आयोजन किया। मुख्य अतिथि नपा चेयरमैन ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार ने पिछले 10 वर्षों से महिलाओं को सुविधा और सुरक्षा के साथ सम्मान देने का काम किया है।

महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष वंदना गुप्ता की अध्यक्षता तथा भाजपा की जिला उपाध्यक्ष जागृति वर्मा के संयोजन में स्वयं सहायता समूह एवं एनजीओ सम्मेलन का शुभारंभ महापुरुषों के चित्र में माल्यार्पण व दीप जलाकर किया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले एनजीओ तथा स्वयं सहायता समूहों को सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि चेयरमैन मालती बासू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की केंद्र सरकार ने पिछले 10 वर्षों में महिलाओं को सुविधा, सुरक्षा और सम्मान देने का काम किया है। महिलाओं की सुविधा के लिए उज्ज्वला योजना अंतर्गत फ्री गैस कनेक्शन, रहने के लिए प्रधानमंत्री आवास, महिला स्वयं सहायता समूह एवं एनजीओ के क्षेत्र में काम करने वाली महिलाओं को विभिन्न योजना में आर्थिक ऋण और सहायता प्राप्त कराकर उन्हें सशक्त बनाने का कार्य किया। अभियान के जिला संयोजक भाजपा के जिला महामंत्री अखिलेश नाथ दीक्षित ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए सम्मेलन में आई महिलाओं का आभार व्यक्त किया। सम्मेलन में उपस्थित भाजपा जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार महिलाओं और बालिकाओं को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक रूप से सशक्त बनाने का कार्य युद्ध स्तर पर कर रही है। इस अवसर पर महिला आयोग सदस्य प्रभा गुप्ता, पूर्व चेयरमैन विनोद जैन, जिला उपाध्यक्ष भाजपा ममता मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य मंजू सिंह, अर्चना शुक्ला, कार्यालय प्रभारी दिलीप तिवारी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# पुलिस ने 3 वारंटी गिरफ्तार किए

**बांदाः** अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना जसपुरा पुलिस ने सोमवार को संतोष पुत्र लक्ष्मीनारायण निवासी रैपुरा गड़रिया थाना जसपुरा को धारा 323/504/506 आईपीसी को न्यायालय द्वितीय अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन तथा रामप्रकाश उर्फ ठेला यादव पुत्र कन्हैया निवासी गड़रिया थाना जसपुरा को धारा 323 आईपीसी के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय द्वितीय अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन और लालूसिंह पुत्र देशराज सिंह निवासी ग्राम गड़रिया थाना जसपुरा को धारा 323/504 आईपीसी के तरह गिरफ्तार कर न्यायालय द्वितीय अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन न्यायालय भेजा गया।

# अखंड हिंदू राष्ट्र परिकल्पना साकार करने निकाली रथ यात्रा

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर में कल रथ यात्रा का होगा समापन
- विश्व हिंदू महासंघ की अगुवाई में रवाना हुई रथ यात्रा
- शहर में यात्रा का जगह-जगह हुआ जोरदार स्वागत

**अमृत विचारः** अखंड हिंदू राष्ट्र परिकल्पना साकार करने के लिए विश्व हिंदू महासंघ (भारत) की ओर से जिला मुख्यालय से श्रृंगेरपुर (प्रयागराज) के लिए गाजे-बाजे के साथ निकली भव्य विशाल रथ यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत हुआ। यात्रा में शामिल लोगों की भी अगुवानी की गई। बुधवार को श्रृंगवेरपुर में यात्रा का समापन होगा।

विश्व हिंदू महासंघ भारत के तत्वाधान में सोमवार को गाजे-बाजे के साथ शहर के संकट मोचन मंदिर से अखंड हिंदू राष्ट्र के समर्थन में भव्य कलश यात्रा का शुभारंभ हुआ। महासंघ प्रदेशाध्यक्ष अमर सिंह गंगवार व भाजपा बुंदेलखंड क्षेत्रीय प्रभारी अजित गुप्ता ने भगवान श्रीराम दरबार की विधिविधान से हवन-पूजन व आरती उतारने के बाद भव्य रथ यात्रा को रवाना किया। यात्रा में महासंघ पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ अन्य हिंदुत्ववादी संगठनों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की। संकट मोचन मंदिर से शुरू हुई रथ यात्रा क्योटरा जेल रोड, पुलिस लाइन तिराहा, महाराणा प्रताप चौक, जिला अस्पताल होते हुए रेलवे स्टेशन, छावनी चौराहा, पदमाकर चौराहा, बलखंडी नाका, महेश्वरी देवी मंदिर होते हुए प्रकाश टॉकीज रोड, चौक बाजार, गूलरनाका, बाबूलाल चौराहा, ओवरब्रिज, कालू कुआं चौराहा, गायत्री नगर चौराहा होते हुए पल्हरी से बिसंडा रोड होकर चित्रकूट की ओर रवाना हुई। इस दौरान तमाम लोगों ने रथ यात्रा पर जगह-जगह पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया। साथ ही यात्रा में शामिल लोगों की भी अगुवानी की। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि देश को अखंड हिंदू राष्ट्र बनाने की परिकल्पना के साथ भव्य रथ यात्रा निकली है।

चित्रकूटधाम और कौशांबी जनपदों से होते हुए बुधवार को यात्रा का समापन प्रयागराज स्थित श्रृंगवेरपुर में होगा। यात्रा में बुंदेलखंड क्षेत्रीय अध्यक्ष नीरज निगम, जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह नीलेश, हरिशरण महराज, राजेश शुक्ला, अमर सिंह, नीशा चौहान, अनीता सिंह चौहान, हरि सिंह चौहान, संतोष श्रीवास्तव, विकास, संतोष ठाकुर, अविनाश श्रीवास्तव, डॉ.चंद्रपाल, योगेंद्र सिंह, अनिल यादव, अनिल सिंह, नीलांशू चौरसिया, सुधीर यादव, पंकज वर्मा, अजीत सिंह चौहान, धीरेंद्र कुमार, अमन साहू, अशीष सोनी समेत तमाम हिंदुत्ववादी संगठन पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।



रथ यात्रा के साथ आए पदाधिकारियों का स्वागत करते स्थानीय कार्यकर्ता।

# प्रधानमंत्री ने आचार्य अभिषेक को स्कॉलरशिप दी


कार्यालय संवाददाता, बांदा

- जनपद के मुंगुस गांव निवासी हैं आचार्य अभिषेक
- प्राचीन राजशास्त्रार्थ शास्त्र में पाया प्रथम स्थान

**अमृत विचारः** मुंगुस ग्राम निवासी आचार्य अभिषेक शुक्ल ने वाराणसी से प्राचीन राजशास्त्रार्थ शास्त्र विभाग में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर बांदा जनपद का नाम रोशन किया। इसके लिए प्रधानमंत्री ने अपने दौरे पर स्कॉलरशिप देकर सम्मानित किया। इस सम्मान से उनके परिवारी जन और क्षेत्रवासी गदगद हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने 23 फरवरी के वाराणसी दौरे पर विश्वनाथ वाराणसी मन्दिर न्यास द्वारा स्वतंत्रता भवन काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओ के विजेताओं के साथ ही संस्कृत के विभागों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों को स्कॉलरशिप देकर सम्मानित किया, जिसमें आचार्य अभिषेक शुक्ल पुत्र आचार्य राजेश शुक्ल ने आचार्य की परीक्षा में विश्वविद्यालय में प्राचीन राजशास्त्रार्थ शास्त्र विभाग में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर बांदा जनपद का नाम रोशन किया है। बता दें, कि आचार्य अभिषेक शुक्ल तिंदवारी क्षेत्र के ग्राम मुंगुस के निवासी हैं और प्रसिद्ध श्रीमद्भागवत कथावाचक होने के साथ ही समय-समय पर अपने एनजीओ सेवक फाउंडेशन के माध्यम से विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम भी आयोजित करते रहते हैं।

इस सम्मान के लिए उनके परिजनों ने उनका मुंह मीठा कराकर स्वागत किया, जबकि क्षेत्रवासियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।



स्कॉलरशिप के साथ आचार्य अभिषेक शुक्ल। अमृत विचार

## सार-संक्षेप



वालीबॉल खेल का प्रदर्शन करते खिलाड़ी। अमृत विचार

### दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

**नरैनी :** मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत दो दिवसीय विकास खण्ड स्तरीय खेलकूद समागम प्रतियोगिता का सोमवार को समापन हो गया। ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता नेहरू युवा केन्द्र में महुआ ब्लाक के ग्राम पंचायत खानपुर अंश कबरेपुर में आयोजित हुआ। आज के मुख्य अतिथि क्षेत्र पंचायत सदस्य आसाराम ने दीप प्रज्ज्वलित कर प्रतियोगिता शुरू कराई। युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में जो प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं, उनमें वालीबॉल, खो–खो, कबड्डी, रस्साकसी शामिल हैं वालीबॉल में कबरेपुर टीम विजेता रही। उप विजेता नौहाई टीम रही। कबड्डी में खानपुर विजेता और उप विजेता कबरेपुर टीम रही। इसी तरह खो –खो में विजेता खानपुर, उप विजेता हुसेनपुर खुर्द रही। सभी युवा खिलाड़ियों को ईनाम व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र पंचायत सदस्य, आसाराम खानपुर ग्राम प्रधान हरिशंकर एवं नेहरू युवा केंद्र के एनवाईवी रामकेश, आरती देवी, रामभवन कुशवाहा समेत ग्राम वासी उपस्थित रहे।

### ओलावृष्टि पीड़ित किसानों को मुआवजा दिलाने की मांग

**बांदा :** भारतीय किसान यूनियन की मासिक बैठक में किसानों की विभिन्न समस्याओं पर मंथन किया गया। बैठक में ओलावृष्टि और बेमौसम बारिश से चौपट हुई फसल पर गहरी चिंता जताई। बैठक के बाद पदाधिकारियों व किसानों ने आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर ओला पीड़ित किसानों को प्रति बीघा 25 हजार रुपये मुआवजा दिलाए जाने की मांग की। भाकियू के मंडल अध्यक्ष बलराम तिवारी के नेतृत्व में आयुक्त कार्यालय परिसर में सोमवार को बैठक में किसान समस्याओं पर चर्चा की गई। ज्ञापन में कहा है कि मंडल के जनपदों में वर्षा और ओलावृष्टि से किसानों के फसलों की बड़े पैमाने पर हुई क्षति का सर्वे कराकर पीड़ित किसानों को 25 हजार रुपये प्रति बीघा मुआवजा दिलाए जाने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि एनएच 76 जो बाईपास बिसंडा से मिलता है तथा अतर्रा रोड बाईपास से करीब 500 मीटर अंदर दो चकरोड हैं, जिसमें डिवाइडर बनाए गए हैं, जिसके चलते किसानों को अपने खेत जाने के लिए खासी परिक्रमा लगानी पड़ रही है। इसलिए चेकरोडों के सामने से कृषक हित में क्रॉसिंग बनवाई जाए, ताकि किसान अपने खेतों तक आसानी से पहुंच सके।

**कार्यालय गिरवाँ सहकारी संघ लि० गिरवाँ**

**नीलामी सूचना**

संयुक्त आयुक्त एवं संयुक्त निबन्धक सहकारिता चित्रकूट धाम मण्डल बाँदा के पत्रांक 532 दिनांक 22.02.2024 के क्रम में गिरवाँ सहकारी संघ के जीर्ण शीर्ण भवन के ध्वस्तीकरण कराने एवं उसके मलबे की नीलामी कराने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। नीलामी प्रक्रिया गठित कमेटी द्वारा दिनांक 01.03.2024 को सम्पन्न की जायेगी।

सुशील कुमार
सदस्य संयोजक
नीलामी कमेटी/सचिव गिरवाँ सहकारी संघ

**अपराध** कनवारा, महेश्वरी देवी मंदिर और सराय में हुई चोरी, मंदिर से जुड़े भक्तों ने चोर को पकड़ा, कुछ मूर्तियां बरामद

# एक रात में तीन चोरी : मंदिर से मूर्तियां, दुकानों से सामान उड़ाया

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचारः** शहर में हो रही चोरी की ताबड़तोड़ घटनाओं से लोग परेशान हैं। आए दिन चोर किसी न किसी के मकान या दुकान को अपना निशाना बना रहे हैं। पुलिस की सुस्ती से बेखौफ चोर चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। रविवार की रात चोर महेश्वरी देवी मंदिर से मूर्ति और कनवारा से साउंड का सामान और भाजपा नेता के गोदाम से नकदी समेत चांदी की मूर्ति चुराकर फरार हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की।

महेश्वरी देवी मंदिर में बीते दिनों से निर्माण कार्य चल रहा है। रविवार को विध्यवासिनी मंदिर में कोई भक्त लक्ष्मी-गणेश और विष्णु की मूर्ति रख गया था। रात को मंदिर में घुसा चोर मूर्तियां, दान पात्र, पीतल का लोटा समेत अन्य सामग्री बोरी में भरकर वहां से ले गया। सुबह मंदिर के प्रबंधक विष्णु कुमार दीक्षित मौके पर पहुंचे। उन्होंने मंदिर से जुड़े अन्य लोगों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे लोगों ने शंका के आधार पर आशीष को दबोच लिया। पूछताछ में पता चला कि दान पात्र समेत अन्य सामान बोरी में भरा चैनल के पास रखा है। लक्ष्मी जी की मूर्ति को बरामद भी कर लिया। गणेश और विष्णु की मूर्ति का अभी तक कुछ पता नहीं है। दबोचे गए चोर को पुलिस के हवाले कर दिया गया। मंदिर के प्रबंधक ने पुलिस को तहरीर दी है। उधर, कनवारा गांव निवासी संतोष पुत्र श्रीधर शुक्ला लाइट साउंड का काम करता है। नजदीक स्थित भाजपा कार्यालय के पास द्वारिकापुरी में भागवत कथा होनी थी। साउंड का सामान प्रेम किशोर के घर पर रखा था। रविवार की रात घर में घुसे चोर साउंड, स्टेबलाइजर समेत मशीन चोरी कर ले गए।

संतोष का कहना है कि चोरों ने उसका करीब चार लाख का सामान पार कर दिया है। इसी तरह शहर के बन्यौटा मोहल्ला निवासी भाजपा के जिला उपाध्यक्ष मनोज पुरवार का सब्जी मंडी स्थित सराय में गोदाम है। रविवार की रात गोदाम का दरवाजा मोड़कर चोर अंदर घुस गए। तिजोरी का दरवाजा तोड़ा और उसमें रखे 1 लाख 70 हजार रुपये नकदी समेत चांदी की मूर्ति चोरी कर ले गए। इतना ही नहीं चोरों ने कांच का दरवाजा भी तोड़ दिया। लेकिन जगह कम होने की वजह से चोर सामान नहीं ले जा सके। घटना की तहरीर पुलिस को दी गई।



घटनास्थल पर लोगों से पूछतांछ करते इंचार्ज। अमृत विचार

# सूने घर में युवती ने फांसी लगाई

**बांदा :** सूने घर में युवती ने आगन में लगे पेड़ पर रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बिसंडा थाना क्षेत्र के बेलगांव निवासी हीरामनी (38) पत्नी रामप्रसाद ने रविवार की दोपहर सूने घर में आंगन में लगे पेड़ पर रस्सी से फांसी लगा कर खुदकुशी कर लिया। दोपहर बाद घर पहुंचे पति ने देखा तो दरवाजे बंद थे। उसने आवाज लगाई, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। किसी तरह पति दरवाजा खोलकर कमरे के अंदर पहुचा देखा तो हीरामनी का शव पेड़ पर फंदे से लटक रहा था। मृतका के पति ने बताया कि उसके नाम कॉलोनी आई थी। वह अपने बच्चों के साथ कॉलोनी बालू छानने चला गया था।







रेलवे स्टेशन पुनर्विकास का शिलान्यास करते सांसद, स्वागत गीत पेश करती छात्राएं, रेलवे स्टेशन सूपा में लाइव प्रसारण देखते लोग। अमृत विचार

# महोबा रेलवे स्टेशन का होगा कायाकल्प

## झांसी- मानिकपुर रेल रूट पर बनेंगे तीन अंडरपास

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया वर्चुअल शिलान्यास

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को रेलवे स्टेशन महोबा के सुंदरीकरण कार्य का वर्चुअल शिलान्यास किया। इसके साथ ही उन्होंने रेलवे स्टेशन बेलाताल के समीप क्रासिंग अंडरपास और रेलवे स्टेशन कुलपहाड़ के समीप कमालपुरा के गेट नं0 419, रेलवे स्टेशन सूपा के पास अंडरपास का वर्चुअल शिलान्यास किया। रेलवे स्टेशनों पर भाजपा के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर वर्चुअल शिलान्यास का लाइव प्रसारण देखा। इस मौके पर रेलवे के अधिकारी भी मौजूद रहे।

अमृत भारत रेलवे स्टेशन स्कीम के तहत सोमवार को मानिकपुर- झांसी रेल लाइन पर जिला मुख्यालय के रेलवे स्टेशन के किए गए सुंदरीकरण के वर्चुअल शिलान्यास के मौके पर हमीरपुर-महोबा संसदीय क्षेत्र के सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल के अलावा तमाम भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता पहुंचे, जहां पर प्रधानमंत्री के भाषण को लाइव सुना। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं द्वारा स्वागत गीत की बेहरीन प्रस्तुति भी दी गई।

इस मौके पर उत्तर मध्य रेल झांसी के अधिकारियों ने भी शिरकत की। उधर सूपा रेलवे स्टेशन के समीप अंडरपास का भी शिलान्यास किया। इस मौके पर रेलवे स्टेशन के पास पंडाल लगाया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला मीडिया संपर्क प्रमुख वियोगी शास्वत, सुमित तिवारी, विपिन भदौरिया, हिमांशु परमार, सौरभ मिश्रा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

कुलपहाड़ प्रतिनिधि के अनुसार झांसी मानिकपुर रेल खंड के कुलपहाड़ रेलवे स्टेशन के मध्य कमालपुरा गांव के पास गेट नं0 419 पर रेलवे विभाग द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां पर 550 करोड़ रुपये की लागत से अंडरपास का शिलान्यास प्रधानमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से किया। कार्यक्रम में शिरकत करने आए उरई रेलवे विभाग के अधिकारी विशाल सिंह ने बताया कि प्रत्येक स्थान पर जहां शिलान्यास हुआ है वहां जल्द काम शुरू हो जाएगा। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह, चेयरमैन वैभव अरजरिया, ब्लाक प्रमुख जैतपुर संदीप राजपूत, महामंत्री दिनेश गोस्वामी, दुर्गेश सोनी, ओमप्रकाश राजपूत सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



बेलाताल में अंडर पास के शिलान्यास के बाद खड़े भाजपा नेता। अमृत विचार

● रेलवे स्टेशन सूपा, कुलपहाड़ और बेलाताल के पास बनेंगे

| परियोजना | लागत | क्रासिंग |
|---|---|---|
| अंडरपास | 5.50 | बेलाताल |
| अंडरपास | 5.60 | सूपा |
| अंडरपास | 5.50 | पचपरा |
| अंडरपास | 5.40 | बारीपुरा |
| नोट : लागत करोड़ रुपये में है | | |

### नहीं करना पड़ेगा इंतजार

**जैतपुर।** अमृत भारत रेलवे स्टेशन योजना के तहत बिहार रोड पर रेलवे स्टेशन के पास अंडरपास का शिलान्यास ब्लाक प्रमुख पनवाड़ी अंजना श्रीप्रकाश अनुरागी ने किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी वर्चुअल माध्यम से अंडरपास का शिलान्यास किया। ब्लाक प्रमुख पनवाड़ी ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह एक अनूठा कदम है। आजादी के 75 वर्ष के इतिहास में इतना बड़ा कार्यक्रम कभी नहीं हुआ। इस कार्यक्रम में 554 रेलवे स्टेशन का पुर्ननिर्माण, 1500 ओवर ब्रिज का एक साथ शिलान्यास वर्चुअल माध्यम से किया गया है। अंडरब्रिज और ओवरब्रिज निर्माण हो जाने के कारण लोगों को बड़ी राहत मिलेगी और फाटक खुलने के इंतजार में लोगों को घंटों खड़ा नहीं रहना पड़ेगा। र पंकज तिवारी, बाबूलाल, रामस्वरूप श्रीवास रहे।

# चरखारी शिक्षक इलेवन ने किया ट्रॉफी पर कब्जा

संवाददाता कुलपहाड़ महोबा

**अमृत विचार।** एसके महाविद्यालय ग्राउंड में चल रहे दो दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच चरखारी शिक्षक इलेवन और जैतपुर शिक्षक इलेवन के मध्य खेला गया। जैतपुर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चरखारी शिक्षक की टीम को 92 रनों का लक्ष्य दिया, जिसे चरखारी टीम ने एक एक विकेट से फाइनल की ट्राफी पर कब्जा कर लिया। फाइनल मुकाबला देखने के लिए क्रिकेट प्रेमियों की भारी भीड़ जुटी।

सरकारी कर्मचारियों के क्रिकेट टूर्नामेंट में सेमीफाइनल मैच में शिक्षक इलेवन जैतपुर ने शिक्षक इलेवन कबरई को 65 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। जबकि दूसरे सेमीफाइनल मैच में शिक्षक इलेवन चरखारी ने बैंकर्स इलेवन को 22 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दोनों सेमीफाइन जीतने वाली टीमों के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन कर फाइनल में जगह बनाई।

सोमवार को फाइनल मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए शिक्षक इलेवन जैतपुर की टीम 92 रन बनाकर ऑल आउट हो गई, जिसमें हरिश्चंद्र ने 19 और रमेश कुमार ने 15 रन बनाये।

चरखारी की तरफ से राजपाल ने तीन व रमेश और नवल ने दो-दो विकेट प्राप्त किए। 92 रनों का पीछा करने उतरी चरखारी शिक्षक इलेवन की टीम ने 9 विकेट पर 93 रन बनाकर रोमांचक फाइनल मैच जीत लिया, जिसमें भरत ने सबसे ज्यादा 40 रन बनाए। कार्यक्रम के आयोजक डा. सनत राजपूत की ओर से विजेता व उपविजेता टीम को शील्ड व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन प्रत्येक वर्ष कराए जाएंगे।



ट्राफी दिखाते खिलाड़ी। अमृत विचार

# विधायक निधि से होगा मोक्षधाम का निर्माण

संवाददाता जैतपुर, महोबा

● लम्बे समय से मोक्षधाम निर्माण के लिए कस्बे वासियों द्वारा की जा रही थी मांग

**अमृत विचार।** कस्बा जैतपुर में मोक्षधाम के निर्माण की राह खुल गई है। इसके निर्माण को लेकर समाजसेवी सहित कई लोग बार-बार ज्ञापन दे रहे थे। अब मोक्षधाम निर्माण की स्वीकृति मिल गई है। सबसे पहले मोक्षधाम का निर्माण मोहल्ला नयापुरा वार्ड में कराया जाएगा। इसके लिए धनराशि भी स्वीकृत हो गई है। मोक्षधाम की भूमि का चयन पूर्व में ही कर लिया गया था, अब कार्यदायी संस्था जल्द से जल्द निर्माण कार्य कराने के लिए जुट गई है।

विधान परषिद सदस्य ने अपनी निधि से बेलाताल कस्बे में दो मोक्षधामों का निर्माण कराए जाने के लिए का आश्वास दिया था। अब अधिकारियों ने सारी खानापूर्ति करने के बाद एमएलसी निधि भी मोक्षधाम निर्माण के लिए स्वीकृत कर दी है। इसके चलते निर्माण कार्य कराने की कार्यदायी संस्था ने कबायद तेज कर दी है। नगर के आदर्श रामलीला संस्कृत मंच व्यापारियों एवं आम जन मानस ने विधान परिषद की इस जरूरी मांग को पूरी किए जाने पर खुशी जताते हुए एमएलसी को धन्यवाद दिया है।

बेलाताल कस्बे में दो मोक्षधाम कराए जाने की मांग लंबे समय से चल रही थी। कस्बे के भ्रूदेव रैकवार, धर्मेंद्र रैकवार, मोहन, बाबूलाल साहू, कद्दर दाऊ सहित कई लोगों ने नयापुरा वार्ड में मोक्ष धाम को लेकर विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह सेंगर से विधायक निधि दिए जाने की मांग की थी। इतना ही नहीं इससे पूर्व भी कई बार चरखारी विधायक से भी मोक्षधाम निर्माण की मांग की जा चुकी है। अब एमएलसी द्वारा निधि दिए जाने से मोक्षधाम का निर्माण जल्द होने के आसार बढ़ गए हैं।

# वीडीओ ने चौपाल लगाकर सुनीं लोगों की समस्याएं

**महोबा।** ग्राम पंचायत महोबकंठ में ग्राम विकास अधिकारी की अध्यक्षता में चौपाल का आयोजन किया गया। ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर जल्द से जल्द निस्तारित किए जाने का भरोसा दिया गया।

चौपाल में सबसे ज्यादा शिकायतें विधवा पेंशन और पीएम आवास दिलाए जाने की आई। इस पर ग्राम विकास अधिकारी हरवंश कुमार अनुरागी ने ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अनूप कुमार पटेल को सरकार की योजना के वंचित ग्रामीणों के प्रपत्र लेकर योजना से लाभांवित किए जाने के निर्देश दिए। चौपाल में ग्रामीणों द्वारा गांव के कच्चे रास्तों में खड़ंजा लगवाए जाने की भी मांग की गई, वहीं नालियों में कूड़ा एकत्र हो जाने से गांव से मार्ग पर कीचड़ और कूड़े की सफाई कराए जाने की मांग उठी। इस मौके पर जयपाल सेन, भारत रावत, रानू, रामकुमार, हिरदेश, अलखराम सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

# आधुनिक खेती ने बदल दी किसानों की तकदीर

कार्यालय संवाददाता, महोबा

● अब मेहनत में अधिक मुनाफा कमा रहे हैं किसान

● अधुनिक तरीके से खेती करने वाले किसान पैदा कर रहे दो गुना उपज

**अमृत विचार।** अब किसानों ने आधुनिक खेती करनी शुरू कर दी है, इससे जहां किसानों की फसल दो गुना हो गई, वहीं अब उन्हें हाथ से मशीन का हैंडल नहीं चलाना पड़ता है, बल्कि इलेक्ट्रिक बटन दबाते ही खेतों में पड़ी पाइप लाइन के जरिए जरूरत कि मुताबिक पानी पहुंचता है। इससे पानी की बचत भी होती है साथ ही खेतों में पांच पांच सौ मीटर लम्बे नालीनुमा बनाने वाला बरा (सिंचाई के लिए चौड़ी नाली) से भी राहत मिल गई है। बरा बनाने से कई बीघा जमीन बर्बाद हो जाती है, लेकिन अब किसान आधुनिक तकनीक से खेती करके अच्छा मुनाफा कमा रहे हैं। आधुनिक खेती ने किसानों की तकदीर बदल दी है।

किसानों ने धारणा बना ली है कि खेती में फायदा नहीं होता है। अब खेती किसानी भी फायदा का सौदा साबित हो रही। जरूरत है आधुनिक तरीके से खेती करने की। आधुनिक खेती से मेहनत कम और फायदा अधिक होता है, इसके लिए किसान को खेती किसानी वाले ही वस्त्र घारण करके घर द्वार छोड़कर खेत में रहना होगा और स्वयं खेती की देखभाल करने के साथ साथ समय- समय पर जरूरत के हिसाब से खेतों में सिंचाई करनी पड़ेगी। इससे किसान पहले की अपेक्षा अब दो गुना फसल की पैदावार करेगा। कम खेती ने अधिक मुनाफा मिलने पर किसान का खेतों से और अधिक जुड़ाव बढ़ेगा साथ ही वह धीरे धीरे कृषि कार्य में जुट जाएगा। कुछ किसानों ने प्रगतिशील किसान की प्रेरणा से आधुनिक खेती की शुरूआत करके पहले की अपेक्षा दो गुना फसल की पैदा कर रहे हैं।

प्रगतिशील किसान चिंताहरन राजपूत ने असंभव को संभव कर दिखाया है। उनका कहना है कि कोई काम असंभव नहीं होता है। इंसान में सिर्फ कर गुजरने की क्षमता होना चाहिए। वह कहते हैं कि एक दशक पहले वह भी दूसरे किसानों की तरह पुराने ढर्रे पर खेती करके सिर्फ दाल रोटी का इंतजाम कर पाते थे। न तो बच्चों की बाहर पढ़ाई करा पाते थे और न ही घर में एश ओ आराम की जिंदगी गुजारते थे। स्थिति यह है कि बमुश्किल साल भर तक खाने पीने के लिए गेहूं और दाल का इंतजाम हो जाता था, इसी खाद्यान्न की बिक्री से परिवार के लोगों की साधारण शादी हो जाती थी। इसके बाद घर में कुछ नहीं बचता था। कभी- कभी तो खाद बीज के लिए पैसा उधार लेना पड़ता था। अब आधुनिक खेती ने तो तस्वीर ही बदल दी है। आधुनिक खेती के जरिए खेतों में पाइप लाइन डालकर बिजली से कनेक्शन जोड़ दिया गया और मेन पाइप में कम और ज्यादा पानी छोड़ने का सिस्टम भी लगा दिया गया, इससे खेत में सिंचाई के समय पानी जरूरत के हिसाब से ही छोड़ा जाता है, इससे पानी बर्बाद नहीं होता है और कम खर्च आता है। पंपिंग सेट मशीन के जरिए जमीन बर्बाद होने के साथ साथ पानी भी इधर उधर बहकर बर्बाद होता है। अब खेत की फसल के अंदर न तो पानी लगने के लिए बरा बनाना पड़ता और न खेत के अंदर जाना पड़ता है, इससे फसल भी पैरों के नीचे आकर बर्बाद नहीं होती है। प्रगतिशील किसान का कहना है कि एक हेक्टेयर में 18 क्विंटल फसल की पैदावार होती थी, अब आधुनिक खेती के जरिए 1 हेक्टेयर में 32 क्विंटल पैदावार हो रही है।



खेत में सिंचाई के लिए बिछी पाइप लाइन। अमृत विचार

### गेहूं, मटर की खेती के साथ बागवानी को बनाया व्यवसाय

**महोबा।** गेहूं, चना, मटर और दलहन फसल की अपेक्षा बागवानी अधिक फायदेमंद है। किसान चिंतारन राजपूत का कहना है कि नीबू, आंवला, कटहल, आम, अमरूद की खेती से चार गुना अधिक फायदा है, लेकिन हमारे किसान आज भी पुरानी परम्परा के अनुसार ही मटर, गेहूं, चने की फसल तक ही सीमित रह गए हैं। जिन किसानों ने वक्त के साथ फसल को भी बदल दिया वह आज मजा कर रहे हैं और पीढ़ी दर पीढ़ी पुरानी परम्परा के अनुसार खेती करते चले आ रहे किसान आज भी परेशान हैं और वह साल भर के लिए ठीक से रोजी रोटी का इंतजाम नहीं कर पाते हैं। उन्हें भी बदले जमाने के साथ अपने को भी बदलने की जरूरत है।

# विभिन्न क्षेत्रों में आत्मनिर्भर हो रहीं महिलाएं

● 150 महिलाओं को दिया गया वेदनिधि फाउंडेशन की ओर से प्रशिक्षण

**महोबा।** त्रैमासिक कौशल विकास कार्यक्रम का समापन महिलाओं को प्रशिक्षण प्रमाणपत्र देकर किया गया। वेदनिधि फाउंडेशन द्वारा महिलाओं को रोजगार से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके तहत महोबा जिले में पांच ट्रेडों से संबन्धित कौशल विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस मौके पर राजकीय उच्चतर महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रेमचंद अनुरागी ने कहा कि महिलाओं, छात्राओं को रोजगार से जोड़ने के लिए यह कार्यक्रम सफल माध्यम है, जिससे महिलाओं प्रशिक्षण लेकर अपना रोजगार शुरूकर कामयाबी की बुलंदियों को छू सकती है। संस्था के सचिव रामचंद्र पाठक ने बताया कि जिले में आयोजित कार्यक्रम में करीब 150 महिलाओं ने प्रशिक्षण पूर्ण करके स्वयं के रोजगार से जुड़ सकती हैं। बताया कि संस्था एआई, कम्प्यूटर अकाउंटिग से संबन्धित प्रशिक्षण शुरू करने जा रहा है।

इस मौके पर फाउंडेशन की अध्यक्ष जागृति गुप्ता, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शकुंतला गुप्ता, सुमन गुप्ता, बिन्दु देवी, प्रशांत गुप्ता, कालका प्रसाद, महेंद्र चपर सहित तमाम महिलाएं, छात्राएं मौजूद रहीं।

# शादी समारोह को देखते हुए किया गया जागरूक

**महोबा।** महानिदेशकअग्निशमन एवं आपात सेवा मुख्यालय उत्तर प्रदेश लखनऊ के आदेश पर जिले में फायर सर्विस यूनिट द्वारा थाना कबरई क्षेत्र में शादी समारोह स्थल, धार्मिक सांस्कृतिक स्थानों पर जन जागरूकता अभियान चलाया गया। लोगों को आग की भयावता और उससे बचने के उपायों को बताया गया। संचालकों को अग्निसुरक्षा व्यवस्थायें सदैव कार्यशील रखे जाने के लिए निर्देशित किया गया। लोगों को प्रतिष्ठानों में अग्निशमन यंत्र रखने की भी सलाह देते दी गई इतना ही नहीं अग्निशमन विभाग के अधिकारियों द्वारा दुकानदारों को अग्निशमन यंत्र चलाने का समय-समय पर प्रशिक्षण भी दिया गया।

# पनवाड़ी के दुकानदारों से सीसीटीवी कैमरे लगाने की अपील



कस्बे में गस्त करती पुलिस।

**पनवाडी, महोबा।** थाना क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार मिश्रा ने भारी पुलिस बल के साथ कस्बे का पैदल ग्रस्त कर आम जनमानस व व्यापारियों से संवाद कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया है। साथ ही क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है।

जिले में शांति व्यवस्था कायम रहे इसके लिए पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम के निकट पर्यवेक्षण में सोमवार को जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था के दृष्टिगत थाना प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार मिश्रा ने अपराध निरीक्षक यशवंत एसआई रमेश यादव कां0 अंकित सिंह ,प्रमोद पवन ,विवेक कुमार, आदि ने पैदल ग्रस्त के दौरान मिश्रित आबादी व महत्वपूर्ण स्थलों पर भारी पुलिस बल के साथ दंगा निरोधक उपकरणों से सुसज्जित होकर कस्बे का पैदल ग्रस्त किया तथा आम जन और व्यापारियों से संवाद कर स्थानीय लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया कि पनवाड़ी पुलिस ने शांति सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए संकल्पित है।



चोरी के बाद घर पर बिखरा पड़ा सामान। अमृत विचार

# घर से लाखों रुपये की संपत्ति चोरी, पीड़ित ने दी तहरीर

कार्यालय संवाददाता महोबा

● पड़ोसी की छत से गृहस्वामी की छत से नीचे आए थे चोर

**अमृत विचार।** थाना अजनर के ग्राम सुगिना गांव में चोरों ने एक घर में घुसकर लाखों रुपये की संपत्ति चोरी कर ली और फरार हो गए। सुबह जागने पर परिजनों ने बक्से और अलमारी के ताले टूटे देखे तो उनके होश उड़ गए। शोरगुल सुनकर पड़ोस के लोग भी आ गए। पीड़ित गृह स्वामी धीरेंद्र ने थाना अजनर पुलिस को घटना की तहरीर दे दी है। पुलिस घटना की जांच पड़ताल करने में जुट गई है।

ग्राम सगुनियामाफ निवासी धीरेंद्र परिवार के साथ कमरे में सो रहा था, जबकि दूसरे कमरे में बक्से और अलमारी रखी हुई थी, तभी चोर ने पड़ोसी की छत से ग्रामीण की छत पर आए और सीढ़ियां से नीचे उतरकर कमरे में रखे बक्से और अलमारी के ताले तोड़कर उसमे रखे सोने की झुमकी, मंगलसूत्र, सोने की चार अंगूठी और चूड़ी व चांदी के जेवरात और 31 हजार रुपये नकदी चोरी करके फरार हो गए। इससे गृहस्वामी को भारी नुकसान हुआ है। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने घटना स्थल का मुआयना कर जल्द से जल्द घटना का खुलासा किए जाने का आश्वासन दिया।

थानाध्यक्ष अजनर प्रवीण कुमार का कहना है कि मामला पुरानी रंजिश को लेकर है, पूर्व में धीरेंद्र का पड़ोसियों से विवाद हुआ था। पीड़ित द्वारा पड़ोसियों पर राजी नामा किए जाने का दवाब बनाया जा रहा था, लेकिन पड़ोसियों द्वारा राजीनामा न करने के कारण उनके खिलाफ तहरीर में नाम दिए गए हैं, इसकी जांच की जा रही है, जांच में दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। उपनिरीक्षक द्वारा घटना की जांच की जा रही है।

लापरवाही

बस स्टैंड तो स्थापित कर दी गई, लेकिन नहीं किया पानी का कोई इंतजाम

# गर्मी के साथ प्राइवेट बस स्टैंड पर बढ़ी पानी की समस्या

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** शहर की नए प्राइवेट बस स्टैंड में पानी की कोई व्यवस्था न होने से यात्रियों और वाहन चालकों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है, बावजूद इसके अधिकारियों द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। गर्मी की दस्तक शुरू होते ही पानी को लेकर समस्या बढ़ने लगी है। नगर पालिका द्वारा बस स्टैंड के पास रखाई गई पानी की टंकी शोपीस बनकर रह गई है। टंकी में पानी भरने का कोई सिस्टम न होने से नीचे लगाई गई टोटियों में पानी नहीं आ रहा है। इससे लोगों को दिक्कत उठानी पड़ रही है।

दो साल पहले पुरानी बस स्टैंड समाप्त कर छतरपुर रोड पर कम्युनिटी हाल के पास नई बस स्टैंड तत्कालीन जिलाधिकारी महोबा ने स्थापित करा दी थी, जहां पर यात्रियों और आने जाने वाले लोगों के खानपान की व्यवस्था व आवश्यक सामग्री विक्रय करने के लिए दुकानें भी तैयार करा दी थी। इतना ही नहीं नगर पालिका ने बस स्टैंड के एक कोने में छोटी सी छत डालकर उसके ऊपर पानी की टंकी रखवा दी।

कनेक्शन कराकर नल की टोटियां लगवा दी थी, लेकिन आज तक टंकी में पानी भरने की समुचित व्यवस्था नहीं कराई गई, जिससे बस स्टैंड की टंकी पर पानी न भर पाने से नलों में पानी नहीं आता है, इससे बस स्टैंड में आने जाने वाले यात्रियों, टेंपो, रिक्शा लेकर आने जाने वालों के अलावा अन्य लोगों को पानी की समस्या से जूझना पड़ता है।

बस स्टैंड में मात्र एक हैंडपंप होने के कारण उसका भी पानी ठीक नहीं है और हैंडपंप भी आए दिन खराब हो जाता है। इससे यात्रियों को पानी के लिए इधर उधर भटकना पड़ता है। कुछ यात्री पानी की तलाश में काफी दूर लगे हैंडपंप तक चले जाते हैं, जिससे आएदिन यात्रियों की बसे छूट जाती हैं। इससे यात्री मजबूरीवश पानी के लिए दूर के हैंडपंपों में जाते हैं। पालिका द्वारा लगाई गई पानी की टंकी बेमतलब साबित हो रही है।




प्राइवेट बस स्टैंड में शोपी बनी पानी की टंकी।

### गर्मी में खूब बिकती हैं पानी की बोतलें

शहर में नई बस स्टैंड स्थापित कर दी गई, लेकिन यात्रियों के लिए धूप और बारिश से बचाव के लिए कोई इंतजाम नहीं हैं। दूसरी तरफ पानी की बड़ी समस्या बनी हुई है, बावजूद इसके कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इससे सम्पन्न परिवार के लोग तो दुकानों से पानी की बोतल खरीद लेते हैं, जबकि गरीब और मध्यम वर्ग के लोग पानी खरीदने के बजाए हैंडपंप तलाशते रहते हैं, जिससे उन्हें दिक्कत का सामना करना पड़ता है। पानी की व्यवस्था न होने से यहां पानी बेचने वाले दुकानदारों की जमकर बिक्री होती है। अब गर्मी की दस्तक के साथ ही पानी विक्रेताओं की बल्ले- बल्ले हो जाएगी।



## एक नजर

### आटो पलटने से चालक गंभीर

**मौदहा (हमीरपुर)।** सिसोलर से मौदहा आ रहे आटो के सामने अचानक कुत्ता आ जाने के कारण आटो असंतुलित होकर पलट गया। जिससे चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहत की बात यह रही कि आटो में सवारियां नहीं थीं अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। सिसोलर कस्बे निवासी सुरेंद्र (20) पुत्र जगदेव सिसोलर से ऑटो लेकर मौदहा आ रहा था, तभी अचानक सामने कुत्ता आ जाने से आटो असंतुलित होकर पलट गया। जिससे चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां से युवक को गंभीर चोटें होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। फिलहाल युवक को गंभीर चोटें बताई जा रही हैं।

### जिला स्तरीय नवप्रवर्तन प्रदर्शनी का आयोजन 28 फरवरी को

**हमीरपुर।** जिला विज्ञान क्लब के तत्वावधान में नवप्रवर्तन जन जागरुकता के अंतर्गत असंगठित क्षेत्र के नव प्रवर्तकों के लिए राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय नवप्रवर्तन प्रदर्शनी का आयोजन 28 फरवरी को राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय सभागार में किया जाना है। जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार क्रमशः 8000, 5000 व 3000 रुपये तथा 2000 रुपये के पांच सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। साथ ही समस्त प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी जिला विज्ञान क्लब के समन्वयक डॉ.जीके द्विवेदी ने दी।

### जाल समेत नीचे गिरा युवक गंभीर

**कुरारा (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के बरुआ गांव में छत में सामान हटा रहे भाजपा के मंडल मंत्री जाल समेत नीचे आ गिरे। जिससे गंभीर रूप से घायल होने पर परिजन उपचार के लिए स्थानीय सीएचसी ले गए। जहां प्राथमिक उपचार चल रहा है। बरुआ गांव निवासी सूरज श्रीवास्तव (30) पुत्र अशोक के भाई की शादी हुई है। बारात वापस आने के बाद छत पर रखा सामान सूरज हटा रहा था। तभी जाल सहित युवक छत से नीचे गिरने से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे परिजन आनन फानन स्थानीय सीएचसी उपचार के लिए ले गए जहां उसका प्राथमिक उपचार जारी है।

### तमंचे फोटो , गिरफ्तार

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** एक सप्ताह पूर्व सोशल मीडिया में धमकी भरा मैसेज डालकर अवैध असलहा संग फोटो वायरल करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवक की निशानदेही पर अवैध तमंचा भी बरामद किया है। एक सप्ताह पूर्व कस्बे के चांद थोक निवासी हिमांशु पुत्र वेदप्रकाश ने सोशल मीडिया में धमकी भरा मैसेज डालकर अवैध असलहा के साथ फोटो अपलोड किया था। इसको पुलिस ने संज्ञान में लेकर तलाश शुरू की थी। सोमवार को पुलिस ने रेलवे कालोनी के समीप से उसको अवैध तमंचा एवं कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

### गाली गलौज कर मारा-पीटा

**कुरारा (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के जखेला गांव में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। पीड़ित पक्ष ने तीन लोगों के खिलाफ अकारण गाली गलौज मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना क्षेत्र के जखेला गांव निवासी छोटू सिंह पुत्र उदयभान सिंह ने थाने में दी तहरीर में बताया कि रविवार की शाम 5 बजे गांव से अपने घर आ रहा था तभी रास्ते में गांव के छोटे पुत्र रघुनाथ, फक्कड़ कोरी पुत्र रामाधार, बउवा लोहार उसे देखकर अकारण गाली गलौज करने लगे। वहीं विरोध करने पर एक राय होकर उसके साथ मारपीट की।

# अंडा लेने गई किशोरी के साथ युवक ने दुष्कर्म

## परिवार को बंधक बनाया, रिपोर्ट दर्ज न कराने की धमकी दी

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

- पुलिस ने तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज किया और आरोपी को दबोचा



**अमृत विचार।** कस्बे के एक मोहल्ले में एक दुकान से अंडा लेने गई एक किशोरी को युवक ने दबोच लिया और उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। किशोरी जब घर लौटी तो उसने परिजनों को घटना की जानकारी दी। जब पीड़ित परिवार उलाहना देने गया तो आरोपी ने इन्हें भी बंधक बनाकर डराया और धमकाया। रिपोर्ट दर्ज न कराने का दबाव बनाया। 24 घंटे बाद मां की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। घटना से गांव के लोगों में आक्रोश है।

कस्बे के एक मोहल्ला निवासी महिला ने बताया कि उसकी 14 वर्षीय पुत्री शनिवार की रात करीब आठ बजे अंडा लेने के लिए पास में ही परचून की दुकान पर गई थी। तभी मोहल्ले में रहने वाला खरका निवासी सलमान ने उसे दबोच लिया और हाथ पकड़कर घसीटते हुए अपने घर के कमरे में ले गया। जहां उसने उसे डराया- धमकाया और उसके साथ दुष्कर्म किया। युवक से छूटने के बाद बच्ची किसी तरह अपने घर पहुंची और मां को आपबीती बताई। जिस पर उलाहना देने के लिए आरोपी युवक के यहां पहुंच गई। जहां आरोपी ने उन्हें बंधक बना लिया और रिपोर्ट दर्ज कराने पर देख लेने की धमकी दी। 24 घंटे बाद रविवार की रात मां ने आरोपी सलमान के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद रिपोर्ट दर्ज किया और छापेमारी कर आरोपी सलमान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पीड़िता को मेडिकल कराया।

> आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पीड़ित बच्ची का चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया है और उसके बयान दर्ज किए गए हैं।
>
> – राकेश कुमार, थानाध्यक्ष

# पीएम कुसुमः अनुदान पर मिलेंगे सोलर पंप

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए किसानों से मांगे गए आवेदन
- चालू वित्तीय वर्ष में 330 किसानों ने सोलर लगाने को कराई बुकिंग

**अमृत विचार।** जिले में किसानों को वित्तीय वर्ष 2024-25 अनुदान पर सोलर पंप वितरित किए जाएंगे। इसके लिए कृषि विभाग ने कवायद शुरू कर दी है। किसान विभाग की वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। चालू वित्तीय वर्ष में 590 निजी नलकूपों में कृषि विभाग ने अनुदान पर सोलर पंप लगवाए जाने के लिए आवेदन मांगे थे। इनमें 330 किसानों ने ही योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन जमा किए हैं। इनमें से 242 किसानों ने धन जमा किया है।

शासन ने अगले वित्तीय वर्ष 2024-25 में सोलर पंप के लिए पहले आओ पहले पाओ के सिद्धांत पर विभागीय लिंक पर क्लिक कर ऑनलाइन बुकिंग कर सकते हैं। ऑनलाइन टोकन जनरेट करने के उपरांत टोकन मनी के रूप में उन्हें पांच हजार रुपये ऑनलाइन जमा करने होंगे। चालान के माध्यम से अवशेष कृषक अंश की धनराशि 14 दिन के अंदर इंडियन बैंक की किसी भी शाखा में जमा करनी होगी। सत्र 2024-25 में आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष 110 प्रतिशत सीमा तक ऑनलाइन बुकिंग 27 फरवरी को दोपहर 12 बजे से लक्ष्य समाप्त होने तक विभागीय बेवसाइट www.upagriculture.com पर अनुदान पर सोलर पंप के लिए बुकिंग की जाएगी। तीन एचपी एवं पांच एचपी के लिए छह इंच तथा 7.5 एवं 10 एचपी के लिए आठ इंच की क्रियाशील बोरिंग होना अनिवार्य है। बोरिंग कृषक की खुद की होगी।

150 फीट की गहराई के लिए तीन एचपी व 200 फिट की गहराई के लिए पांच एचपी एवं 300 फीट तक की गहराई के लिए 7.5 एचपी व 10 एचपी के सोलर पंप उपयुक्त होते हैं। कृषक द्वारा सोलर पंप स्थापित होने के पश्चात स्थल परिवर्तन नहीं किया जाएगा। यदि स्थल परिवर्तन किया जाता है तो संपूर्ण अनुदान की धनराशि संबंधित किसान से वसूल कर ली जाएगी। अधिक से अधिक टोकन की बुकिंग कर योजना का लाभ उठाएं। चालू वित्तीय वर्ष में 590 निजी नलकूपों में सोलर पंप लगाने के लक्ष्य के सापेक्ष 330 किसानों ने आवेदन किए। इनमें अभी तक 242 किसानों ने सोलर पंप प्राप्त करने के लिए पैसा जमा किया है।

> किसानों को अनुदान के लिए आवेदन करना चाहिए। यह योजना बहुत ही उपयोगी है। इससे उन्हें फसलों की सिंचाई में आसानी होगी। अनुदान भी उन्हें मिलेगा।
>
> – हरिशंकर भार्गव, उप कृषि निदेशक

**इस तरह मिलेगा अनुदान**

| प्रकार व क्षमता | निर्धारित मूल्य | अनुदान (राशि रुपये में) |
|---|---|---|
| 3 एचपी डीसी सबमर्सिबल | 2,32,721 | 1,39,633 |
| 3 एचपी एसी सबमर्सिबल | 2,30,445 | 1,38,267 |
| 5 एचपी एपी सबमर्सिबल | 3,27,498 | 1,96,499 |
| 7 .5 एचपी एसी सबमर्सिबल | 4,44,094 | 2,66,456 |
| 10 एचपी एसी सबमर्सिबल | 5,57,620 | 2,66,546 |

**यहां करें आवेदन**

बेवसाइट www .upagriculture .com

# भर्ती परीक्षाओं में भ्रष्टाचारः आप

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



ज्ञापन देने जाते आप पार्टी के कार्यकर्ता। अमृत विचार

- आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने सौंपा तीन सूत्रीय ज्ञापन

**अमृत विचार।** आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक के मामले को लेकर राज्यपाल को संबोधित तीन सूत्रीय ज्ञापन अतिरिक्त एसडीएम खालिद अंजुम को सौंपा। इसमें उन्होंने सरकार पर लापरवाही व भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है।

आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष मनीष गुप्ता के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल को भेजे ज्ञापन में बताया कि एक ओर जहां यूपी में बेरोजगारी दर निरंतर बढ़ती जा रहीं हैं। वहीं लंबे समय के अंतराल में निकल रही भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हो जाते हैं। साथ ही नकल माफिया भी सक्रिय हो जाते हैं। कहा कि यूपी पुलिस भर्ती का 17 और 18 फरवरी को हुए भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हो गया। कड़ी मेहनत कर परीक्षा की तैयारी करने वाले लाखों परीक्षार्थियों के मेहनत पर पानी फिर जाता हैं। पूरे प्रदेश में युवाओं के जोरदार विरोध प्रदर्शन के दबाव में सरकार परीक्षा रद कर दी है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार की लापरवाही या भ्रष्टाचार के कारण लगातार पेपर लीक हो रहें हैं और प्रतिभाओं के साथ अन्याय हो रहा हैं। उन्होंने पत्र के माध्यम से यूपी पुलिस भर्ती और समीक्षा अधिकारी आरओ व एआरओ परीक्षा पेपर लीक की हाईकोर्ट की निगरानी में जांच कराने, पेपर लीक करने वाले सभी दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने, यूपी पुलिस भर्ती की परीक्षा को एक माह के भीतर दोबारा कराने की मांग की है। इस मौके पर सुनील शिवहरे, राहुल सिंह, त्रिलोक चंद्र, रामप्रसाद, अर्चना गुप्ता सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बारातियों का डीजे मालिक से हुआ विवाद, तीन जख्मी

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

- द्वारचार के बीच डीजे लदा लोडर लेकर भागते पलटा, तीन लोग घायल हुए

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बिलौटा के मजरा टेकचंद डेरा में शादी समारोह में डीजे बजाने वाले का बारातियों से विवाद हो गया। इससे नाराज डीजे वाला लोडर लेकर तेज गति भागा निकला और अनियंत्रित होकर गोकुल का डेरा के तालाब में पलट गया। जिसमें सवार तीन लोग घायल हो गए। जिन्हें पुलिस ने एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया जहां उनका प्राथमिक उपचार जारी है।

सिकरोढ़ी गांव निवासी काशीराम के लड़के की बारात रविवार को ग्राम पंचायत बिलौटा के मजरा टेकचंद का डेरा निवासी नंदलाल के यहां गई थी। जिसमें बारात में डीजे कुसमरा गांव से ले गए थे। वहीं बारात में द्वारचार के समय रात करीब 11 बजे डीजे वाले और बारातियों के बीच डीजे बजाने को लेकर तीखी नोकझोंक हो गई। इससे नाराज डीजे मालिक अपना लोडर लेकर वहां से तेजी से टेंट उखाड़ता हुआ भाग निकला और ग्राम बचरौली के मजरा गोकुल का डेरा के तालाब में अनियंत्रित होकर पलट गया। इसमें सवार अंकित (18) पुत्र संजय, अमित (28) पुत्र फूल सिंह, अर्जुन (22) पुत्र नरेंद्र घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से तीनों घायलों को स्थानीय सीएचसी लेकर आए जहां उनका प्राथमिक उपचार जारी है। इस मामले में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक योगेश तिवारी ने बताया कि लोडर पलटने की सूचना मिली थी। तीनों घायलों को मामूली चोटें आई हैं जिनका प्राथमिक उपचार कराया गया है।

# बगैर आरसीसी डाले ठेकेदार ने गाड़े खंभे

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** 20 फरवरी को आई आंधी के दौरान कस्बे के इमिलिया थोक में ध्वस्त हुए विद्युत पोल की जगह नए विद्युत पोल तो लगा दिए गए, लेकिन गड्ढे में आरसीसी नहीं की गई, बल्कि मिट्टी डालकर छोड़ दिया गया।

इमिलिया थोक निवासी पूर्व सभासद नईम अख्तर, मनोज कुमार आदि ने आरोप लगाया है कि गत 20 फरवरी को आंधी के दौरान टूटे विद्युत पोल को बदलने के दौरान नये विद्युत पोल के गड्ढों को आरसीसी के बजाय मिट्टी से ढंक कर लाइन को चालू कर दिया है। विभाग की इस हरकत से विद्युत पोल के समय तिरछा होने अथवा टूटने की आशंका बलवती हो गई है। लोगों का आरोप है कि विद्युत विभाग की मिलीभगत से ठेकेदार मनमाने ढंग से कार्य को अंजाम दे रहा है। विघटिया कार्य के बारे में जब उपखंड अधिकारी एसपी मिश्रा एवं अवर अभियंता अनिल कुमार से बात करने का प्रयास किया तो उन्होंने फोन ही रिसीव नहीं किया।



ट्रैक्टर की मदद से बिजली के पोल लगाता चालक। अमृत विचार

# सिजनौडा क्रॉसिंग पर अंडरपास का विरोध

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बा से कपसा मार्ग पर स्थित सिजनौडा रेलवे क्रासिंग पर अंडरपास के निर्माण को लेकर जहां भाजपा नेताओं द्वारा भूमि पूजन किया गया। वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के कई गांवों से आए ग्रामीणों ने अंडरपास बनाए जाने का विरोध करते हुए यहां पर ओवरब्रिज बनाने की मांग की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आज वर्चुअल प्रोग्राम के जरिए रेलवे के तमाम स्टेशन और अंडरब्रिज तथा ओवरब्रिज का लोकापर्ण और शिलान्यास किया गया। इसी क्रम में सोमवार को कानपुर- बांदा रेल लाइन पर स्थित रागौल रेलवे स्टेशन से बांदा की ओर जाने वाली रेलवेलाइन के सिजनौडा रेलवे क्रासिंग पर अंडरपास बनाए जाने का भूमि पूजन कार्यक्रम किया गया है। जिसमें हमीरपुर चेयरमैन कुलदीप निषाद सहित क्षेत्रीय भाजपाई मौजूद रहे हैं। इस दौरान स्कूली बच्चों के द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में रेलवे के तमाम अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। दूसरी ओर इस अंडरब्रिज के निर्माण के भूमि पूजन की खबर पर सिजनौडा सहित आसपास के कई गांवों के ग्रामीण यहां पर पहुंचे और उन्होंने अंडरब्रिज निर्माण पर अपना विरोध जताया है। उनका कहना था कि कानपुर से लेकर बांदा के बीच जितने भी अंडरब्रिज बनाए गए हैं, उनमें महीनों तक बरसात का पानी भरा रहता है। इससे लोगों का आवागमन पूरी तरह से ठप हो जाता है। अस्पताल, तहसील, कोतवाली, थाना सहित अन्य इमरजेंसी सेवाएं नहीं मिल पाती हैं।



अंडर ब्रिज निर्माण का विरोध करते सिजनौड़ा के ग्रामीण। अमृत विचार

## सार-संक्षेप



जिला जजी गेट के सामने क्रमिक अनशन पर बैठे अधिवक्ता। अमृत विचार

### सातवें दिन भी जारी रही अधिवक्ताओं की हड़ताल

**हमीरपुर।** जजी परिसर गेट के निकट अधिवक्ताओं की हड़ताल व क्रमिक अनशन लगातार सातवें दिन भी जारी रहा। सोमवार को अधिवक्ता कृष्ण कुमार शुक्ला, देवेंद्र शुक्ला, कृष्ण बिहारी पांडेय, वीरेंद्र यादव, शैलेंद्र सिंह परिहार, राघवेंद्र शरण त्रिपाठी, योगेंद्र अवस्थी, कृष्ण चंद्र सिंह, विजय पांडेय, अश्वनी कुमार प्रजापति, सुरेश साहू बैठे रहे। अधिवक्ताओं ने परिवार न्यायालय की पीठासीन अधिकारी के खिलाफ जब तक कोई कार्यवाही नहीं की जाती है, तब तक आंदोलन व हड़ताल जारी रखने का निर्णय लिया गया है। आज की सभा में अधिक संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे। जिनमें मुख्य रूप से वीरेंद्र गुप्ता, अजय अवस्थी देवेंद्र बहादुर सिंह, सूर्यकुमार तिवारी, भगवान दास दीक्षित, गणेश प्रसाद पांडेय, रामकिशोर यादव, शैलेंद्र सचान, अध्यक्ष फूल सिंह कुशवाहा, राजेंद्र वीर सिंह चौहान, महामंत्री देवी प्रसाद शुक्ला, कोषाध्यक्ष आशुतोष सिंह गौर, प्रशांत सिंह चंदेल, हिमांशु निगम ने संबोधित किया।




अनशन पर बैठे ग्रामीण। अमृत विचार

### सड़क निर्माण को लेकर अनिश्चितकालीन क्रमिक अनशन शुरू

**मौदहा (हमीरपुर)।** ग्राम पंचायत चकदहा के मजरा किशनपुर रमना की सड़क निर्माण को लेकर अनिश्चितकालीन क्रमिक अनशन शुरू किया गया है। बुंदेलखंड नव निर्माण सेना भारत के अध्यक्ष विनय तिवारी ने देव यादव जिलाध्यक्ष सहित सभी अनशनकारियों का माल्यार्पण कर अनशन शुरू कराया। विकासखंड क्षेत्र के ग्राम किशनपुर रमना की सड़क कई वर्षों से जर्जर पड़ी हुई है। जिससे लोगों को निकलने में खासी मुसीबत का सामना करना पड़ता है। पूर्व में ग्रामीणों द्वारा सड़क निर्माण को लेकर कई बार ज्ञापन देकर सड़क निर्माण की मांग की गई, लेकिन कोई कार्यवाही न होने नाराज ग्रामीणों ने बुंदेलखंड नव निर्माण सेना भारत के साथ मिलकर 22 फरवरी को उप जिलाधिकारी मौदहा को दिए ज्ञापन में 26 फरवरी से अनशन की चेतावनी दी थी। जिससे आज से ही ग्रामीणों ने अनशन शुरू किया। अनशन में मुख्य रूप से दिनेश अनुरागी, प्यारेलाल, राजकुमार सविता, राहुल अनुरागी, श्रीओम पाल, रामविलास वर्मा, बबलू यादव, रामऔतार वर्मा, चंद्रभान सहित एक दर्जन से अधिक ग्रामीण उपस्थित रहे।



डायट में लगी प्रदर्शनी का निरीक्षण करते चेयरमैन धीरेंद्र शिवहरे। अमृत विचार

### डायट में आयोजित की गई कला, संस्कृति एवं नवाचार प्रदर्शनी

**हमीरपुर।** सुमेरपुर कस्बा स्थित डायट में सोमवार को जनपद के सभी विकास खंडों में संचालित परिषदीय, माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा के विद्यालयों की कला, संस्कृति एवं नवाचार महोत्सव का आयोजन कर प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी का उद्घाटन नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे ने किया। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के निर्देश पर सोमवार को सुमेरपुर की डायट में कला, संस्कृति एवं नवाचार महोत्सव के तहत प्रदर्शनी का आयोजन कराया गया। प्रदर्शनी में जनपद के परिषदीय, माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा के विद्यालयों के शिक्षक, शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने मॉडल प्रस्तुत किए। प्रदर्शनी का उद्घाटन सुमेरपुर नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे ने किया। राठ के रविंद्र सक्सेना, सरीला की पूजा, सुमेरपुर की मंजीता अहिरवार ने नवाचार, संप्रेषण, निपुण भारत सहित अन्य बिंदुओं पर विचार व्यक्त किये। इस मौके पर डायट प्राचार्य महेश कुमार गुप्ता, प्रवक्ता रमेश यादव, कार्यक्रम समन्वयक प्रेम नारायण, रमेंद्र मोहन, बृजबिहारी मौर्य, जिला व्यायाम शिक्षक रावेंद्र सिंह गौर, हरिराम गुप्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन कैलाश सोनी ने किया। बाद में प्रदर्शनी में प्रतिभाग करने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं एवं छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया।

### गुंडा एक्ट में किया जिला बदर

**हमीपुर।** थाना सिसोलर के गढ़ा गांव निवासी युवक को गुंडा एक्ट में छह माह के लिए जिला बदर किया गया है। जिला मजिस्ट्रेट ने जारी आदेश में कहा है कि वह जिस भी जिले में रहेगा वहां संबंधित थाने व न्यायालय में सूचना देगा। थाना सिसोलर के गढ़ा गांव निवासी पर आपराधिक मामले दर्ज होने पर पुलिस ने कुलदीप पुत्र राम करन उर्फ राजू वर्मा के लिए गुंडा एक्ट का मामला जिला मजिस्ट्रेट की अदालत भेजा था। जिला मजिस्ट्रेट की अदालत ने कुलदीप को छह माह के लिए जिला बदर किया है। अदालत ने आदेशित किया है कि आरोपी किसी प्रकार का शस्त्र व अग्नेयास्त्र लेकर नहीं चलेंगा। छह माह की अवधि तक जनपद की सीमा में प्रवेश नहीं करेगा। साथ ही बाहरी जनपद में जिस स्थान पर निवास करेगा वहां की सूचना संबंधित न्यायालय एवं स्थानीय पुलिस को भी देगा।

## वार्षिकोत्सव

### बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियां देकर लूटी वाहवाही

# गुरुकुलम पब्लिक स्कूल में बच्चों ने पेश किए नृत्य

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। अमृत विचार



वार्षिकोत्सव में देशभक्ति गीत पर डांस प्रस्तुत करते बच्चे। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर के गुरुकुलम पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव पर नन्हे मुन्ने बच्चों ने जमकर धमाल मचाया। 'मैं निकला गड्डी लेके..' गाने पर नृत्य के माध्यम से सभी का मनमोह लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल, जिलाध्यक्ष सुनील पाठक, एडीएम नागेंद्र नाथ यादव, सीओ राजेश कमल, चेयरमैन कुलदीप निषाद, सह प्रांत प्रचारक रमेश एवं जिला प्रचारक धनंजय ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। क्लास पांच के बच्चों ने गणेश वंदना एवं क्लास चार की बालिकाओं ने 'आयो रे शुभ दिन आयो रे' गाने पर डांस कर सभी का स्वागत किया। प्रबंधक सत्य प्रकाश गुप्ता एवं प्रधानाचार्या रूपक गुप्ता ने मुख्य अतिथियों का माल्यार्पण कर मोमेंटो भेंट किया। क्लास पीजी के बच्चों ने 'मैं निकला गड्डी लेके' गाने में नृत्य किया। 'सौदा खरा-खरा एवं चक धूम धूम' के गाने पर बच्चों ने डांस कर लोगों को थिरकने का मौका दिया।

क्लास यूकेजी के बच्चों ने 'बुद्धू सा मन एवं सिंघम तथा पांडे जी बजाएं सीटी' के माध्यम से पुलिस के विभिन्न रूपों को दिखाया। क्लास एक के बच्चों ने राधा कृष्ण के रूप में 'जहां- जहां राधे वहां जाएंगे मुरारी' जाने पर बृज की होली खेली एवं सम्पूर्ण वातावरण होलीमय कर दिया। क्लास चार एवं पांच के बच्चों ने मंगलयान एवं चंद्रयान की सफलता को दिखाते हुए इसरो के वैज्ञानिकों के बारे में बताया। क्लास पांच की बालिकाओं ने 'मेरे घर राम आएं हैं' के गाने माध्यम से सभी भारतवासियों को राम आगमन की खुशी को दिखाया। बच्चों को सिखाने में कोरियोग्राफर अभय एवं रिया का अमूल्य योगदान रहा। संचालन अनवर खान, आशीष बादल व सपना ने किया। गोपाल ने राम स्तुति प्रस्तुत की। इस मौके पर दीपक, आशीष बादल, गोपाल, योगेन्द्र, अभय, सुशील, ब्रजेश शुक्ला, योगेश, शिखर, वंदना, प्रीती, रिया, सपना, खुशी, रुची, रिचा, निधी, मोनिका, अदा एवं गुरुकुलम विद्यालय कुरारा का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# सपा के कार्यकर्ता एक वर्ष के लिए किए गए पाबंद

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी पुलिस ने कस्बे के आठ सपाइयों से चुनाव में खतरा बताकर भारी मुचलके में पाबंद करने की संस्तुति की है। पुलिस की इस चालानी रिपोर्ट में एसडीएम सदर की अदालत ने हरी झंडी दिखाकर भारी मुचलके में एक वर्ष के लिए पाबंद करने का आदेश दिया है।

कस्बा निवासी कुलदीप शुक्ला, अजय उर्फ कल्लू यादव, वसीम सिद्दीकी, सुशील उर्फ पिंटू यादव, नंदकिशोर शिवहरे, सलीम मुहम्मद, राकेश उर्फ गंगा प्रसाद यादव, प्रेमनरायन उर्फ बउवा यादव समाजवादी पार्टी में अलग अलग पदों में पदाधिकारी हैं अथवा रहे हैं। इन सपाइयों से पुलिस ने चुनाव में खतरा बताकर चालानी रिपोर्ट एसडीएम सदर के न्यायालय में प्रस्तुत किया था।

# स्टेशन के कायाकल्प को रखी आधारशिला

## पीएम नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल किया शिलान्यास, विकसित होंगी यात्री सुविधाएं, कार्यक्रम का देखा सीधा प्रसारण

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार:** अमृत भारत योजना के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से रेलवे स्टेशन में विकास कार्यों का शिलान्यास किया। यहां यात्री सुविधाओं को विकसित किया जाएगा। रेलवे स्टेशन में भव्य समारोह के बीच पीएम के शिलान्यास का लाइव प्रसारण देखा गया।

प्रधानमंत्री ने सोमवार को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से पूरे देश में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 554 से अधिक स्टेशनों के पुर्नविकास का शिलान्यास किया। इस योजना के तहत मुख्यालय स्थित रेलवे स्टेशन में सकुर्लेटिंग एरिया, वेटिंग हॉल, शौचालय, आवश्यकतानुसार लिफ्ट और एस्केलेटर, स्वच्छता, मुफ्त वाई-फाई, स्थानीय उत्पादों के लिए कियोस्क जैसी सुविधाओं में सुधार होगा। स्टेशन अधीक्षक मनोज कुमार शिवहरे व मंडल रेल प्रबंधक (झांसी) के जनसंपर्क अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से कार्यों का शिलान्यास किया है। बताया कि इस योजना में इमारत में सुधार, स्टेशन को शहर के दोनों तरफ से एकीकृत करना, मल्टी-मॉडल एकीकरण, दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएं, टिकाऊ और पर्यावरण अनुकूल समाधान, आवश्यकता के अनुसार रूफ प्लाजा, चरणबद्धता और व्यवहार्यता और शहर के केंद्रों का निर्माण शामिल है। रेलवे स्टेशन परिसर में भव्य समारोह के बीच पीएम मोदी द्वारा किए गए शिलान्यास का लाइव प्रसारण एलईडी के माध्यम से देखा गया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष संजय सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल, राज्य महिला आयोग सदस्य प्रभा गुप्ता,जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र त्रिपाठी,भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष वंदना गुप्ता, पूर्व चेयरमैन राजकुमार राज, नगर पालिका परिषद चेयरमैन मालती बासू, सदर विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ, बीके सिंह, डॉ.मनीष गुप्ता, संतोष गुप्ता, ममता मिश्रा, मनोज जैन सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।


बांदा स्टेशन में कार्यक्रम देखते जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र त्रिपाठी और भाजपा नेता।


कार्यक्रम देखते भाजपा मंडल अध्यक्ष श्यामबाबू पाल और चेयरमैन सुधीर सिंह।

## खैराडा रेलवे स्टेशन में हुआ भव्य आयोजन

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार:** अमृत भारत योजना के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से खैराडा रेलवे स्टेशन में विकास कार्यों का शिलान्यास किया। स्टेशन परिसर में भव्य पंडाल में बैठकर जनप्रतिनिधियों के साथ आम लोगों ने एलईडी के माध्यम से शिलान्यास कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा। मंडल अध्यक्ष श्यामबाबू पाल ने कहा कि शिलान्यास के बाद रेलवे स्टेशन में यात्री सुविधाओं में बढ़ोत्तरी होगी। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को इसका लाभ मिलेगा। प्रतीक्षालय, स्वच्छता समेत मुफ्त वाई-फाई और स्थानीय उत्पादों का लोग लुत्फ लेंगे।

इस मौके पर नगर पंचायत चेयरमैन सुधीर सिंह समेत मटौंध ग्रामीण प्रधान धर्मेंद्र सिंह, खैराडा ग्राम प्रधान चंद्रोदय वर्मा समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

## बैग में रखे टिफिन से लाखों के जेवरात व नकदी गायब

**नरैनी (बांदा):** कस्बे के मुख्य चौराहे से दिनदहाड़े महिला के बैग में भीतर पड़े टिफिन में रखे रुपये व गहने चोरी हो गये। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने कई जगह छापेमारी की, लेकिन 36 घंटे बीत जाने के बाद भी सफलता हाथ नहीं लगी। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी कैमरे की मदद से कुछ जानकारी मिली हासिल हुई है। सुरागरसी कर पता लगाया जा रहा है।

गौरतलब हो कि कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गंगापुरवा गांव की रहने वाली अभिलाषा देवी पत्नी ललित पाठक रविवार दोपहर अपने बच्चे हर्षित व बेटी प्रज्वली के साथ चित्रकूट जनपद स्थित आयुष ग्राम ट्रस्ट अपने पति के पास जा रही थी, तभी मुख्य चौराहे में आपे टैक्सी में बैठ गई। इसी बीच एक प्राइवेट बस आ जाने पर उतरकर प्राइवेट बस में बैठ गई। इस बीच उसने हैंड बैग में पड़ा जेवरात से भरा टिफिन का डिब्बा खोलकर देखा तो उसमें रखे लाखों रुपये के जेवरात व नकदी नहीं थे। कोतवाली पुलिस ने घटना के बाद कई जगह छापेमारी की। कस्बा इंचार्ज अनिल सिंह ने बताया कि कुछ जानकारियां मिली है।

# संदिग्ध हालात में जहर खाने से महिला की मौत

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- मृतका के भाई ने ससुरालीजनों पर हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में दी तहरीर

**अमृत विचार।** मझगवां थाना क्षेत्र के टोला रावत गांव में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। घटना की जानकारी से परिवार में कोहराम मच गया। वहीं मृतका के भाई ने ससुरालीजनों पर जबरन जहर खिलाकर बहन की हत्या करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी। पुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

टोला रावत गांव निवासी अनुसुइया पत्नी शिवकुमार ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। जानकारी होने पर परिजन उसे राठ सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने हालत नाजुक होने पर उरई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। उरई मेडिकल कॉलेज से भी उसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

झांसी मेडिकल कॉलेज में महिला की मौत हो गई। सूचना पर मझगवां थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। उधर मृतका के मुस्करा निवासी भाई सुघर सिंह ने बहन को जहर खिलाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। भाई ने मझगवां थाने में तहरीर देकर बताया कि उसकी बहन अनुसुइया को ससुरालीजन शुरू से ही दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करते आ रहे हैं। बीते 23 फरवरी 2024 को मां के साथ बहन ने मझगवां थाने में शिकायती पत्र भी दिया था।

इसी बात से नाराज होकर बहन के जेठ, जेठानी, देवर, सास व ननद ने जबरन जहरीला पदार्थ खिलाकर उसकी हत्या कर दी। मामले में मझगवां थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। तहरीर मिली है, मामले की जांच कराकर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# किसानों ने राठ-महोबा मार्ग पर लगाया जाम

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- अधिकारियों ने काफी देर तक किसानों को समझाया

**अमृत विचार।** क्षेत्र के बसेला गांव के पास स्थित राठ महोबा मुख्य मार्ग पर भारतीय किसान यूनियन के सैकड़ों किसानों ने केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर विभिन्न मांगों को लेकर जाम लगा दिया। इस दौरान मौके पर पहुंचे पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को किसानों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। अधिकारियों के समझाने के बाद किसानों ने जाम हटाया।

भारतीय किसान यूनियन के बुंदेलखंड महासचिव रामपाल सिंह चिकासी ने बताया कि राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर सोमवार को पूरे देश में जगह-जगह किसानों द्वारा प्रदर्शन एवं चक्का जाम किया गया है। इसी कड़ी में शहर में भी किया गया। उन्होंने बताया कि अपनी विभिन्न मांगों से संबंधित ज्ञापन राष्ट्रपति को भेजा है। इसमें मूल्य वृद्धि पर नियंत्रण रखने, भोजन, दवाओं, कृषि इनपुट, मशीनरी, पेट्रोलियम उत्पादों तथा रसोई गैस पर जीएसटी और केंद्रीय उत्पाद शुल्क में कटौती करने, वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं दिव्यांग व्यक्तियों व खिलाड़ियों को दी जाने वाली रियायत बहाल करने, खाद्य सुरक्षा की गारंटी और सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सार्वभौमिक करने की मांग की। इसके साथ ही सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योगों व सरकारी विभागों का निजीकरण बंद करने, बिजली संशोधन विधेयक 2022 को वापस लेने, काम के अधिकार को मौलिक बनाए जाने, बेरोजगारों के लिए रोजगार सुनिश्चित करने, किसानों को बीज उर्वरक और बिजली पर सब्सिडी दिए जाने तथा एनपीएस को खत्म करने आदि की मांग शामिल है। इस दौरान ब्रजकिशोर लोधी, शिवदयाल, दयाराम, दिनेश कुमार, पूरन, मोहित, अश्वेंद्र, भूपेंद्र, देशराज, चंद्रशेखर, अर्जुन सिंह, ज्वाला प्रसाद, उदित नारायण व महेश के अलावा अन्य सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

## भगवान शिव के चबूतरे व सीढ़ियों पर अवैध कब्जा

**पौथिया (हमीरपुर)।** प्राचीन कालीन भगवान शंकर जी मंदिर के चबूतरे पर दबंगों ने कब्जा कर लिया है। मंदिर कमेटी ने ललपुरा थाने में तहरीर दी है।

पौथिया गांव स्थित बस्ती के अंदर सैकड़ों वर्ष पुराना शंकर भगवान का मंदिर है। इसमें महिलाएं पुरुष मंदिर में पूजा अर्चना करते हैं। मंदिर के समीप एक चबूतरा एवं सीढ़ियां बनी हुई हैं। जहां पड़ोसी ललतू सचान व उसके बेटा पत्नी लड़की ने चबूतरे पर दबंगई से कब्जा कर लिया है। मंदिर कमेटी के भाजपा कार्यकर्ता विष्णु दत्त द्विवेदी उर्फ लल्लू महाराज, सुनीत सचान उर्फ भोलेबाबा, सूरज हलवाई क्षेत्र पंचायत सदस्य, आत्मा राम गुप्ता, राजबहादुर, पुरुषोत्तम, सीताराम, अभय सचान प्रधान प्रतिनिधि आशीष सचान सहित आदि ने मंदिर का सुंदरीकरण कराया जा रहा है। लेकिन इसके चबूतरे व सीढ़ियों पर कब्जा किए हैं। दबंग कब्जा हटाने के नाम पर लड़ने को आमादा हो जाते हैं। मौके पर पहुंची ललपुरा पुलिस ने निर्माण बंद करा दिया है।



कार्यक्रम को संबोधित करते संस्था के अध्यक्ष डॉ.भवानीदीन। अमृत विचार

# सावरकर सही में मां भारती के एक समर्पित सूरमा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- क्रांतिकारी विनायक दामोदर सावरकर की पुण्यतिथि मनाई

**अमृत विचार।** आजादी के संघर्ष में देशभक्तों के योगदान के मद्देनजर वर्णिता संस्था के तत्वावधान में विमर्श विविधा के अंतर्गत जिनका देश ऋणी है के तहत एक बेमिसाल क्रांतिकारी नेता विनायक दामोदर सावरकर की पुण्यतिथि पर संस्था के अध्यक्ष डॉ.भवानीदीन ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि सावरकर सही में मां भारती के एक समर्पित सूरमा थे। जिनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। इनका 28 मई 1883 को नासिक में जन्म हुआ था, इन्होंने नासिक और मुंबई से शिक्षा प्राप्त की। छात्र काल में 1901 में मित्र मेला का गठन कर राष्ट्र सेवा के क्षेत्र में कदम रखा। देश की आजादी के लिए विदेशों से काम किया। देशभक्त विरोधी गोरे अधिकारियों को मारने मे उनकी भूमिका रही। अनेक क्रांतिकारी इनके मित्र थे, ये गोरों की आख में खटकते थे। बहुत प्रयास के बाद पुलिस इन्हें 1910 में पकड़ पाई। इन पर तीन मुकदमे चले, दो उम्र कैद की सजा हुई। कालांतर में 1937 में जेल से मुक्त हुए। आजादी के बाद भी ये देशसेवी रहे। 26 फरवरी 1966 को उनका मुंबई में निधन हो गया। कार्यक्रम में अशोक अवस्थी, दिलीप अवस्थी, रमेशचंद्र गुप्ता, संतोष, प्रेम प्रजापति, सागर, महावीर, विजय प्रजापति, सिद्धा प्रजापति, जगमोहन रहे।

## सार-संक्षेप

### जिलाधिकारी ने किया ईवीएम और वीवी पैट वेयरहाउस का निरीक्षण

**महोबा।** जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने ईवीएम मशीन और वी पैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान ईवीएम और वीपी पेट को बारीकी से देखा गया, सब कुछ ठीक-ठाक पाया गया। इसके बाद जिला निर्वाचन अधिकारी वापस लौट आए। लोकसभा चुनाव को लेकर जिलाधिकारी ने चुनावी गतिविधियां तेज कर दी हैं। अधिकारियों को भी चुनावी कार्यों में जुटने के निर्देश दिए गए हैं, साथ ही अन्य विभागों के कंप्यूटर ऑपरेटर को निर्वाचन कार्यालय में संबद्ध किए जाने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है, जिससे निर्वाचन का कार्य और तेज गति से चल सके। लोकसभा चुनाव निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिला निर्वाचन अधिकारी मृदुल चौधरी ने सोमवार को ईवीएम मशीन और वीवी पैट वेयरहाउस का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान सब कुछ बेहतर पाया गया।

### मेनका पाल ने लम्बी कूद में प्रदेश में तृतीय स्थान प्राप्त किया



**हमीरपुर।** लखनऊ में आयोजित 58वीं यूपी स्टेट अंडर-20 2024 चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के माध्यम से जिले के कई खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें शहर के मोहल्ला रमेड़ी निवासी रमेश पाल की पुत्री मेनका ने लंबी कूद में प्रदेश में तृतीय स्थान प्राप्त कर जनपद का गौरव बढ़ाया। आर्गनाइजर सेक्रेटरी जिला एथलेटिक्स सार्थक द्विवेदी ने बताया कि मेनका पाल लगातार दो वर्षों से स्पोर्ट स्टेडियम हमीरपुर में प्रशिक्षण दुर्गा प्रसाद गुप्ता की देखरेख में प्रशिक्षण प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि शहर के नागरिकों ने मेनका पाल को मुंह मीठा कराया और उज्जवल भविष्य की कामना की।

### एएसपी ने किया गश्त, शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील

**मौदहा (हमीरपुर)।** कस्बे में सोमवार को अपर पुलिस अधीक्षक मायाराम के नेतृत्व में क्षेत्राधिकारी श्रेयस त्रिपाठी ने पुलिस बल के साथ रूट मार्च किया। लोगों की समस्याएं सुनीं और शांति व्यवस्था बनाए रखने का संदेश दिया। क्षेत्राधिकार ने बताया कि उक्त रूट मार्च पुलिस की सामान्य कार्य पद्धति के तहत किया गया है और यह भीड़ भाड़ वाले मलिकुआं चौराहे से बड़े चौराहे तक किया गया। इस दौरान वाहनों की चेकिंग अभियान भी चलाया गया।

### फरार गांजा तस्कर गिरफ्तार

**डकोर।** कल रविवार को डकोर पुलिस ने छापामार कर महिला गांजा तस्कर और उसके एक सहयोगी को गिरफ्तार कर 25 किलो गांजा बरामद किया था। दूसरा सहयोगी अजय गुप्ता फरार हो गया था। अजय को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### अलग अलग दो सड़क दुर्घटनाओं में पांच लोग घायल

**सरीला (हमीरपुर)।** जरिया थाना क्षेत्र के सरीला बरहरा मार्ग पर बाइक सवार चार पहिया वाहन को बचाने के चक्कर में सड़क किनारे गिर गए। जिससे बाइक में बैठे तीन लोग घायल हो गये। उधर राठ जलालपुर मार्ग पर रिगवारा गांव के पास ऑटो पलटने दो लोग घायल हो गये। सभी घायलों एंबुलेंस की मदद से कस्बे की सीएचसी में भर्ती कराया गया है। क्षेत्र के इंदरपुरा गांव निवासी प्रिंस (17) पुत्र बंकेश, उसका भाई विवेक (15) व साथी अमन (16) पुत्र उमाशंकर के साथ बाइक से कस्बा किसी काम से गए थे। कस्बा से काम निपटा कर वापस घर लौट रहे थे। तभी बरहरा मार्ग पर सामने से चार पहिया वाहन आ रहा था। बाइक सवार तीनों युवक वाहन बचाने के चक्कर में सड़क किनारे गिर कर घायल हो गये। उधर राठ जलालपुर मार्ग पर रिगवारा गांव के पास ऑटो पलटने से इसमें सवार अखिलेश (20) निवासी शिवरा जिला महोबा व नन्द कुमार (22) जिला महोबा घायल हो गए।

### खपरैल पर बैठे बंदर को तमंचे से मारी गोली

**बांदा:** आपराधिक किस्म के एक व्यक्ति ने खपरैल पर बैठे एक बंदर को तमंचे से गोली मार दी। गोली बंदर के पैर में लगी, वह नीचे जा गिरा। बंदर मौके पर ही घायल हालत में पड़ा है। ग्रामीण उसे पानी और भोजन दे रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दी गई, लेकिन वन विभाग की टीम मौके पर नहीं पहुंची है। मामला कोतवाली नगर क्षेत्र के कुरौली गांव का है। अवैध असलहे से आपराधिक किस्म के व्यक्ति ने खपरैल में घूम रहे काले मुंह के बंदर को गोली मार दी। गृहस्वामी के द्वारा बंदर को वहीं खाना और पानी रखा जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि आपराधिक किस्म के व्यक्ति ने कुछ वर्ष पूर्व कुल्हाड़ी मारकर गौवंश को मौत के घाट उतार दिया था। उसके विरुद्ध शहर कोतवाली में कई मामले पंजीकृत हैं।

## सामूहिक दुष्कर्म का एक आरोपी गिरफ्तार

**हमीरपुर।** यज्ञ देख कर घर लौट रही किशोरी के साथ दुष्कर्म करने वाले किशोर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ललपुरा थानाक्षेत्र के एक ग्राम पंचायत के मजरा निवासी पीड़ित पिता ने रविवार को ललपुरा थाने में तहरीर देकर बताया था कि उसकी पुत्री के साथ सामूहिक दुष्कर्म हुआ है। थानाध्यक्ष कल्पना सिंह ने बताया कि आरोपी नाबालिग है। बरौली थाना कुरारा निवासी आरोपी को हेड कांस्टेबल राजबहादुर सिंह, अनिल मिश्रा, अनुरुद्ध यादव के सहयोग से गिरफ्तार कर लिया गया।



उद्घाटन करते अंचल प्रमुख घनश्याम कुमार। अमृत विचार

# इंडियन बैंक के नवीन भवन का किया उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** इंडियन बैंक की इंगोहटा शाखा अपने नवीन परिसर सागर हमीरपुर रोड पर स्थानांतरित हो गई। शाखा के नवीन भवन का उद्घाटन मंडल प्रमुख घनश्याम कुमार ने किया। इस मौके पर जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक संगम लाल मिश्रा, इंडियन बैंक इंगोहटा शाखा के प्रबंधक आलोक कुमार पटेल, इंडियन बैंक शाखा भरुआ सुमेरपुर के शाखा प्रबंधक संदीप सिंह परिहार, नवीन परिसर के मालिक प्रदीप कुमार त्रिपाठी व अन्य विशिष्ट लोग मौजूद रहे। ग्राहकों को संबोधित करते हुए मंडल प्रमुख घनश्याम कुमार ने बैंक की विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डाला तथा ग्राहकों को डिजिटल बैंकिंग करते का आवाह्न किया। अंचल प्रमुख ने सरकार से संचालित बैंकों की विभिन्न योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी।

## दो दिन से पानी नहीं मची हायतौबा

**महोबा।** शहर में दो दिनों से पानी को लेकर हाय तौबा मची हुई है। बावजूद इसके जल निगम पानी की आपूर्ति करने में नाकाम साबित हो रहा है, इससे लोगों में खासा गुस्सा है। सोमवार को भी मात्र 30 मिनट पानी आने से लोगों को हैंडपंपों और कुओं का सहारा लेना पड़ा।

गौरतलब है कि रविवार को नगर में पेयजल आपूर्ति पूरी तरह तप रही जिससे पानी को लेकर लोगों को खासी मशक्कत करनी पड़ी।सोमवार को भी 10 से 20 बाल्टी ही नलों में पानी आया।

**मुसीबत** पुलिस की मदद से दो दिन में चालू हो जाएगी बिजली आपूर्ति

# तार-खंभे लगाने में बाधा बन रहे किसान

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** विकासखंड क्षेत्र के बेरी व जल्ला फीडर में विद्युत आपूर्ति एक सप्ताह से बंद है। इससे पेयजल आपूर्ति नहीं होने से ग्रामीणों को समस्या झेलनी पड़ रही है। उधर खंभे खड़े करने में खेतों में बची-खुची फसलों के नष्ट होने के डर से किसान काम में बाधा डाल रहे हैं। ऐसे में विभागीय अभियंता पुलिस की मदद लेने की तैयारी कर रहे हैं। आधा दर्जन गांवों की गौशालाओं में पशुओं के लिए पानी की किल्लत पैदा होती जा रही है।


नलकूप के पास टूटे पड़े खंभे व ट्रांसफार्मर।

विकासखंड क्षेत्र में बीते 20 फरवरी को तेज तूफान आने से एक सैकड़ा से अधिक विद्युत पोल व कुछ ट्रांसफार्मर धराशायी हो गए हैं। वहीं जल्ला फीडर में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था मलहरा, जखेला, भैंसापाली, कुसौलीपुरवा, पाली, देवीगंज, गुलाबगंज, पारा, कंडौर व बेरी फीडर के गुजौरा, ककरऊ, करियापुर, लहरा, खरेहटा आदि गांव की बिजली व्यवस्था एक सप्ताह से बंद हैं। ऐसे में आधा दर्जन एकल पेयजल योजनाओं से पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। ग्रामीणों के सामने पानी का संकट है। वहीं गौशाला में लगे सबमर्सिबल पंप शोपीस बनकर रह गए हैं। कंडौर गांव के प्रधान प्रतिनिधि उमाशंकर ने बताया कि पशुओं को पानी पिलाने के लिए जनरेटर चलाकर पानी की व्यवस्था की जा रही है। वहीं पारा एकल पेयजल योजना, जखेला मलहरा, भैसापाली, ककरऊ, देवीगंज आदि एकल पेयजल योजनाएं बिजली आपूर्ति न होने से सफेद हाथी बन कर रह गई हैं।

जखेला गांव के ग्रामीण श्रीपाल गुप्ता, जयवीर सिंह आदि ने बताया कि सरकार ने मिट्टी का तेल बंद कर दिया है। ऐसे में प्रकाश व्यवस्था धड़ाम हो गई है। वही अंधेरा होने से पहले खाना खाने को विवश होना पड़ रहा है। भैंसापाली के ग्रामीण सुधीर कुशवाहा, विकास कुमार आदि ने बताया कि पानी के लिए गांव के बाहर लगे हैंडपंप व कुओं से भरने को विवश होना पड़ रहा है। मोबाइल चार्जिंग को लेकर कस्बा व अन्य गांव में जाना पड़ता है। पारा गांव के श्यामू सिंह ने बताया कि विद्युत आपूर्ति न आने से आटा चक्की बंद पड़ी है।

ग्रामीणों को गेहूं पिसवाने के लिए चार किमी दूर जल्ला गांव जाना पड़ता है। इस मामले में विद्युत विभाग के अवर अभियंता भारत सैनी ने बताया कि टूटे पोलों व तारों को बदलने के लिए किसानों के विरोध के चलते पोल लगाने में समय लग रहा है। पुलिस की सहायता लेकर पोल खड़े किए जाएंगे। साथ ही एक-दो दिन में विद्युत आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी।

# अभाविप के विरोध पर पटेल की प्रतिमा नहीं लगी

- देवनगर चौराहे पर पटेल की प्रतिमा रखी जाने को लेकर हुई गहमागहमी

**संवाददाता, जालौन।** एमएलसी रमा निरंजन के पति व प्रतिनिधि आरपी निरंजन द्वारा देवनगर चौराहे पर सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा रखे जाने के मामले ने तूल पकड़ लिया। दरअसल विद्यार्थी परिषद सहित अन्य घटक दलों ने स्वामी विवेकानंद की मूर्ति रखे जाने की मांग की थी मौके पर पहुंचे प्रशासन ने उक्त मामले को शांत कराकर मूर्ति रखे जाने की परमिशन के लिए कहा।

पूरा मामला उस समय तूल पकड़ने लगा जब एम एल सी प्रतिनिधि आरपी निरंजन ट्रैक्टर में सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा को लेकर देव नगर चौराहे पर आए और प्रतिमा को स्थापित कराने लगे। इसकी भनक विद्यार्थी परिषद के सत्यम यागिक, आदित्य हृदय कैलिया, अनूप दीक्षित, हर्ष गुप्ता अनुराग तिवारी विश्व हिंदू परिषद, मानवेंद्र परिहार, बजरंग दल आदि एक दर्जन से अधिक कार्यकर्ताओं को पड़ी तो वह तत्काल मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि इस स्थान के लिए पूर्व से ही स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा की मांग की जा रही है। इसके लिए कई बार ज्ञापन भी दिए गए थे। इस बीच दोनों के बीच बहस शुरू हो गई। सूचना मिलते ही एसडीएम अतुल कुमार, सीओ राम सिंह, कोतवाल विमलेश कुमार मौके पर पहुंचे और उन्होंने मामला शांत कराकर देवनगर चौराहे पर स्थापित मूर्ति के परमिशन लेने के लिए कहा। अभी तक कोई भी मूर्ति स्थापित करने की परमिशन नहीं

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

मैं सूचित करता हूं कि छिटई पुत्र श्रीनाथ निवासी पूरे चरिहा मजरे गोड़वा हसनपुर थाना सलोन जिला रायबरेली अपने छोटे पुत्र अखिलेश यादव को गलत आचरण, व्यवहार और नशेड़ी प्रवृत्ति से त्रस्त हूं। वह आए दिन गालीगलौज और मारने पीटने दौड़ता है। मैं छोटे पुत्र अखिलेश यादव को अपने समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में छोटे पुत्र के कृत्यों से मेरा कोई लेना देना नहीं है।

**सूचना**

मैंने अपना नाम ASLAM IQBAL KHAN से बदलकर AQBAL AHMAD रख लिया है। अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/o-ABDUL MABOOD, निवासी- Ward no- 01 Ambedkarnagar Post Barhni ps DHEBARUWA Distt Siddharthanagar**

**सूचना**

सूचित हो कि हरिश्चंद्र के नाम से भारतीय जीवन बीमा निगम में पालिसी संख्या 217430255, 28/12/2007 से संचालित है। आधार कार्ड और पासबुक पर नाम राज कुंवर अंकित है। दोनों नाम के एक ही व्यक्ति है। दोनों नाम से क्षेत्र में जाना और पहचाना जाता है। **हरिश्चंद्र उर्फ राज कुंवर पुत्र राम छबीले ग्राम देवनपुर लक्खारामपुर तहसील पयागपुर, बहराइच।**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिलजानी उर्फ जमुना पत्नी वृषराम एक ही महिला का नाम है। सहारा पॉलिसी में इनका नाम जमुना अंकित है। दोनों नाम की एक ही महिला हैं। **दिलजानी उर्फ जमुना निवासी ग्राम पंचायत झाला थाना मोतीपुर, जनपद बहराइच।**

# इंडिया गठबंधन से बाहर रहने पर फीकी पड़ सकती बसपा की चमक

जामवंत सिंह, उरई -जालौन

### आरक्षण प्रता देश के माथे पर कलंक : राजेंद्र नाथ त्रिपाठी


राजेंद्र नाथ त्रिपाठी

अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र नाथ त्रिपाठी ने कहा कि आरक्षण देश के माथे का कलंक है। आजादी के बाद से अब तक ब्राह्मण छला गया है। लोकसभा चुनाव में ब्राह्मण को अपंग बनाने वालों की खैर नहीं है। देश और प्रदेश में ब्राह्मण समाज का राजनैतिक वर्चस्व कम होने के सवाल पर राजेंद्र नाथ त्रिपाठी ने कहा कि आजादी के बाद सभी राजनैतिक दलों ने ब्राह्मण को छला है। इसी लिए देश में 17 फीसदी आबादी ब्राह्मण की होने के बावजूद इस समाज का समुचित विकास नहीं हो पा रहा है। ब्राह्मण समाज के युवाओं के बेरोजगार होने की मूल वजह ब्राह्मण समाज आरक्षण है,जिससे निजात दिलाने का कोई राजनैतिक दल व सरकार तुष्टिकरण की वजह से प्रयास नहीं कर रहे हैं। ब्राह्मण कुंभ के आयोजन कर देश ,प्रदेश व मंडल स्तर पर ब्राह्मण समाज में जागरूकता पैदा करना है। संगठित होकर राजनैतिक एवम सामाजिक निर्णय लेने का संदेश देना है। लोक सभा के चुनाव में ब्राह्मण समाज धोखा देकर अपंग बनाने वाले राजनैतिक दलों सबक सिखाकर दम लेगा।

**अमृत विचार।** इंडिया गठबंधन में समाजवादी पार्टी एवं कांग्रेस का सीट बंटवारा हो जाने के बाद प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी की चमक फीकी पड़ सकती है। फिर तो अंगूठा दिखायेंगे टिकट के दावेदार

खासकर जालौन, गरौठा, भोगनीपुर लोकसभा क्षेत्र में पार्टी की स्थिति पिछले लोकसभा चुनावों के मुकाबले उलट हो सकती है। प्रदेश की राजनीति में अलग-थलग पड़ती दिख रही बसपा के लिए अकेले दम पर चुनाव लड़ना अब आसान नहीं माना जा रहा है। क्योंकि पिछले विधानसभा चुनाव में जिस तरह से बसपा को एक सीट से संतोष करना पड़ा था उससे बसपा के टिकट के लिए बोली बोलने वालों का अकाल पड़ सकता है। पिछले दिनों इंडिया गठबंधन के दो घटक कांग्रेस एवं समाजवादी पार्टी के बीच विरोधाभासी खबरों के चलते कांग्रेस एवं बसपा के गठबंधन की खबरों ने जोर पकड़ लिया था। राजनैतिक हलकों में यह चर्चा थी कि लोकसभा चुनावों की तारीखों की घोषणा के साथ ही कांग्रेस एवं बसपा गठबंधन का ऐलान हो जाए। लेकिन भारत जोड़ो न्याय यात्रा लेकर यूपी में प्रवेश करने के साथ ही अखिलेश यादव एवं राहुल गांधी ने जिस तरह से सीट बंटवारा पर सहमति व्यक्त कर गठबंधन का ऐलान किया उससे राजनैतिक समीक्षक भी हैरान रह गये। सपा, कांग्रेस का लोकसभा चुनाव में गठबंधन हो जाने के बाद अब प्रदेश की गठबंधन राजनीति से बसपा अलग-थलग पड़ती दिखाई दे रही है और चुनावों की तारीखों के ऐलान के बाद भी बसपा अकेला चलती है। है तो फिर लोकसभा चुनाव में उसकी क्या हालत होती यह किसी से छिपी नहीं है। जहां तक जालौन गरौठा भोगनीपुर लोकसभा क्षेत्र की बात है तो जालौन जिले में बसपा के प्रमुख स्तम्भ विजय चौधरी पूर्व पालिकाध्यक्ष उरई ने सत्ता के दबाव में आकार भाजपा का पट्टा ओढ़ना पड़ा। जाहिर है निकाय चुनाव में गिरजा चौधरी की जीत के बाद से ब्लैक मेलर किस्म के भाजपाई उन्हें नगर का विकास नही करने दे रहे थे। यहां तक कि नगर पालिका परिषद उरई के बजट को घटाने के साथ ही उन्हें तरह-तरह से प्रताड़ित किया जा रहा था। तब नगर की जनता से किए पाये है।

गए वादों को पूरा करने, नगर के एवं विकास को चार चांद लगाने केलिए चौधरी विजय चौधरी को भाजपा में शामिल थमाती होना पड़ा। बसपा के लिए आगामी और लोकसभा चुनाव में विजय चौधरी कल को तुरूप का इक्का कहा जा रहा था के लिए क्योंकि वर्तमान में जालौन गरौठा कहे भोगनीपुर लोकसभा क्षेत्र से जिन चुनाव लोगों के नाम टिकट के दावेदारों के मुंह रूप में चर्चा है। उनमें पूर्व उपवन के संरक्षक बीआर अहिरवार एवं पूर्वकी मंडल कोआर्डडीनेटर सुरेशचंद्र गौतम जा रही प्रमुख रूप से है। यह ऐसे चेहरे नही बसपा कहे जा सकते जिनका पार्टी संभव कार्यकर्ताओ में ज्यादा प्रभाव हो और न ही इन्हे जिताऊ प्रत्याशी कहा जा न जाने सकता है। यह अलग बात जब क्योंकि बसपा के टिकट की बोली बोलने बैठना वाले नही आते है तो फिर झेंप मिटाने अधिक के लिए पार्टी सुप्रीमो उन्हें टिकट वर्ग थमा दें। क्योंकि इन दोनों चेहरों का आज जिले में न तो कोई सामाजिक और न बैंक के कोई राजनैतिक प्रभाव है। फिर भी में बसपा अगर अकेले दम पर चुनाव जो लड़ती है तो वह जालौन गरौठा क्षेत्र के में कांग्रेस की भूमिका में न आ जाये। क्योंकि कांग्रेस प्रत्याशियों को पिछले छिटकने कुछ चुनावों से लोकसभा चुनावों में उनके ४० हजार के आसपास वोट मिल उतार दें। अगर कहीं समाजवादी पार्टी कांग्रेस गठबंधन जिले के किसी समाज के नेता को टिकट है तो फिर बसपा की चमक भी फीकी पड़ सकती है। ऐसे में तक जो नेता बसपा के टिकट पार्टी के टिकट के बोलीदाता जाते थे वह बसपा के अकेले लड़ने की स्थिति में बसपा से चुराते नजर आ सकते है। बसपा टिकट बेचने वाले कोआडर्डीनेटरों हालत तो और भी पतली बतायी है। क्योंकि इंडिया गठबंधन में शामिल नही हो पाती है। तो है कि पार्टी के इन टिकट के कोआर्डीनेटरों को प्रत्याशी खोजने में कितने पापड़ बेलने पड़े। डूबते जहाज पर कोई नही चाहता। बसपा का जो सबसे नुकसान हुआ है वह पिछड़े का पार्टी से बिछड़ जाना रहा। बसपा के पास पार्टी के मूलवोट अलावा कुछ भी उसके पक्ष अच्छा नही दिख रहा है। पार्टी के मिशनरी नेता थे वह भी। बसपा की नींव में लालाराम जैसे कोआर्डीनेटरों की तपस्या है।

# अफसरों के पद रिक्त रहने से कामकाज प्रभावित

संवाददाता, कालपी

- एसडीएम व ईओ के पद भी पड़े खाली

**अमृत विचार।** महत्वपूर्ण विभागों के अधिकारियों के पद रिक्त होने से कार्य प्रभावित हो रहे हैं। अधिकारियों के पद काफी दिनों से खाली चल रहे हैं।

जिला प्रशासन के द्वारा बीते सप्ताह कालपी के उपजिलाधिकारी न्यायिक विश्वेश्वर सिंह का स्थानांतरण माधौगढ़ एसडीएम के पद पर हो जाने से यह पद रिक्त है। पालिका के अधिशासी अधिकारी वेद प्रकाश यादव भी हट गये है। जबकि नगर पालिका परिषद कालपी के सफाई निरीक्षक सुनील कुमार राजपूत का तबादला प्रयागराज हो गया है। महत्वपूर्ण विभागों के तीन अधिकारियों के पद खाली हो जाने से शासकीय तथा बिभागीय एवं न्यायिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक नगर पालिका परिषद कालपी के तत्कालीन अधिशासी अधिकारी वेद प्रकाश यादव पर निलंबन की कार्रवाई की गई है। 31 जनवरी से नगर पालिका परिषद कालपी के अधिशासी अधिकारी का पद खाली चल रहा है। इस महीने पालिका के कर्मचारियों का वेतन का वितरण भी नहीं हो सका है। इसके अलावा ठेकेदारों के भुगतान भी रुके पड़े हुए। इससे पहले नगर पालिका के सफाई निरीक्षक सुनील कुमार राजपूत का शासन के द्वारा प्रयागराज के लिए स्थानांतरण कर दिया गया है। राजपूत रिलीव हो करके चले भी गए हैं। महत्वपूर्ण पद खाली हो जाने के कारण नगरीय क्षेत्र का विकास कार्य भी प्रभावित हो रहे है। इसी प्रकार उपजिलाधिकारी न्यायिक विश्वेश्वर सिंह का स्थानांतरण हों जाने से राजस्व विभाग के न्यायिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। जनहित में शासन से अपेक्षा है कि उक्त महत्वपूर्ण पदों पर शीघ्र नियुक्त की जाये।

## एक नजर

### जिला बदर अपराधी दबोचा गया

**कुठौंद-जालौन।** थाना क्षेत्र की पुलिस ने जिला बदर अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कुठौंद थाना क्षेत्र के पालपुर गांव निवासी राजवीर सिंह पुत्र धीरज सिंह का लंबा अपराधिक इतिहास है। अवैध असलहा रखने के जुर्म में दो बार जेल जा चुका है। इसके अलावा दलित युवक को जान से मारने की नीयत से घायल करने का केस भी है। आरोपी धीरज आधा दर्जन बार जेल जा चुका है। पुलिस की रिपोर्ट पर प्रशासन ने आदतन अपराधी मानकर जिला बदर की कार्यवाही की थी। पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर जिला बदर अपराधी धीरज सिंह को गिरफ्तार कर गुंडा एक्ट में जेल भेजा है।


अपराधी राजवीर।

### गांजा सहित एक गिरफ्तार

**उरई( जालौन)।** थाना कुठौन्द पुलिस द्वारा अभियुक्त पर्वत सिंह पुत्र वीर सिंह निवासी ग्राम पीपरी गहरवार थाना कुठौन्द जनपद जालौन को 700 ग्राम नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया।

# पुलिस भर्ती के नाम पर ठगी करने वाला पकड़ा गया

## आटा थाना क्षेत्र के भदारेखी में वसूली की कर रहा था कोशिश

कार्यालय संवाददाता, उरई

- ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची क्षेत्रीय पुलिस
- थानाध्यक्ष बोले- पूछताछ में लग रहा मनोरोगी

**अमृत विचार।** पुलिस की वर्दी पहन ठगी करने वाले को ग्रामीणों ने संदेह के आधार पर पुलिस को सूचना दी। इस पर क्षेत्रीय पुलिस ने उसे पुलिस को सौंप दिया।

मामला आटा थाना के भदारेखी गांव का है। बीती देर रात पुलिस हेड कांस्टेबिल की वर्दी पहने 65 वर्षीय बुद्ध बालाराम को भदरेखी गांव के लोगो ने उस समय धर दबोचा, जब वह गांव में घूम घूम कर युवकों को पुलिस में भर्ती कराने का झांसा दे रहा था। पुलिस में भर्ती कराने

के लिए लोगो से पांच लाख की रिश्वत देने की बात कर रहा था। ग्रामीणों ने बताया कि अधिक

उम्र होने और भर्ती की बात करने पर ग्रामीणों को शक हो गया। ग्रामीणों ने आटा थाना को फोन से सूचित किया। रात 10 बजे पुलिस ने मौके पर पहुंच कर फर्जी पुलिस कर्मी को गिरफ्तार

थानाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि ग्रामीणों की ।सूचना पर भदरेखी गांव से 65 वर्षीय बालाराम को हिरासत में लिया गया है। पूछताछ में पता चला कि हिरासत में लिया गया बालाराम एक मनोरोगी है। वह एस ओ से ही कहने लगा कि तुम्हे भी पुलिस में भर्ती करा देगा। वह अपने आपको एक साल पहले पुलिस में भर्ती होने की बात कर रहा है। पहनी गई पुलिस की वर्दी के संबंध में पूछने पर बालाराम ने कहा कि एक साल पहले पुलिस में भर्ती के समय मिली थी। एसओ ने बताया कि पकड़े गए बालाराम ने बताया कि वह नादीगंव का रहने वाला है। एस ओ का कहना है कि गहनता से जांच करने के बाद ही किसी ठोस निर्णय में पहुंचा जायेगा। उचित कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

### पति की थाने में शिकायत

**उरई।** माधौगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बावली निवासी जितेंद्र कुमार की पत्नी द्वारा ने अपने पति की थाने में शिकायत की थी। जानकारी के अनुसार आए दिन रोज का विवाद से तंग आकर उसने थाने में लिखित शिकायत की थी लेकिन जीतेन्द्र कुमार ग्राम बावली पुलिस की घोर लापरवाही के चलते थाने से फरार हुआ था। तब पब्लिक ने उसको पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था।


राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपते कार्यकर्ता। अमृत विचार

# पुलिस परीक्षा रद होने के विरोध में आप ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, उरई-जालौन

**अमृत विचार।** पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक मामले की जांच करवाये जाने की मांग को लेकर सोमवार को आम आदमी पार्टी के लोगों ने गांधी चबूतरा पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा।

आम आदमी पार्टी के यूथ विंग के जिलाध्यक्ष उदय यादव, भूपसिंह राजपूत जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा, सलीम राईन, शिवबालक, ओमप्रकाश, महेंद्र प्रजापति, धीरेंद्र चौधरी सहित आदि ने गांधी चबूतरा पर प्रदर्शन करते हुए राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को भेंट करते हुए कहा कि एक और जहाँ यूपी में बेरोजगारी दर निरंतर बढ़ती जा रही है, तो वहीं दूसरी ओर बमुश्किल निकल रहीं भर्तीओं के परीक्षाओं के भी सक्रिय हों जाते हैं। यह भी बताया कि ताजा मामला यूपी पुलिस भर्ती का है तथा 17 और 18 फरवरी को भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हो गया तथा कड़ी मेहनत कर परीक्षा की तैयारी करने वाले लाखों परीक्षार्थियों की मेहनत पर पानी फिर गया ।जिसका लखनऊ सहित पूरे प्रदेश के युवाओं का जोरदार विरोध प्रदर्शन के दबाव में सरकार को परीक्षा रद्द करनी पड़ी ।उन्होंने कहा कि आप मांग करती है कि पुलिस भर्ती पेपर लीक होने की हाईकोर्ट की निगरानी में जांच करवायें।

## सार-संक्षेप

### विधायक निधि से बन रही सीसी रोड पर सवालिया निशान

**कालपी।** विधायक निधि से ग्राम पंचायत मगरौल में डामर रोड पर डलवाई गयी सीसी सड़क पर सवाल खडे हो रहे हैं। ग्रामीणो ने रोड की गुणवत्ता पर सवाल उठाकर जांच की मांग की है। विदित हो कि क्षेत्रीय विधायक ने क्षेत्र के अधिकतर ग्रामपँचायतो में सी सी रोड का प्रस्ताव दिया है। इसी योजना के तहत महेवा ब्लाक क्षेत्र के ग्राम मँगरौल में भी 100 मीटर सी सी रोड का निर्माण कराया है जिसके पी डब्लू डी विभाग द्वारा कराये गए इस कार्य में ठेकेदार ने डामर रोड पर ही सी सी डाल दी है। शिकायत कर्ता की माने तो सडक निर्माण में गुणवत्ता का तो मखौल उडाया ही गया है साथ ही धन की भी बरबादी कर नालियो में भी धन बरबाद किया है। जिसमे विधुत पोल को बीच नाली में ही ले आए है जिससे पानी निकलने का रास्ता बन्द हो गया है। शिकायत कर्ता ने ठेकेदार के इस कारनामे को सरकारी धन का दुरूपयोग मानते हुए जिलाधिकारी से जाँच कराये जाने की मांग की है।


बनाई जा रही सीसी रोड। अमृत विचार


लोक अदालत को लेकर हुई बैठक में मौजूद अफसर। अमृत विचार

### लंबित वादों की मांगी गई सूची

कार्यालय संवाददाता, उरई( जालौन) ।उ . प्र . राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में आगामी 9 मार्च को आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता सुनिश्चित किये जाने हेतु जनपद न्यायाधीश लल्लू सिंह के मार्ग-दर्शन में जिले के समस्त उप जिला मजिस्ट्रेट, नगर मजिस्ट्रेट के साथ बैठक सम्पन्न हुई। इसमें अपर जिला जज व सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महेन्द्र कुमार रावत द्वारा उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि उनके न्यायालयों में लम्बित वादों को चिन्हित कराकर अतिशीघ्र इनकी सूची जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को उपलब्ध करायें। उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। सचिव व अपर जिला जज महेन्द्र कुमार रावत ने राष्ट्रीय लोक अदालत में चिह्नित वादों मे से अधिक से अधिक का निस्तारण कर समय से सूचना उपलब्ध कराये। उपस्थित अधिकारियों से अपर जिला जज, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महेन्द्र कुमार रावत द्वारा यह अपेक्षा की गयी कि माननीय उ .प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ से प्राप्त गाइड-लाइन्स के अनुपालन में विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं/विधिक जागरूकता कार्यक्रमों में प्रशासन एवं अन्य विभागों का सहयोग सुनिश्चित करें तथा ग्रामीण एवं शहरीय क्षेत्रों में कार्यरत पैरालीगल वालंटियर्स को भी उनके कार्यों में समस्त विभागों की ओर से आवश्यक सहयोग दिया जाना सुनिश्चित करें। बैठक में उपस्थित जिले के उपजिला उपस्थित अधिकारियों ने पूर्ण सहयोग दिये जाने का आश्वासन दिया। बैठक में सचिव, विकास प्राधिकरण उरई बैजनाथ, उपजिला मजिस्ट्रेटस के प्रतिनिधि तहसीलदार कालपी अभिनव तिवारी, नायब तहसीलदार उरई राहुल यादव, नायब तहसीलदार माधौगढ़ वैभव कुमार एवं नायब तहसीलदार कोंच सुधीर कुमार सिंह उपस्थित रहे।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**कालपी (जालौन)।** कालपी नगर के मोहल्ला कागजीपुरा में छंगे आश्रम मंदिर के निकट निवास करने वाले श्याम बिहारी गुप्ता फौज से रिटायर होकर कालपी में निवास कर रहे हैं। उनके 18 वर्षीय पुत्र सत्यम ने घर के कमरे में लगे पंखे में फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। जैसे ही घटना की जानकारी परिवारिकजनों को हुई तो घर में सभी स्तब्ध रह गए ।पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की।

# आधा दर्जन जुआरी किए गिरफ्तार, नकदी बरामद

संवाददाता, कालपी

**अमृत विचार।** नगर के मोहल्ला हरीगंज में पुलिस ने छापा मारकर हार जीत की बाज़ी लगते हुए आधा दर्जन जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा मौके से 2500 रुपये नकदी, जामा तलाशी में 700 रुपये व ताश की गड्डी बरामद की गई है। पकड़े गए जुआरियों के खिलाफ 13 गैबलिंग एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

रविवार को उपनिरीक्षक सन्तोष शुक्ला, हमराह शैलेन्द्र कुमार, सिपाही रामसिंह व होमगार्ड मोहनलाल के साथ गश्त पर थे। तभी मुखबिर ने सूचना दी कि शुभान गुंडा हवेली के निकल फड़ लगाकर जुआ खेला जा रहा है। पुलिस ने तत्काल मौके पर दबिश देकर 26 वर्षीय रुस्तम पुत्र कामतानाथ निवासी मोहल्ला हरीगंज, 50 वर्षीय सन्दीप सोनी पुत्र श्यामबाबू निवासी मोहल्ला बड़ा बाजार, 30 वर्षीय प्रमोद पुत्र करन यादव निवासी मोहल्ला हरीगंज, 28 वर्षीय आसिफ पुत्र असलम निवासी मोहल्ला हरीगंज, 28 वर्षीय गोपाल पुत्र गुड्डू निवासी मोहल्ला सदर बाजार, 24 वर्षीय मोतीचंद्र पुत्र राधेश्याम निवासी मोहल्ला हरीगंज को गिरफ्तार कर लिया जिनकी तलाशी लेने पर कुल 700 रुपये नकद व ताश की गड्डी बरामद की गई, वहीं पुलिस ने फड़ से 2500 रुपये बरामद किये।

# मेडिकल छात्रों का मार्ग दर्शन कार्यशाला का मकसद

संवाददाता, उरई-जालौन


कार्यशाला में आए अतिथि। अमृत विचार

**अमृत विचार।** तीन दिवसीय बेसिक कोर्स ऑफ मेडिकल एजूकेशन कार्यशाला का आयोजन किया गया। समापन सत्र में एनएमसी पर्यवेक्षक द्वारा प्रतिभागियों और संसाधन व्यक्तियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य चिकित्सा के शिक्षण एवं प्रशिक्षण में गुणवत्ता को उन्नती प्रदान करना था, जिससे भविष्य में चिकित्सा विज्ञान में अध्ययनरत स्नातक छात्र-छात्राओं को समुचित प्रशिक्षण उपलब्ध हो सके। मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य डा. आरके मौर्या के नेतृत्व में एनएमसी रीजनल सेंटर, मेडिकल एजूकेशन टेक्नोलॉजी, एसआरएम एसआईएमएस, बरेली द्वारा नामित एनएमसी पर्यवेक्षक डा. धनंजय कुमार के तत्वावधान में आयोजन हो रहा है। इस चिकित्सा महाविद्यालय की एमईयू समन्वयक डा. आफरीना नासिर के संचालन में त्रिदिवसीय कार्यशाला का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। इन तीन दिन वो कार्यशाला में अलग अलग विभाग व 30 संकायों सदस्य सम्मिलित हुये। प्रतिभागियों को छह समूह में विभाजित किया एवं सक्रिय चर्चा में शामिल किया गया। व्यावहारिक प्रशिक्षण उद्देश्यों, पाठ योजनाओं और टीएल विधियों के निर्माण के साथ शुरू हुआ और प्रत्येक समूह के लिए दी गई योग्यता के मूल्यांकन के साथ समाप्त हुआ। इसे सहकर्मी समूहों और सुविधाप्रदाओं की टिप्पणियों के आधार पर सुधार के साथ चरणबद्ध पैटर्न में विकसित किया गया। कार्यक्रम की प्रभावशीलता का आंकलन करने के लिए प्रीटेस्ट, पोस्टटेस्ट और रेट्रो-प्री-विश्लेषण किया गया। सभी एमईयू सदस्यों ने संसाधन शिक्षक के रूप में सक्रिय रूप से भाग लिया।

कार्यशाला में डा. आफरीना नासिर, डा. जीएस चौधरी, डा. आलोक कुमार, डा. सुनित सचान, डा० लता सचान, डा. पीयूष मिश्रा, अरुण अहिरवार, डा. छवि जयसवाल, डा. चरक संगवान ने संसाधन शिक्षकों के रूप अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया एवं बायोकेमिस्ट्री विभाग के ट्यूटर डॉ प्रकाश सिंह लोधी, डा० ईशा सरकार, डा. हिमांशू सोनी, डा. आदित्य गौर ने कार्यशाला में सहयोग प्रदान किया।

**व्यवस्था** | दम तोड़ गया मंगरौल का डाकखाना

# चार साल से पोस्टमास्टर नहीं, डाकिया रिटायर

संवाददाता, कालपी

- खाताधारकों की संख्या अब भी एक सैकड़ा
- नई व्यवस्था में मंगरौल का डाकघर मैनूपुर से संबद्ध



**अमृत विचार।** मंगरौल गांव स्थित पोस्ट आफिस किसी मजाक से कम नहीं है। यहा 4 वर्ष से पोस्टमास्टर नहीं है। दो माह पूर्व डाकिया भी सेवानिवृत्ति हो चुका है। जबकि इस पोस्ट ऑफिस में लगभग 1000 खाताधारक अभी हैं।

भारत सरकार ने आजादी के बाद ग्रामीण क्षेत्रो में जगह जगह पोस्ट ऑफिस खोले। जहा पर लोगो के पत्रो का आवागमन होता था तो धन जमा-निकासी की भी सुविधा थी। लोगो को शासकीय डाक हो या रिश्देदारो के द्वारा भेजे गए पत्रो का वितरण भी पोस्ट आफिस से होता था। हालाकि दूरसंचार के क्षेत्र में आई क्रान्ति से पोस्ट आफिस में अधिक काम नहीं रहा है फिर भी सरकारी पत्रो के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिग की सुबिधा तो मिल रही थी लेकिन अब शायद सरकारो का ध्यान अपनी इस सेवा की तरफ नही है।

ग्रामीणो की माने तो वर्ष 2019 मे पोस्ट मास्टर के रूप में कार्यरत उर्मिला सेवानिवृत्त हो गई थी जिससे इस डाकघर की व्यवस्था सँचालन का भार डाकिया के रूप में कार्यरत दिनेश चन्द्र दुबे उर्फ धनीराम के पास जो मगरौल गाँव उसके 4 मजरो के अलावा पडरी, शेखपुर गुढा, गुढा खास के वाशिन्दो के अलावा पुलिस ट्रेनिग विद्यालय तक डाक विभाग की सेवा का लाभ पहुचाते थे लेकिन गत 31 दिसम्बर को एकलौते डाकिया भी सेवानिवृत्ति हो गए हैं ।डाक विभाग के सूत्रो की माने तो मगरौल गांव स्थित पोस्ट ऑफिस का कार्यभार मैनूपुर गाँव स्थित पोस्ट ऑफिस से सम्बद्ध कर दिया गया है जिसकी बजह से देवकली, कीरतपुर, मैनूपुर, हीरापुर धर्मपुर क्षेत्र के साथ मँगरौल गांव स्थित पोस्ट ऑफिस का अतिरिक्त काम भी एक डाकिया के भरोसे है जिससे पत्राचार के साथ विभाग की बैकिंक सुबिधा भी ठप पड गई है जबकि मगरौल गांव स्थित पोस्ट आफिस में लगभग 1000 खाताधारक है। क्षेत्र की जनता ने विभाग के आला अफसरो से आग्रह किया कि खाली पडे पोस्ट आफिस में पोस्ट मास्टर के साथ डाकिया भी तैनात किया जाये जिससे ग्रामीण क्षेत्र में समय से जरूरी डाक वितरण के साथ बैंकिग की सुबिधा भी जारी रहे।

# माधौगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर बड़ी संख्या में आ रहे रोगी

**माधौगढ़-जालौन।** माधौगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मौसम में उतार-चढ़ाव से मरीजों की संख्या बढ़ी है। रोगियों की तादाद में अचानक वृद्धि को चिकित्सक मौसम में हो रहा बदलाव बताते हैं।

चिकित्सा अधिकारी कुलदीप राजपूत ने बताया कि अचानक मौसम बदलने से ज्यादातर मरीजों को जुखाम खांसी बुखार आदि बीमारियां हो रही है।

कुलदीप राजपूत ने बताया कि माधौगण कस्बा के अलावा कैलोर, कुरेती, बंगरा गोहन, उदनपुरा, सरावली, रामहेतपुरा, मिहोनी, राजपुरा, उदनपुरा, हैदलपुरा,हरौती, आदि ग्राम पंचायतें लगती हैं। इसलिए मरीजों की संख्या ज्यादा हो जाती है।

# महिलाओं को स्वयं समूहों के जरिए भाजपा ने बनाया आत्मनिर्भर

कार्यालय संवाददाता, उरई-जालौन


भाजपा के केंद्रीय चुनाव कार्यालय में एनजीओ प्रमुखों का सम्मेलन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जनपद के एनजीओ प्रमुखों का सम्मेलन किया गया जिसके मुख्य अतिथि जिला प्रभारी ने बताया कि महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए भाजपा सरकार का बहुत बड़ा योगदान रहा है। जैसे स्वयं सहायता समूह के द्वारा महिलाओं को एक व्यवसाय करने का मौका उपलब्ध कराया गया। ताकि दूसरों पर महिलाएं निर्भर न रहें और वह स्वयं अपना परिवार चलाने में सक्षम रहें।

मनेद्रलय गेस्ट हाउस उरई में आयोजित सम्मेलन में वक्ताओं ने कहा कि ऐसी ही कई अन्य योजनाओं से महिलाओं को लाभान्वित किया जा रहा है। भाजपा सरकार में महिलाओं के सम्मान के लिए संसद में 33 प्रतिशत आरक्षण का बिल पास किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष उर्विजा दीक्षित कर रही थीं। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा, भाजपा जिला प्रभारी अशोक जाटव व जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामानुग्रह राजावत, ऊषा गुप्ता, रेखा वर्मा, मंजू वर्मा, अंजू अग्रवाल, मीनू, नर्मदा प्रीत गुप्ता, पुष्पेंद्र सेंगर, मनोज यादव, नीरज दुबे, रामजूत गुर्जर, अर्जित गुर्जर के अलावा महिलाएं उपस्थित रहीं।

# हादसों से नहीं ले रहे सबक, ट्रैक्टर्स -ट्रॉली पर बैठाई जा रही सवारियां

## नियमों का नहीं हो रहा पालन, कासगंज हादसे में गई थीं कई लोगों की जानें

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** बीते दिनों कासगंज हादसे के बाद भी दोआबा के लोग सबक नहीं ले रहे, और खुले आम ट्रैक्टर ट्रॉली में बैठकर सफर कर रहे हैं। इन्हें न तो अपनी जान का डर है और न ही दूसरों की। साथ ही एआरटीओ और ट्रैफिक पुलिस इन पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही। जिले के मुख्यालय पर ही ट्रैक्टर-ट्रॉली व लोडर में सवारियां ढोने का सिलसिला यातायात नियमों की अनदेखी कर बदस्तूर जारी है।

कानपुर के कासगंज घटना के बाद से ही सीएम के सख्त निर्देश हैं कि कोई भी डग्गामार वाहन या ट्रैक्टर-ट्राली में सफर करता है तो कार्रवाई की जाए, इसके बावजूद जिले में परिवहन विभाग और यातायात पुलिस गम्भीर नहीं दिख रही है।



ट्रैक्टर-ट्राली पर बैठकर जाते यात्री। अमृत विचार

ट्रैक्टर ट्राली से कई बार हुए हादसे के बाद भी लोग सबक नहीं ले रहे हैं और दो दिन पूर्व माघी पूर्णिमा पर मुख्यालय की सड़कों पर ट्रैक्टर ट्राली व लोडर में यात्रियों को बैठाकर फर्राटा भरते नजर आए। इसके अलावा हर रोज ऐसे वाहन आपकों मार्गो में दिख जाएंगे, जिनसे हादसे होने का खतरा बना रहता है। परिवहन विभाग का कोई अधिकारी ऐसे ट्रैक्टर-ट्राली पर बैठे लोगों पर कार्रवाई करते हुए नहीं दिखाई दिया। जबकि मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश है कि ऐसे वाहनों पर कार्रवाई की जाए।

### असुरक्षित रहती यात्रा

ट्रैक्टर से ट्राली एक हुक के द्वारा जुड़ी रहती है। किसी आयोजन या फिर मेला गंगा घाट जाने के लिए चालक ट्राली में करीब 100 सवारियां तक भर लेते हैं। जरा सी लापरवाही बड़े हादसे का कारण बन जाती है। कई बार घटनाएं होने के बाद से प्रदेश सरकार ने ऐसे वाहनों में सवारी ढोने के लिए पूर्णतया प्रतिबंधित किया जा चुका है। बावजूद इसके इन पर रोक नहीं लग पा रही है।

### कृषि कार्य के नाम ढोई जाती हैं सवारी

ट्रैक्टर एक ऐसा वाहन है जिसे कृषि कार्य के लिए प्रयोग किया जाता है। लेकिन अब इसे भी लोगों द्वारा कामार्शियल बना दिया गया है। शहरी क्षेत्र में ट्रैक्टर ट्राली से ईंट-मोरंग समेत अन्य सामग्रियां ढोई जाती हैं तो ग्रामीणांचलों में इनमें सवारियां भी ढोई जाती हैं।

# ट्रक में नहीं बैठा मजदूर तो मार दी टक्कर, मौत

**फतेहपुर।** नशेबाज ट्रक चालक ने मजदूरों के ट्रक पर नहीं बैठने की खुन्नस में एक मजदूर पर ट्रक से टक्कर मार दी। मजदूर की कानपुर हैलट में मौत हो गई थी। रविवार को परिजनों ने चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मामला दर्ज कराया है।

थरियांव थाना क्षेत्र के बीबीहाट गांव निवासी अशोक कुमार (33) मजदूरी करता था। पिता छोटेलाल ने बताया कि सीमेंट उतारने के लिए गुरुवार को डीलर का गांव के कमल के पास फोन आया। कमल गांव से अशोक, सरवन, अखिलेश के साथ सीमेंट उतारने बीबीहाट मोड़ पर सीमेंट लदे ट्रक में बैठकर गए। इस दौरान थरियांव में ट्रक चालक ने शराब पी। हादसे का खतरा भांप कर चारों मजदूर थरियांव से पैदल गांव को चल दिए। इसी खुन्नस में करनपुर मोड़ के पास चालक ने अशोक को टक्कर मार दी। मामले की तहरीर पर पुलिस ने गैरइरादतन हत्या का मामला दर्ज किया है।

# मारपीट में घायल किशोरी की मौत

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** एक दिव्यांग किशोरी की घर पर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिवार के लोगों ने आरोप लगाया कि हैंडपंप पर पानी भरने के विवाद में दबंगों ने घर पर घुसकर मारपीट की थी। इस पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पीड़ित परिवार के किसी भी सदस्य का मेडिकल नहीं कराया गया। मारपीट से घायल बेटी की मौत हो गई है। पुलिस का कहना कि मारपीट के मामले में 14 लोगों पर मुकदमा दर्ज है।

राधा नगर थाना क्षेत्र के मलाका गांव के 26 कॉलोनी मदरियापुर के रहने वाले सुनील शर्मा की 15 वर्षीय दिव्यांग पुत्री सरिता देवी की संदिग्ध परिस्थितियों में घर पर मौत हो गई। बेटी की मौत के बाद मां सीता देवी और पिता सुनील ने आरोप लगाते हुए बताया कि 17 फरवरी के दिन हैंडपंप पर पानी भरने को लेकर गांव के कुछ लोगों से विवाद हो गया था। इसके बाद 10 से 15 लोगों ने लाठी-डंडे से घर में घुसकर मारपीट की थी। चीख-



किशोरी की मौत के बाद घर के बाहर जमा भीड़। अमृत विचार

पुकार सुनकर परिवार के अन्य लोग पहुंचे तो उनको भी मारपीट कर घायल कर दिया गया था। मारपीट में सुजीत, दाया देवी, मखनी, लाजू, रानी देवी सहित कई लोगों चोट लगी थी। इसकी शिकायत थाना पुलिस में करने के बाद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। जिन लोगों ने मारपीट की थी उनको थाना से छोड़ दिया गया था। डीएम से शिकायत करने के बाद एक का मेडिकल कराया था, पैर से दिव्यांग बेटी का मेडिकल नहीं हुआ और मौत हो गई। थाना प्रभारी रमेश पटेल ने बताया कि 17 फरवरी को हैंडपंप पर पानी भरने को लेकर दो पक्ष में मारपीट की गई थी। पीड़ित सीता देवी पत्नी सुनील के तहरीर पर चांद सिंह, मदन, रवी, गिरिजा शंकर, सूरज सहित करीब 14 लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया था। परिवार के लोग जिस किशोरी के मौत की बात कह रहे हैं वह लड़की दोनों पैर से दिव्यांग है और तहरीर में परिजनों ने कहीं भी नाम लिखकर नहीं दिया था। परिवार के लोग शव का पोस्टमार्टम करना चाहते हैं तो पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

# सामुदायिक शौचालय में लटक रहा ताला

संवाददाता, किशनपुर फतेहपुर

**अमृत विचार।** लाखों रुपए खर्च कर ग्राम पंचायतों में बनाए गए सामुदायिक शौचालय बेमकसद साबित हो रहे हैं। ज्यादातर सामुदायिक शौचालयों पर ताला लटक रहा है। इससे ग्रामीण सामुदायिक शौचालय का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। जिसके कारण हाथ में लोटा लेकर जंगल जाने को विवश हैं।

विजयीपुर विकास खंड की ग्राम पंचायत गुरुवल में करीब तीन वर्ष पूर्व लाखों रुपए की लागत से सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया था। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद इसका उद्घाटन भी कर दिया गया। लेकिन उद्घाटन के बाद से आज तक सामुदायिक शौचालय पर ताला लटकता रहता है। सामुदायिक शौचालय में ताला बंद रहने की वजह से ग्रामीण सुविधाओं से वंचित हो रहे हैं। सामुदायिक शौचालय की इर्द-गिर्द गंदगी का अम्बार लगा है। सामुदायिक शौचालय पर कराई गई वाल पेंटिंग के भी चिथड़े उड़ गए हैं। लेकिन सामुदायिक शौचालय का ताला नहीं खुल सका। गांव के रहने वाले विक्रम निषाद, सज्जन निषाद, नन्हा निषाद, दीपक, राजू समेत कई ग्रामीणों ने बताया कि शासन द्वारा साल भर पूर्व सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया था। निर्माण होने के बाद सामुदायिक शौचालय पर ग्राम प्रधान व सचिव के द्वारा ताला बंद कर दिया गया। तब से आज तक सामुदायिक शौचालय पर ताला लटकता रहता है। इससे शौचालय का उपयोग नहीं हो रहा।



ग्रामीणों का मुंह चिढ़ाते बंद शौचालय। अमृत विचार

# फिर बिगड़ने लगा मौसम, किसानों की धड़कनें बढ़ीं

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** लगातार हो रहे मौसम में परिवर्तन से किसानों की धड़कनें बढ़ गई हैं। आसमान में बादल देख खेतों में खड़ी फसलें याद आने लगती हैं। सबसे अधिक आलू व सरसों की खेती करने वाले किसान चिंतित हो रहे हैं। सोमवार को अधिकतम तापमान 26 व न्यूनतम 14 डिग्री सेल्सियस रहा।

सुबह आसमान में बादल छाए रहते हैं। घने बादल देख किसानों को खेत में खुदाई के लिए तैयार आलू व कटाई के लिए तैयार सरसों याद आने लगती है। किसान बारिश को लेकर चिंतित हैं। किसानों का कहना है एक बार ओलावृष्टि एवं बारिश से नुकसान उठा चुके हैं। यदि ऐसे में दोबारा दैवीय आपदा आई तो सरसों समेत अन्य फसल खराब हो जाएंगी। वैसे भी अधिक सर्दी व कोहरे में फसलों को नुकसान हुआ है। पाला से आलू पहले ही खराब हो चुका है। अब यदि बारिश हुई तो वह खेतों में सड़ जाएगा। हालांकि, मौसम वैज्ञानिक बारिश की संभावना नहीं जता रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार आसमान में बादल रहेंगे। बारिश व ओला की संभावना नहीं है। जिससे फसलों को नुकसान नहीं होगा। यदि धूप तेज हुई तो किसानों को गेहूं में पानी लगाना पड़ेगा।

### सुबह शाम पड़ रही सर्दी

बीते कई दिनों से मौसम खराब होने से तापमान में भी कमी आई है। दिन में भले ही धूप निकल रही हो। लेकिन शाम होते ही लोगों को सर्दी सताने लगती है। डाक्टरों का कहना है कि तेज धूप देखकर लोग लापरवाही कर जाते हैं, सुबह शाम की सर्दी बीमारी का कारण बन जाती है।

# धूमधाम से संत गाडगे की जयंती मनाई

**फतेहपुर।** शहर के पक्का तालाब स्थित निबहरा में स्थित संत गाडगे सामुदायिक मिलन केंद्र में रविवार को स्वच्छता के जनक कहे जाने वाले संत गाडगे की जयंती धूमधाम से मनाई गई।

संत गाडगे के जीवन एवं उनके कृतित्व पर तमाम लोगों ने प्रकाश डाला। कहा, संत गाडगे जीवन भर समाज को जगाने का कार्य किया। अनपढ़ होते हुए भी शिक्षा के महत्व को जानते थे। वह कहते थे कि कम कीमत के कपड़े पहनों, खाने के बर्तन ना हो तो हाथ में रोटी रखकर खा लो, पत्नी के लिए आभूषण ना खरीदो लेकिन बच्चों को शिक्षा के बिना मत रखो। ऐसे महान समाज सुधारक के संत गाडगे का जन्म महाराष्ट्र के अकोला जिले के गांव में धोबी समाज में हुआ था।

# आलू के भाव चढ़ने से किसानों के चेहरे खिले

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- अधिक सर्दी और पाला गिरने से पैदावार में आई कमी

**अमृत विचार।** आलू के भाव में उछाल से किसानों के चेहरों पर मुस्कान लौट आई है। थोक मंडियों में आलू का भाव इस समय एक हजार रुपए कुंतल से 1200 रुपए प्रति कुंतल तक पहुंच गया है। इससे आलू भाव से मार खाए किसान के चेहरों पर चमक नजर आ रही है।

जिले में 23 हजार हेक्टेयर में आलू की खेती होती है। आलू की खेती से जिले के तमाम किसान सीधे तौर से जुड़े है। बीते कई वर्षों से आलू का भाव किसानों को नुकसान देता चला आ रहा था। अच्छा भाव न मिलने से किसान परेशान थे। हालात यह हो गए थे कि किसानो पर कर्ज का बोझ भी बढ़ता जा रहा था। लेकिन इस बार आलू के भाव ने किसानों के आंसुओं को पोछने का काम किया है। जिले की मंडी में इस समय छट्टा एक हजार रुपए के आसपास आलू बिक रहा है। अच्छा आलू का भा 1200 रुपये प्रति कुंतल तक बिक रहा है। किसान बताते हैं बीते कई वर्षों से आलू भाव दगा दे रहा था, इसलिए किसानों की कमर ही टूट गई थी। लेकिन अब जो भाव चल रहा है उससे राहत मिलती दिख रही है। किसानों ने बताया कि आलू का भाव कम से कम एक हजार रुपए होना चाहिए तभी कुछ हाथ आता है। इस बार जनवरी माह में विकराल सर्दी और पाला पड़ने के कारण आलू की पैदावार में भी गिरावट आई है।

# प्रसूताओं को नहीं मिल रहा जेएसवाई का लाभ

संवाददाता फतेहपुर

- लाभार्थी महिलाएं बैंक और अस्पताल के चक्कर लगाने को हो रही हैं मजबूर

**अमृत विचार।** स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों की खामियों के चलते शहरी और ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को जननी सुरक्षा योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। नवजात शिशु को जन्म देने के बाद प्रसूताएं प्रोत्साहन राशि के लिए अस्पताल व बैंक शाखाओं का चक्कर लगाने को मजबूर हैं।

जच्चा-बच्चा के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए प्रसूताओं के लिए केंद्र सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी जननी सुरक्षा योजना संचालित है। सैकडों प्रसूताओं को अभी तक जननी सुरक्षा योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिसमे कई प्रसूताएं इस योजना के लाभ से सालों से वंचित हैं। योजना के तहत संस्थागत अस्पताल में प्रसव होने पर ग्रामीण अंचलों की महिलाओं को 14 सौ तो शहरी क्षेत्र की महिलाओं को एक हजार रुपये लाभार्थी के बैंक खाते में दिए जाते हैं। स्वास्थ्य कर्मियों की लापरवाही के चलते ग्रामीण क्षेत्र की कई प्रसूताओं को कई माह बीतने के बाद भी राशि नहीं मिल पाई है। बच्चों को जन्म देने वाली महिलाएं सीएचसी और बैंक का चक्कर काट रही हैं। महिलाओं का कहना कि प्रोत्साहन राशि से ज्यादा तो किराये और भाग दौड़ में पैसा खर्च हो जा रहा है। आशा वर्करों ने बताया कि प्रसूताएं कई-कई बार कागजात जमा कर चुकी हैं।

# संवेदनशील मतदान केंद्रों की शीघ्र पहचान करें

**बिंदकी।** आगामी लोकसभा 2024 चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आते जा रहे हैं पुलिस और प्रशासन अपनी तैयारी तेज करता जा रहा है।

नगर के कोतवाली परिसर में उप जिलाअधिकारी अनिल कुमार यादव तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी सुशील कुमार द्विवेदी ने पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ बैठक की। बैठक में थाना कल्यानपुर, औंग, बकेवर, बिंदकी, जहानाबाद के पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। उप जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी अपने-अपने क्षेत्र के मतदान केंद्रों में जाकर उसका भौतिक सत्यापन करें। संवेदनशील मतदान केन्द्रों की सूची तैयार कर जल्द से जल्द बनाने का काम करें।

# परीक्षाओं से पहले नए सत्र की किताबें आईं

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- परिषदीय विद्यालयों के बच्चों निशुल्क दी जाती हैं पुस्तकें
- एक अप्रैल से शुरू होगा नया सत्र, 16 मार्च से होंगी परीक्षाएं

अमृत विचार। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित परिषदीय स्कूलों में कक्षा आठ तक की पढ़ाई करने वाले छात्रों को इस साल पाठ्य पुस्तकों का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। नया शिक्षा सत्र शुरू होते ही छात्रों के हाथों में किताबें होंगी। सत्र शुरू होने से दो माह पहले ही किताबें जिला मुख्यालय पहुंच गईं। कक्षा तीन से आठ के लिए पाठ्य पुस्तकों की बड़ी खेप मुख्यालय पहुंच चुकी हैं।

छात्र-छात्राओं को निशुल्क दी जाने वाली किताबों को जिला मुख्यालय पर पहुंचने के बाद सुरक्षित रखा गया है। छात्रों को वितरित करने के लिए जो किताबें पहुंची हैं, उन किताबों का जिले के अधिकारी सत्यापन कर रहे हैं। इस कार्य के लिए डीएम द्वारा नामित अधिकारी ने सत्यापन किया। इस समिति में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी पंकज यादव, खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय, प्रवक्ता डायट भी शामिल हैं। जिला समन्वयक अखिलेश सिंह ने बताया है कि सत्यापन के बाद अब अति शीघ्र आपूर्ति की गई किताबों को बीआरसी के माध्यम से विद्यालयों में पहुंचा दिया जाएगा। किताबें शैक्षिक सत्र 2024-25 के शुभारंभ के पर बच्चों को वितरित की जाएंगी।

### पहले जुलाई के बाद आती थीं पाठ्य पुस्तकें

पूर्व के शिक्षासत्रों में यह किताबें काफी देरी से आती थीं। नया शिक्षा सत्र अब अप्रैल से शुरू हो जाता है और फिर जून की छुट्टी के बाद जुलाई में स्कूल खुलते हैं और आमतौर पर जुलाई के बाद किताबें आती हैं और फिर वितरण का कार्य शुरू कराया जाता है। बच्चों की तिमाही परीक्षा तो बिना किताबों या फिर पुरानी किताबों से पढ़कर हो जाती हैं।

### 16 मार्च से 31 मार्च तक होंगी वार्षिक परीक्षाएं

बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में वार्षिक परीक्षाएं कराई जानी है जो अगले माह की 16 तारीख से शुरू हो रही है। 31 मार्च को इन परीक्षाओं के परीक्षा फल को वितरण कर दिया जाएगा और फिर एक अप्रैल से नयाशिक्षा सत्र शुरू हो जाएगा। इसके बाद ही किताबों का वितरण शुरू कर दिया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### एसपी ने एसओ को सौंपी जांच

**औंग।** दहेज प्रताड़ना के एक मामले की जांच एसपी ने एसओ को सौंपी है। पीड़िता ने एसपी से शिकायत की थी। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के गांव भाऊपुर निवासी शिमला देवी ने एसपी को की गई शिकायत में बताया कि शादी के बाद बाइक की मांग को लेकर उसके साथ मारपीट कर उसे प्रताड़ित किया जाता रहा है। पीड़ित महिला ने पति धर्मेन्द्र कुमार, ससुर बाबूराम, सास राजरानी, देवर राजेन्द्र कुमार, सौरभ कुमार व नन्हे के खिलाफ दहेज के नाम पर मारपीट कर उत्पीड़न करने, पूरी जेवर छीन लेने, घर पर एक महिला को रखने का गम्भीर आरोप लगाया है। मामले में थाना पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की तो एसपी से शिकायत की। एसपी के निर्देश पर एसओ ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### सांसद आदर्श गांव में चला सफाई अभियान

**किशनपुर, फतेहपुर।** विजयीपुर विकास खंड के सांसद आदर्श रामपुर में शनिवार और रविवार को सफाई अभियान चलाया गया। जहां गांव के प्रत्येक नाली और नाला सहित प्रमुख मार्गो को साफ किया गया। ग्रामीणों ने बताया जब से सांसद द्वारा गोद लिया गया है, पहली बार नाला की सफाई की गई है। रामपुर गांव को पहली बार सांसद बनने के बाद सांसद साध्वी निरंजन ज्योति ने गोद लेकर विकास कराने का वादा किया था। लेकिन दस सालों में कुछ खास नहीं हो सका। गांव में गंदगी की काफी सुर्खियां बनी तो शनिवार को सचिव अभिलाष चंद्र मिश्र ने सफाई कर्मियों की टीम लगाकर पूरे गांव के नाली व पुराने कूड़ा से पटे नालो में भरी गंदगी को साफ कराया। गांव के प्रमुख मार्गो में भी सफाई कराई। गांव के हौसला पाल, वीरेंद्र कुमार, धर्मराज सिंह, शिवपूजन सिंह आदि ने बताया कि पिछले साल सफाई अभियान में खानापूर्ति हुई थी। बड़े नालों की सफाई नहीं हुई थी। पहली बार अबकी शनिवार रविवार को टीम ने गांव के सभी नाली एवं नालों की गहराई से सफाई किया है। वहीं सचिव अभिलाष चंद्र मिश्र ने बताया कि अब लगातार रामपुर में सफाई अभियान चलाया जाएगा।

### दूधिया पर हमला कर मोबाइल और नगदी छीनी

**फतेहपुर।** दूध देकर लौट रहे दूधिया पर शनिवार रात बदमाशों ने लोहे की राड से हमला कर दिया। उसे लहूलुहान कर नकदी, मोबाइल छीनकर भाग निकले। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के कोरसम निवासी सोनू यादव बाइक से शनिवार रात चौड़गरा-बकेवर मार्ग पर ढाबों में दूध देकर घर जा रहा था। अदमापुर नहर पुल के पास बाइक सवार तीन बदमाशों ने दूधिया को रोका। उसके सिर पर लोहे की राड से हमला किया। लहूलुहान होने से बाइक से दूधिया गिर पड़ा। उसकी जेब से मोबाइल व 750 रुपए बाइक सवार छीनकर भाग निकले। दहशत में दूधिया घर के बजाए पास के ही एक ढाबे में पहुंचा। ढाबा मालिक ओम ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दूधिया का क्लीनिक में इलाज कराने के बाद घर भेज दिया।

ग्रामीणों ने किया हंगामा | पुलिस ने पहुंचकर शांत कराया मामला, सीओ ने कहा-पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद की जाएगी सख्त कार्रवाई

# निजी अस्पताल में इलाज के दौरान युवक ने तोड़ दिया दम

संवाददाता बकेवर

**अमृत विचार।** बुखार से पीड़ित एक युवक की सोमवार को एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मामले की जानकारी पर गुस्साए ग्रामीणों व परिजनों ने अस्पताल में पहुंचकर जमकर हंगामा काटा। हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को शांत कराते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



मृतक।

बकेवर थाना क्षेत्र के जवाहरपुर गांव निवासी इंद्रजीत पुत्र जोधा रैदास को बुखार आ रहा था। छोटे भाई समरजीत ने बताया कि सोमवार सुबह हालत बिगड़ने पर उसने भाई को बकेवर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत होने से गुस्साए परिजन व बड़ी संख्या में ग्रामीण अस्पताल के बाहर पहुंचे और हंगामा करने लगे। आरोप लगाया कि अस्पताल में इंद्रजीत को एक इंजेक्शन लगाया गया था, उसी के कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। सूचना पर बकेवर थाना पुलिस व सीओ बिंदकी सुशील कुमार मौके पर पहुंचे, ग्रामीणों व परिजनों को समझा कर मामले को शांत कराया। मृतक की पत्नी देशरानी ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक अपने पीछे पत्नी व तीन बच्चों को छोड़ गया। छोटी बेटी पूजा 15 वर्ष की व शुभम 11 वर्ष का है। सीओ बिंदकी ने मामले में कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई





निजी अस्पताल के बाहर जमा ग्रामीणों की भीड़। अमृत विचार

# मानक, नियमों को ठेंगा दिखाकर चल रहे निजी अस्पताल

संवाददाता फतेहपुर

- रजिस्ट्रेशन 70 के, संचालित हो रहे सैकड़ों अस्पताल
- कई सरकारी डाक्टर निजी अस्पतालों में दे रहे सेवाएं

**अमृत विचार।** जिले में चिकित्सा महकमे की उदासीनता के चलते मानक, नियमों दरकिनार कर कई निजी अस्पतालों का संचालन हो रहा है। यहां तक की कई निजी अस्पतालों में बैक डोर से मेडिकल कॉलेज और सरकारी अस्पताल के डॉक्टर्स सेवाएं दे रहे हैं।

जिले में 70 नर्सिंग होम के सीएमओ कार्यालय में रजिस्ट्रेशन हैं। इसके बावजूद कई निजी अस्पताल बिना रजिस्ट्रेशन व रिन्यूअल के चल रहे हैं। इन निजी अस्पताल और नर्सिंग होम पर स्वास्थ्य विभाग भी अंकुश नहीं लगा पा रहा है। जिन नर्सिंग होम में रजिस्ट्रेशन है उनमें से भी कई ऐसे हैं जो ओटी के मानकों को पूरा नहीं कर रहे हैं। उनके यहां सर्जरी के लिए स्पेशलिस्ट सर्जन भी नहीं हैं और ना ही ऑपरेशन के समय बेहोशी वाले डॉक्टर की नियुक्ति है। सबसे बड़ी बात इन नर्सिंग होम में सरकारी अस्पतालों से लेकर मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक बैक डोर से सेवाएं दे रहे हैं। शहर के वीआईपी रोड व जीटी रोड स्थित कई नर्सिंग होम तो बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित हो रहे हैं। उधर खखरेरू क्षेत्र में कई नर्सिंग होम भी बगैर रिन्यूअल के संचालित किए जा रहे हैं।

### क्लीनिक की आड़ में भी संचालित हो रहे अस्पताल

जिले के साथ मुख्यालय में ही तमाम क्लीनिक बिना रजिस्ट्रेशन अस्पताल भी चला रहे हैं। इन क्लीनिक में भी हर प्रकार की बीमारियों के इलाज का दावा किया जाता है। स्वास्थ्य महकमा लंबे समय से कोई कार्रवाई न किए जाने से यह बेखौफ हर प्रकार के मरीजों का इलाज करने में जुटे हैं।

“जिले में 70 निजी अस्पताल व नर्सिंग होम ने रजिस्ट्रेशन कराए हैं। अगर कोई निजी अस्पताल बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहा है तो टीम को भेज जांच कराई जाएगी। अगर मानको के बगैर बिना रजिस्ट्रेशन नर्सिंग होम है तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

-डॉ. इस्तियाक अहमद, एसीएमओ

**कार्यालय ग्राम पंचायत भारतपुर**
**वि0खण्ड खजुहा फतेहपुर**

पत्रांक: 120 सचिव ग्राम पंचायत राज्य वित्त/मनरेगा टेण्डर प्रकाशन 2023-24 दिनांक: 26.02.2024

**निर्माण आपूर्ति हेतु अल्प निविदा सूचना**

राज्य वित्त/केन्द्र वित्त/मनरेगा 2023-24 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत भारतपुर विकास खण्ड खजुहा- फतेहपुर की स्वीकृत कार्य योजना 2023-24 में निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 26.02.2024 से 29.02.2024 तक अधोहस्ताक्षरी के पंचायत भवन में निविदा पेटी में डाली जायेगी। निविदा 29.02.2024 को अपरान्ह 3 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में ग्राम प्रधान/ग्राम सचिव/ग्राम समिति के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1 | शिवबरन की दुकान से रामजीवन के खेत तक नाला निर्माण | 4 लाख |
| 2 | रामदेव की बरिहा से रामचन्द्र के घर तक इ0ला0 व नाला निर्माण | 7 लाख |

मनोज कुमार
ग्राम प्रधान

दिनेश कुमार श्रीवास्तव
सचिव

ग्राम पंचायत भारतपुर वि0खण्ड खजुहा फतेहपुर

यथा ह्येकेन चक्रेण न रथस्य गतिर्भवेत्।
एवं परुषकारेण विना दैवं न सिद्ध्यति।।

जैसे एक पहिये से रथ नहीं चल सकता। ठीक उसी प्रकार बिना पुरुषार्थ के भाग्य सिद्ध नहीं हो सकता है।

## संपादकीय

# डब्ल्यूटीओ नीतियां

किसानों के निशाने पर विश्व व्यापार संगठन भी है। उनकी मांग है कि सरकार भारत को विश्व व्यापार संगठन और मुक्त व्यापार समझौतों से बाहर निकाले। सोमवार को पंजाब व हरियाणा के किसानों ने राजमार्गों के किनारे कई स्थानों पर ट्रैक्टर खड़े करके प्रदर्शन किया। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब किसान फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी समेत विभिन्न मांगों को लेकर केंद्र पर दबाव बनाने के लिए आंदोलन कर रहे हैं। आंदोलन कर रहे किसानों ने डब्ल्यूटीओ की नीतियों की आलोचना की और उन्हें 'किसान विरोधी' बताया। उन्होंने दावा किया कि डब्ल्यूटीओ की नीतियों के कारण सरकार फसलों पर एमएसपी नहीं दे रही है। उधर भारत ने डब्ल्यूटीओ के सदस्यों से लंबे समय से लंबित सार्वजनिक खाद्य भंडारण मुद्दे का स्थायी समाधान खोजने का आह्वान करते हुए कहा है कि यह सीधे तौर पर वर्ष 2030 तक 'शून्य भुखमरी' के सतत विकास लक्ष्य को प्राप्त करने से संबंधित है। खाद्य सुरक्षा उद्देश्यों के लिए सार्वजनिक भंडारण कार्यक्रम एक नीति माध्यम है जिसके तहत सरकार एमएसपी पर किसानों से चावल और गेहूं जैसी फसलें खरीदती है तथा खाद्यान्न का भंडारण और गरीबों को वितरित करती है। दरअसल वर्ष 1994 से विश्व व्यापार समझौता कृषि क्षेत्र में लागू हुआ। समझौते का उद्देश्य कृषि क्षेत्र को सरकारी नियंत्रण से मुक्त कर उत्पाद एवं व्यापार का निजीकरण करना था। डब्ल्यूटीओ का नियम कहता है कि विश्व व्यापार संगठन से जुड़े सदस्य देशों को अपने कृषि उत्पाद को दी जाने वाली घरेलू मदद की मात्रा को सीमित करना चाहिए। जबकि डब्ल्यूटीओ के नियम किसानों की मांग से विपरीत हैं।

गौरतलब है विकसित राष्ट्रों ने अपने किसानों को भारी सहायता जारी रखी। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में प्रति किसान 300 डॉलर की सब्सिडी दी जाती है जबकि अमेरिका में यही सब्सिडी प्रति किसान 40,000 डॉलर की मिलती है। इससे विकसित देशों के किसानों की व्यक्तिगत उत्पादन लागत कम हुई और बाजारों में कम कीमत पर अपने उत्पादों को बेचकर भी वे मुनाफे में रहे वहीं हमारे किसान अपनी अत्यधिक कृषि लागत और कम बाजार भाव के कारण ऋणग्रस्त होते गए। किसानों के आंदोलन करने का उद्देश्य ही यही है कि उन्हें एमएसपी, फसलों की खरीद और पब्लिक डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम को लेकर कानूनी गारंटी दी जाए। सवाल है कि विश्व व्यापार समझौतों के तहत सरकारी खरीद तथा समर्थन मूल्य को कम कर दिए जाने से किसान बेबस और लाचार हो गए। क्या डब्ल्यूटीओ का कृषि समझौता खाद्य सुरक्षा नीति के विरुद्ध होने के साथ ही देश की नीति-निर्धारण की संप्रभुता में हस्तक्षेप भी है।

# खुली किताब से परीक्षाः संभावनाएं और चुनौतियां



डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

दुनिया के कई देश खुली किताब से परीक्षा कराते हैं। लेकिन वहां परीक्षा स्मृति परीक्षण से आगे जाकर विद्यार्थी की समझ का जीवन की विभिन्न परिस्थितियों में अनुप्रयोग पर ज्यादा फोकस करती हैं। स्वाभाविक ही है कि इस प्रक्रिया में अनुभव, विश्लेषण, तर्क, चिंतन, कल्पना, स्वयं परीक्षण द्वारा निष्कर्ष तक जाना जैसे उच्च मानसिक कौशलों के विकास पर ज्यादा जोर दिया जाता है।



**शिक्षा में किसी भी नए विचार के समावेश के लिए आवश्यक है कि उस विचार को शिक्षा नीति, पाठ्यचर्या, पाठ्यक्रम ,पाठ्यपुस्तक व शिक्षण अधिगम प्रक्रियाओं में प्रत्येक स्तर पर अभिन्न हिस्सा बनाया जाए। क्रियान्वयन से पूर्व उसके हर पहलू पर विचार हो और आवश्यक मानवीय व भौतिक संसाधनों को उसके अनुरुप रचा-गढ़ा जाए। शिक्षकों, निरीक्षकों व अकादमिक सहयोगियों को उस विचार को बच्चों तक पहुंचाने के लिए जरूरी ज्ञान-कौशल व उपकरण उपलब्ध कराए जाएं। साथ ही ऐसी नियमित आकलन प्रणालियां हो जो बच्चों में उस विचार की पहुंच और ग्राह्यता का पता करने में उपयोगी फीड बैक दे पाएं।अभिभावकों व समुदाय से इस संबंध में नियमित संवाद हो।**

लगभग ढाई दशक पूर्व का वाकया है। उत्तर प्रदेश में प्रारंभिक स्तरीय पाठ्य पुस्तकों के विकास की प्रक्रिया गतिमान थी। हिंदी की पाठ्य पुस्तक में लोकगीत से ससंबंधित पाठ क्रमांक डालते हुए पूरा पेज रिक्त रखा गया था। पेज पर विद्यार्थियों के लिए निर्देश था कि अपने यहां किसी भी अवसर पर गाए जाने वाले लोकगीत को रिक्त स्थान पर लिखें। पाठ की विशेषता यह भी थी कि अगले पेज में विविध अभ्यास दिए गए थे जो बच्चों द्वारा लिखे जाने वाले लोकगीत पर केंद्रित थे। शुरुआती क्षेत्रीय परीक्षणों में इस पाठ की बहुत आलोचना हुई तथा पर्याप्त चर्चा-विमर्श के उपरांत ही पाठ को स्वीकार किया गया। कारण यह कि उस दौर में प्रश्नों के उत्तर लगभग हू-ब-हू पाठ्यपुस्तक में दिए गए होते थे जबकि यह पाठ प्रचलित पैटर्न के एकदम विपरीत था।

नब्बे का आखिरी दशक शिक्षा में विभिन्न प्रयोगों व नवाचारों का दौर था। शिक्षण विज्ञान पर देश व्यापी चर्चाओं के बाद वर्ष-2005 में 'राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूप रेखा' ने 'ज्ञान को रटंत प्रणाली से मुक्त करने तथा विद्यालय की परिधि से बाहर ले जाने' की सिफ़ारिश की। इससे शैक्षिक परिदृश्य में कई बड़े परिवर्तन आए। इसी के चलते पाठ्य पुस्तकों में टेक्स्ट से संबंधित ऐसे विविधता पूर्ण अभ्यासों पर सहमतियां बनीं जो बच्चों को किताब की दुनिया से बाहर की दुनिया तक जाने का रास्ता तैयार करें। निश्चित ही इन अभ्यासों का हल पाठ्यवस्तु की किसी पंक्ति या अनुच्छेद में नहीं बल्कि उस पूरे पाठ को पढ़कर बनी समझ में ज्यादा था। पर, क्योंकि यह एक पारंपरिक स्थिति से भिन्न प्रयोग था इसलिए इसकी स्वीकार्यता में समय लगा।

शिक्षा में किसी भी नए विचार के समावेश के लिए आवश्यक है कि उस विचार को शिक्षा नीति, पाठ्यचर्या, पाठ्यक्रम, पाठ्यपुस्तक व शिक्षण अधिगम प्रक्रियाओं में प्रत्येक स्तर पर अभिन्न हिस्सा बनाया जाय। क्रियान्वयन से पूर्व उसके हर पहलू पर विचार हो और आवश्यक मानवीय व भौतिक संसाधनों को उसके अनुरूप रचा-गढ़ा जाए। शिक्षकों, निरीक्षकों व अकादमिक सहयोगियों को उस विचार को बच्चों तक पहुंचाने के लिए जरूरी ज्ञान-कौशल व उपकरण उपलब्ध कराए जाएं। साथ ही ऐसी नियमित आकलन प्रणालियां हों जो बच्चों में उस विचार की पहुंच और ग्राह्यता का पता करने में उपयोगी फीड बैक दे पाएं। अभिभावकों व समुदाय से इस संबंध में नियमित संवाद हो।

'परीक्षा'किसी भी स्तर की शिक्षा व्यवस्था का अनिवार्य अंग है। यह एक निश्चित अंतराल पर शिक्षार्थियों के अर्जित ज्ञान, कौशल या दक्षताओं को जांचने की क्रिया, प्रक्रिया या अवस्था है। इसके अंतर्गत कुछ विशेष प्रकार के लिखित अथवा मौखिक अभ्यास प्रश्न डिजाइन किए जाते हैं। स्वाभाविक ही है कि 'परीक्षा' नाम की यह पूरी प्रक्रिया तात्कालिक पाठ्यचर्या, पाठ्यक्रम, पाठ्यपुस्तक, शिक्षण बिंदुओं तथा शिक्षण अधिगम प्रक्रियाओं के तरीकों पर निर्भर करती है और इन्हीं के अनुरूप होती है। इसका सीधा सा अर्थ यही है कि अगर हम 'परीक्षा' के स्वरूप में किसी भी प्रकार के बदलाव की बात करते हैं तो हमें उक्त सभी में इस प्रकार के आवश्यक बदलाव करने होंगे जो परीक्षा के बदले पैटर्न का समर्थन करते हों और तदनुरूप हों। ज़ाहिर सी बात है कि 'परीक्षा' के स्वरूप में किसी भी प्रकार के बदलाव के लिए केवल एग्जाम पैटर्न में बदलाव ही काफ़ी नहीं होगा बल्कि पाठ्यचर्या, पाठ्यक्रम, पाठ्यपुस्तक समेत सभी स्तरों पर बदलाव अपेक्षित होंगे।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा की संस्तुतियों को दृष्टिगत रखते हुए सीबीएसई द्वारा पायलट प्रोजेक्ट के तहत कुछ विद्यालयों में सेकेंडरी स्तर से 'ओपन-बुक एग्जाम-ओबीई' आयोजित करने का प्रस्ताव है। इसके तहत परीक्षार्थी परीक्षा में पाठ्यपुस्तक, क्लासरूम नोट्स या अन्य स्वीकृत सामग्री के साथ परीक्षा दे सकेंगे। हालांकि कुछ लोगों को 'खुली किताब के साथ परीक्षा' सुनने में कर्णप्रिय लग सकता है लेकिन यह परीक्षा पार करने का इतना सहज-सुगम तरीक़ा नहीं होने वाला है, क्योंकि यहां पर प्रश्न सीधे- सपाट या टैक्स्ट में निहित उत्तर पर आधारित न होकर सिद्धांतों या निष्कर्षों को विश्लेषणात्मक दक्षता के आधार पर प्रस्तुत करने पर केंद्रित होंगे। अगर सीधे कहें तो यह परीक्षा इस बात की जांच करेगी कि विद्यार्थी ने दिए गए सिद्धांतों अथवा तय निष्कर्षों को किस स्तर तक समझा है तथा वह इस समझ का विभिन्न परिस्थितियों में तर्कपूर्ण एवं विश्लेषणात्मक उपयोग कर सकता है अथवा नहीं। निश्चित ही यह प्रक्रिया विद्यार्थियों में सूचनाओं, तथ्यों, परिभाषाओं अथवा सूत्रों को रटने की बजाय मन-मस्तिष्क में उनकी गहरी समझ स्थापित करने तथा विभिन्न विषय संदर्भों में उसे 'ज्ञात से अज्ञात की ओर' जाने का रास्ता सुगम करेगी। पर, इस सबके लिए आवश्यक होगा कि इसे नियमित शिक्षण अधिगम प्रक्रिया का हिस्सा बनाया जाए। नियमित प्रक्रिया का हिस्सा होने से बच्चों में कक्षा शिक्षण के दौरान शिक्षक द्वारा अपनाई गई शिक्षण विधियों, पाठ्यपुस्तक तथा अन्य पाठ्यसामग्री के बीच का संबंध स्पष्ट होगा तथा किसी समस्या के समाधान हेतु पाठ्यसामग्री को बार-बार संदर्भित कर सही व सटीक उत्तर की ओर जाने का कौशल विकसित होगा। इस प्रक्रिया में वे अपनी ग़लतियों को ख़ुद से सुधारना सीखेंगे तथा केवल परीक्षा पास करने के लिए कुछ प्रश्नों को रट लेने के बजाय गूढ़ अध्ययन की ओर उन्मुख होंगे।

दुनिया के कई देश खुली किताब से परीक्षा कराते हैं। लेकिन वहां परीक्षा स्मृति परीक्षण से आगे जाकर विद्यार्थी की समझ का जीवन की विभिन्न परिस्थितियों में अनुप्रयोग पर ज्यादा फ़ोकस करती हैं। स्वाभाविक ही है कि इस प्रक्रिया में अनुभव, विश्लेषण, तर्क, चिंतन, कल्पना, स्वयं परीक्षण द्वारा निष्कर्ष तक जाना जैसे उच्च मानसिक कौशलों के विकास पर ज्यादा जोर दिया जाता है। भारतीय परिस्थितियों में ओपन बुक योजना और इसके नतीजे लागू होने पर ही सामने आएंगे। लेकिन यह ज़रूर है कि इसकी प्रभावकारिता के लिए, पाठ्य सामग्रियों, कक्षा शिक्षण प्रक्रियाओं, आकलन-मूल्यांकन प्रणालियों व अकादमिक सुपरविजन के तरीक़ों में भी अपेक्षित बदलाव लाने होंगे। साथ ही परिवेश में उपलब्ध ज्ञान के मानवीय स्रोत एवं स्थानीय संसाधनों की भूमिका को भी स्पष्टतः रेखांकित करना होगा।

## प्रसंगवश

# चंद्रशेखर आजाद से जुड़े तथ्यों को जानना नागरिकों का अधिकार

**बलिदान दिवस**

भारत की आजादी के लिए सशस्त्र क्रांति के सूत्रधार अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद कब और कहां पैदा हुए? अभी तक न तो जन्म स्थान निश्चित हो पाया है और न ही जन्म तिथि। प्रामाणिक जानकारी के अभाव में यह अब भी असंभव बना हुआ है। यही कारण है कि भाबरा (मध्य प्रदेश), भौंती (कानपुर) और बदरका (उन्नाव) के लोग उन्हें अपना मानकर प्रतिवर्ष मेला और जलसा आयोजित करके अपने दावे को मजबूत करते रहते हैं। बदरका का भव्य आजाद स्मारक अपने इस दावे को वर्ष प्रतिवर्ष और मजबूत करता ही जा रहा है।

आजाद से जुड़े अनेक मिथकों पर पिछले वर्ष एक नई किताब आई- 'चंद्रशेखर आजाद मिथक बनाम यथार्थ'। पुस्तक के प्रथम दो अध्याय जन्म स्थान और जन्मतिथि पर ही केंद्रित हैं। किताब का शीर्षक उम्मीद जगाता है कि आजाद के जन्मस्थान और जन्मतिथि का निर्धारण निश्चित हो गया होगा लेकिन किताब के लेखक आईपीएस अधिकारी प्रताप गोपेंद्र की गहन खोज भी निर्णायक मुकाम पर नहीं पहुंचा पाती। हां, पुस्तक की एक खासियत यह है कि आजाद के जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण बातें और उपलब्ध आधे-अधूरे प्रमाण एक ही छतरी (पुस्तक) के नीचे मिल जाते हैं। इससे और कुछ नहीं तो आपको अपना मत निर्धारित करने में मदद जरूर मिलती है।



गौरव अवस्थी
रायबरेली

कोई आजाद का जन्म स्थान भाबरा मानता है तो कोई बदरका। किसी को भरोसा है कि आजाद का जन्म लखनऊ के काकोरी के पास ईटगांव में हुआ था और कोई ब्रिटिश हुकूमत के दौरान चले मुकदमों में खुद आजाद द्वारा लिखाए गए तथ्यों को ही प्रमाण मानकर उनका जन्म बनारस के बैजनाथ मोहल्ले का मानता है। कुछ विद्वान और आजाद के अधिकतर साथी आजाद का जन्म मध्य प्रदेश के भाबरा में ही मानते हैं। प्रामाणिक जानकारी के अभाव में आज तक यह तक तय कर पाना मुश्किल है कि आजाद के पिता कहां के रहने वाले थे? कई इतिहासकार उनके पिता पंडित सीताराम तिवारी को भौंती-प्रतापपुर (कानपुर) का मानते हैं और कोई कोई उन्हें बदरका का। कहीं-कहीं उनके पिता का नाम पंडित बैजनाथ या स्वतंत्र शर्मा भी मिलता है। हालांकि लेखक प्रताप गोपेंद्र अपने एक अध्याय में आजाद की जन्म तिथि मां स्व. जगरानी देवी द्वारा झांसी प्रवास के दौरान भगवान दास माहौर को बताई गई हिंदी तिथि (सावन सुदी दूज सोमवार) के आधार पर 23 जुलाई 1906 मानने पर ही जोर देते हैं। इसके प्रमाण में अपनी वह खोज पुस्तक में प्रस्तुत करते हैं जो उन्होंने गूगल पर प्रोकेरला (prokerala.com) के माध्यम से जुटाई है। इस पुस्तक में ऐसी खोज का एक चार्ट भी प्रकाशित किया गया है। हालांकि उन्नाव वाले आजाद की जन्म तिथि 7 जनवरी मानते हैं। इसके लिए उनके अपने तर्क और आधार हैं। बदरका में आजाद की जयंती मनाने की परंपरा 1943 से चली आ रही है। यह आज भी कायम है और वृहत मेले का रूप ले चुकी है। इसमें कोई दो राय नहीं कि प्रताप गोपेंद्र की पुस्तक नए तथ्यों की ओर पाठक का ध्यान आकृष्ट करती है लेकिन असल सवाल फिर वहीं अटक जाता है कि आखिर चंद्रशेखर आजाद का जन्म कहां का माना जाए और उनकी जन्मतिथि क्या है? यह तो सभी को पता है कि 27 फरवरी 1931 को प्रयागराज के अल्फ्रेड पार्क (अब आजाद पार्क) में ब्रिटिश हुकूमत के हाथ आने के पहले चंद्रशेखर आजाद ने कनपटी पर गोली मार कर अपना प्राणांत करके अपने उस प्रण को पूरा किया था, जो अक्सर वह अपने साथियों के समक्ष इन शब्दों में व्यक्त किया करते थे- 'मेरी रिवाल्वर में आठ गोली हैं। एक मैगजीन अतिरिक्त। 15 गोली अंग्रेज आततायियों पर दागूंगा और सोलहवीं खुद पर।' इसे उन्होंने आखिरी सांस में पूरा भी किया। सवाल है कि आजाद भारत की सरकारें आज तक आजाद का जन्मस्थान और जन्म तारीख प्रमाणित करने की कोशिश तक क्यों शुरू नहीं कर पाईं? जब नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मृत्यु के रहस्योद्घाटन के लिए आयोग बन सकते हैं तो चंद्रशेखर आजाद की जन्मतिथि और जन्मस्थान पता करने के लिए क्यों नहीं? केवल 'शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले..' से ही शहीदों के प्रति श्रद्धा प्रकट नहीं की जा सकती। आजाद के जीवन से जुड़े सही तथ्यों को जानना आजाद भारत के हर नागरिक का अधिकार है और सरकारों का कर्तव्य।

# प्रभावित होती सरकार की छवि



डॉ. अजय कुमार मिश्रा
लखनऊ

**पुलिस भर्ती परीक्षा में पहले दिन की परीक्षा से ही युवा पेपर लीक होने का आरोप लगा रहे थे परन्तु सरकारी तंत्र इस बात को स्वीकार नहीं कर रहा था।**

उत्तर प्रदेश पुलिस दुनिया की सबसे बड़ी संख्या बल वाली पुलिस है, जिसमें 2.25 लाख से अधिक कर्मचारी कार्यरत है। विभाग में चल रही भर्ती को सरकार ने रद करके आगामी छह माह में पुनः परीक्षा की घोषणा की है। निसंदेह पुनः परीक्षा में सजगता देखने को मिलेगी, जिससे पेपर लीक को रोका जा सकेगा। पर इस विषय पर कुछ अधिक कहने और लिखने से पहले कुछ मूल तत्वों को भी जानना जरुरी है। कुल 60244 पदों की भर्ती के लिए परीक्षा 16 से 18 के फरवरी मध्य उत्तर प्रदेश के 75 जिलों में 2385 केंद्र बनाकर आयोजित हुई थी। इस भर्ती के लिए दिसंबर 2023 में विज्ञापन निकाला गया था। 48.17 लाख ऑनलाइन आवेदन 27 दिसंबर 2023 से 16 जनवरी 2024 के मध्य प्राप्त हुए थे। किन्ही कारणों से लगभग 5.03 लाख आवेदक परीक्षा में शामिल नहीं हुए। परीक्षा का निरस्त होना कई प्रश्नों को इक साथ जन्म देता है।

पुलिस भर्ती परीक्षा में पहले दिन की परीक्षा से ही युवा पेपर लीक होने का आरोप लगा रहे थे परन्तु सरकारी तंत्र इस बात को स्वीकार नहीं कर रहा था। 1500 से अधिक शिकायत साक्ष्यों के साथ अलग-अलग जगहों से भेजी गईं। भारी संख्या में युवाओं का दल लखनऊ में भी धरने पर रहा। अत्यधिक विरोध के पश्चात सरकार ने परीक्षा को रद करने और पुनः परीक्षा कराने की घोषणा की। जिसके पश्चात् अभ्यर्थी उत्साहित भी दिखे, परन्तु यह सोचने और समझने का विषय है की जिस भर्ती में चयन के पश्चात अवसर प्राप्त होता उसी भर्ती को रद कराने के लिए युवाओं को लड़ना पड़ा। क्या यह पूरे प्रदेश के भर्ती प्रणाली पर बड़ा प्रश्न नहीं है? उत्तर प्रदेश में नई भर्ती होने की परीक्षा का पेपर लीक होना अब आम बात बन गया है। इसके पूर्व भी कई बार पेपर लीक हुआ है। सरकार कड़ी कार्यवाही करके या करने का भरोसा देकर अपना पल्ला झाड़ लेती है। यह कितना अनुचित और अव्यवहारिक है कि सरकार अपनी ही गलतियों से नही सीख रही और कड़े प्रबंधन करने में विफल है जिसका खामियाजा लाखों लोगों को उठाना पड़ रहा है। अनेक लोगों का एक साथ सपना टूटना कितना भयावह है इसका अनुभव आर्थिक, सामाजिक, और परिवारिक दबाव झेल रहा बेरोजगार युवा ही समझ सकता है।

अव्यवस्था का आलम अक्सर देखने को मिलता रहता है। दो लाख से अधिक युवाओं का परीक्षा केंद्र लखनऊ बनाया गया था जिससे रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड सभी जगह अव्यवस्था देखने को मिली। अव्यवस्था का आलम यह था की अधिकांश युवाओं को अगले दिन वापस जाने का इंतेजार करना पड़ा। पिछले वर्ष सरकार ने दो करोड़ लोगों को आगामी वर्षों में रोजगार देने की बात कही थी। इसके अतिरिक्त प्रत्येक घर में एक सरकारी नौकरी देने की भी बात सामने आई थी। प्रदेश ही नहीं बल्कि देश की भी सबसे नाजुक नब्ज रोजगार की है जिसके लिए प्रतिदिन धरना प्रदर्शन हो रहा है। यदि उत्तर प्रदेश की बात करें तो कई अलग-अलग भर्तियों के अभ्यर्थी न केवल केस लड़ रहे हैं बल्कि कुछ के पक्ष में न्याय होने के बावजूद रोजगार नहीं प्राप्त कर सकें। निजी क्षेत्रों में अवसर की कमी और नौकरी की असुरक्षा, भुगतान कम होना, और बढ़ती ठेका प्रणाली लोगों को सरकारी नौकरी के प्रति प्रेरित करती है। हाल के वर्षों में आई कोरोना आपदा ने इसमें आग में घी डालने जैसा कार्य किया है। राज्य सरकार को कई अन्य विकल्पों पर विचार करना चाहिए इसके लिए वह ऑनलाइन परीक्षा आयोजित कर सकती है, क्योंकि अधिकांश युवा आज कंप्यूटर के बेसिक ज्ञान से पूर्ण है। प्रश्नों के एक दो नहीं कई सेट तैयार किए जाए और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का प्रयोग कर परीक्षा शुरू होने के कुछ सेकंड पहले प्रश्न पत्र लाइव किए जाए। राज्य सरकार भर्ती बोर्ड के सभी उच्च अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करें जिससे परीक्षा सफलतापूर्वक कराई जा सके। केंद्र सरकर की कई इकाई है जो बिना दाग के वर्षों से सफल परीक्षा करा रही है उनका सहयोग भी लिया जा सकता है। परीक्षा में भागीदारी कम हो और राज्य में रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए उत्पादन क्षेत्र में कार्यरत कंपनियों को राज्य में अनुदान देकर आमंत्रित किया जाना चाहिए। निजी क्षेत्र में कार्यरत लोगों के लिए रोजगार सुरक्षा और योग्यता अनुरूप न्यूनतम भुगतान नियमावली बनाने से सरकार को रोजगार के क्षेत्र में लाभ होगा। कई गंभीर मुद्दों में से रोजगार का मुद्दा अहम् है ऐसे में सरकार प्रत्येक घर के एक सदस्य को रोजगार देकर भी अपना प्रभाव कायम रख सकती है। सरकार यदि समग्र रूप से इस विषय पर नहीं सोचेगी तो आगामी चुनाव में ये युवा कई लोकसभा क्षेत्र में न केवल गणित बिगाड़ सकते है बल्कि एक ऐसी छवि का निर्माण भी कर सकते है जो चल रहे विकास के पहियों को अवरुद्ध कर सकता है ।

## सोशल फोरम

# इतिहास में अफवाह

इतिहास को मिथकों ने ढक लिया है। इतिहास में अफवाहें घूम रही हैं। ये लोगों के विश्वास का अंग बन गई हैं। इतिहासकार भी अतीत के बारे में उतना नहीं जानते, जितना आज आम आदमी दावे के साथ बताता है। इतिहास को विषय बनाकर हाल के कई उपन्यासों ने साहित्य से ज्यादा अफवाहों की सेवा की। इस काम में राजनीति प्रेरित अधपढ़ विद्वानों, मीडिया और तकनीकी क्रांतियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है। अफवाह के प्रचार में भाषा यथार्थ का साथ छोड़ देती है और पेट्रोल की आग होती है।



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

इन दिनों कई कवि भी इतिहासकार हैं। उपन्यासकार भी इतिहासकार हैं। फिल्म बनाने वाले तो सबसे बड़े इतिहासकार बने हुए हैं। राजनीतिज्ञ इतिहासकार होते ही हैं। इतिहास कभी इतना असहाय न था। वर्तमान दौर में सबसे विध्वस्त इतिहास है। यह मानव भविष्य पर आक्रमण है!

इसमें कुछ भी आश्चर्य नहीं है, यदि 'एलीट बुद्धिजीवी' और 'लोक' आज विपरीत ध्रुव पर हैं। लोकतंत्र के दुरुपयोग और अति-राजनीतिकरण का इससे भिन्न नतीजा नहीं हो सकता था कि लोग बड़े पैमाने पर 'आधुनिक प्रिमिटिविज्म' के शिकार हों।

समाज में 'संवेदनशीलता का संकट' आज चरम पर है। यह उत्तर-आधुनिक वैचारिक खोखलेपन की देन है। अब वे क्षमतावान हैं जो उदार न होकर पोस्ट माडर्न हैं। सभी रंग के उत्तर-आधुनिक विमर्श, जिनमें नव-धार्मिक विमर्श भी हैं, कट्टर पोस्ट माडर्न हैं। इनमें आधुनिकता के प्रमुख तत्वों- बुद्धिपरकता, समावेशी राष्ट्रीयता, लोकतांत्रिक चेतना और प्रगतिशील सोच का ही विरोध नहीं है, मानवीय मूल्यों से भी किनारकशी है।

दृष्टि में आधुनिक हुए बगैर उत्तर-आधुनिक होने का अर्थ समाज को पुरानी कट्टरताओं के अखाड़े में बदलना है। ऐसी घड़ियों में 'बहुलता' की प्रतिष्ठा न्यायपूर्ण सामंजस्य में न होकर निर्बुद्धिपरक अंतर्शत्रुताओं में होती है और एक सांस्कृतिक गृहयुद्ध की स्थिति आ जाती है, जिसकी कोई भी परिणति हो सकती है।

-फेसबुक वॉल से

# महिलाओं को जोड़ने की नई पहल

उत्तर प्रदेश में महिलाओं के वोट का प्रतिशत बढ़ाने के लिए भाजपा की नजर स्वयं सहायता समूहों पर है। इसके लिए एनजीओ के बीच नेटवर्क मजबूत किया जा रहा है। पिछले चुनावो में महिलाओं का भाजपा की ओर बढ़ता रुझान देखकर इन महिलाओं को पार्टी में जोड़ने का कार्य शुरू भी कर दिया गया है।

बीते विधानसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में महिलाओं की जबरदस्त वोटिंग ने राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में सरकार बनाने में खासी भूमिका निभायी थी। 2019 के लोकसभा चुनाव में 36 प्रतिशत महिलाओं ने भाजपा को वोट किया था बाकी पार्टियों को 41 प्रतिशत मिला था।



सोनी मिश्रा
कानपुर

महिलाओं के स्वयं सहायता समूह (सेल्फ हेल्प ग्रुप) के माध्यम से लाने का प्रयोग ओडिशा में बीजू जनता दल ने किया है। नतीजतन ओडिशा में पांच बार से नवीन पटनायक सत्ता में हैं। इन समूहों से जुड़ी सभी जातिवर्ग की महिलाओं में भाजपा की तरफ झुकाव भी देखा गया है। एक स्वयं सहायता समूह में न्यूनतम 10 और अधिकतम 20 महिलाएं होती हैं। उत्तर प्रदेश में 80 हजार के करीब ऐसे समूह है, जो महिला सशक्तिकरण का कारगर माध्यम हैं। केंद्र की मोदी सरकार इन्हें प्रोत्साहित करने की ओर पूरी तत्परता से लगी है। महिलाओं के कल्याण के लिए आरक्षण कानून के साथ ही लगभग दो दर्जन योजनाएं प्रभावी तौर पर चलाई जा रही हैं। योजनाओं के ही चलते देश में एक करोड़ लखपति दीदी बन चुकी हैं। सरकार का लक्ष्य इनकी संख्या तीन करोड़ करने का है।

बीते दस साल के कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने नारी सशक्तिकरण को प्राथमिकता पर रखा है। घर, शौचालय, रसोई गैस जैसी योजनाएं तो महिलाओं के जीवन परिवर्तन का कारण हैं। अब उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में सरकार ने राष्ट्रीय शहरी व ग्रामीण आजीविका मिशन भी शुरू किया है। सरकार ने सबसे अधिक ध्यान स्वयं सहायता समूहों की संख्या बढ़ाकर उनसे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की महिलाओं को जोड़ने पर शुरू किया है। इनमें जुड़ी महिलाओं के चेहरे पर आत्मनिर्भरता का भाव देखा जा सकता है।

अब जरा तुलनात्मक आंकड़ा देखिए। यूपीए सरकार में भी स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने की योजना स्वर्ण जयंती ग्राम योजना के नाम से संचालित थी, लेकिन उसका दायरा सीमित था। यूपीए शासन काल में सिर्फ 2.37 करोड़ महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी थीं, जबकि मोदी सरकार में यह संख्या 10 करोड़ पहुंच चुकी है। तब बैंक लिंकेज मात्र 22.9 हजार करोड़ रुपये का था, जबकि मोदी सरकार ने इसे 8.28 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचा दिया गया। मोदी सरकार ने सिर्फ स्वयं सहायता समूहों और उससे जुड़ी महिलाओं की संख्या ही नहीं बढ़ाई, बल्कि आर्थिक-सामाजिक सुरक्षा भी उन्हें उपलब्ध कराई। 7.4 करोड़ महिलाओं को पीएम सुरक्षा बीमा योजना से जोड़ा। महिलाओं के सहयोग के लिए बैंकिग सखी और बीसी सखी बनाई गईं। इससे आर्थिक प्रबंधन के परिणाम भी मिले और स्वयं सहायता समूहों ने भाजपा सरकार के प्रति महिलाओं में भरोसा बढ़ाया है।

# अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं से ठगी

पिछले दिनों केंद्र की सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने उद्घोष कर दिया है कि 'हम राम को लाए हैं' और प्रधानमंत्री ने श्रीराम की नई मूर्ति की यजमान बनकर प्राण प्रतिष्ठा भी कर दी है। एतत्पश्चात् भारी संख्या में श्रद्धालु-राम-भक्तों के वहां आने का सिलसिला जारी है। हालांकि त्रेता युग वाले राम के समय वाली सुचारु व्यवस्था इस कलियुग में संभवन नहीं हो पा रही है। तब अपराध मुक्त साम्राज्य था। उस समय "सब मिलि करहिं परस्पर प्रीती'था। मलिनता के नाम पर केवल हवन के धुवें से होने वाली कालिमा ही थी,(मूलन ही की जहां अधोगति केशव गाइय। होम हुताशन धूम नगर एकै मलिनाइय) बाकी सब स्वच्छ ही था। इस समय आने वाले श्रद्धालु साइबर ठगी का शिकार हो रहे हैं। आगंतुकों को कहीं न कहीं ठहरना भी होता है। जालसाजों ने फर्ज़ी वेबसाइटें बना रखी हैं और उन पर होटल,धर्मशालाओं के कमरों की बुकिंग हो रही है। श्रद्धालुओं से मोटी रकमें आन लाइन लेकर,उन्हें कमरे बुक कर दिए जाते हैं। अयोध्या पहुंचने पर भक्तगण पाते हैं कि या तो उस नाम का होटल,धर्मशाला वहां है ही नहीं या है तो उनके नाम की कोई बुकिंग उसमें नहीं है। वे मन मसोस कर रह जाते हैं। अब वे पुलिस थानों के चक्कर लगावें या दर्शन,पूजन करें!



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

असली राम के समय भूले भटके यदि कोई अपराध घटित हो जाता था,तो त्वरित दंड व्यवस्था होती थी। चाहे कार्यार्थी कुत्ते को न्याय देना रहा हो या शम्बूक वध। वर्तमान में सरकार डींगें चाहे जितनी मारे, साइबर ठगों से निपटने की उनके तंत्र में यथेष्ठ क्षमता नहीं है। या फिर पुलिस की मिलीभगत रहती है। मैं एक ठोस उदाहरण दे रहा हूं । वह मेरा अपना है। अयोध्या का तो नहीं किंतु अवध क्षेत्रांतर्गत लखनऊका है,जो प्रदेश की राजधानीहै। गत 22 दिसंबर,2022 को मैं एक छोटी साइबर ठगी का शिकार हुआ। पुलिस कमिश्नर को तत्काल ई-मेल किया। उनके आदेश पर नगर के थाना सुशांत गोल्फ सिटी में 2;जनवरी,2023 को मुकदमा दर्ज कर लिया गया। एक वर्ष से ऊपर हो गया है,कोई ठोस कार्यवाही सामने नहीं आई। इसे क्या कहा जाएगा; जब कि मैं स्वयं मजिस्ट्रेट रहा हूं। ऐसे में ऊपर संदर्भित सामान्य श्रद्धालुओं को न्याय मिलना दुष्कर ही प्रतीत हो रहा है।

# बीबामऊ अंडरपास का हुआ लोकार्पण

## अमृत भारत योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री ने वर्चुअल तरीके से किया लोकार्पण, लोगों को मिलेगी राहत

संवाददाता, जसवंतनगर/ इटावा

**अमृत विचार।** अमृत भारत योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बलरई रेलवे स्टेशन के निकट रेलवे ग्राम बीबामाऊ में बने रेलवे अंडर पास का वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से लोकार्पण किया। बलरई में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत व भाजपा नेता मुकेश यादव ने यहां बने अंडरपास मार्ग के शिलापट से पर्दा उठा कर उद्घाटन किया।


लोकार्पण शिलालेख का अनावरण करते भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत।

जिलाध्यक्ष ने अपने सम्बोधन में बताया कि भारतीय रेल में अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत 554 रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास एवं 1500 रोड ओवरब्रिज व अंडर पास का शिलान्यास एवं उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑनलाइन किया है। इसी क्रम में इसी तरह ग्राम बीबामाऊ में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला मंत्री रजत चौधरी ने मंडल अध्यक्ष अजय बिंदु यादव के साथ, दीपक दुबे उर्फ बब्बन ने आरयूवी नम्बर 40 सी नवनिर्माण रेलवे अंडरपास मार्ग के शिलापट का पर्दा उठा कर अनावरण किया। इसके चालू होने से ग्राम तिजोरा, बॉउथ, यादव नगर, तुलसी नगर, बीबामऊ, नगला तिवारी समय अन्य ग्रामो के लोगों को आने जाने में आसानी होगी। इस अंडरपास से राष्ट्रीय राजमार्ग तक आना-जाना होगा। इस दौरान बलरई ग्राम प्रधान मनीष कुमार, ग्राम बीबामाऊ पूर्व प्रधान रामकुमार, श्रेयष मिश्रा, जयशिव बाल्मीकि, धृव्रेश तोमर, प्रभात दुबे, सुमित जोशी आदि मौजूद थे।

### प्रधानमंत्री ने की ओबीसी के हितों की रक्षा : संजीव

**संवाददाता, इटावा।** भाजपा जिला कार्यालय पर बीजेपी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के तत्वावधान में ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष मुनेश बघेल के अध्यक्षता में युवा संवाद सम्मलेन का आयोजन किया गया। इसमें भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत ने कहा कि ओबीसी समाज से आने वाले युवाओं को पीएम नरेंद्र मोदी का एक बार फिर से पुरजोर समर्थन करने की आवश्यकता है क्योंकि पीएम मोदी के नेतृत्व वाली यह डबल इंजन वाली भाजपा सरकारें ही थीं जिन्होंने पिछड़ों के अधिकारों को सुनिश्चित किया। राजपूत ने कहा कि भाजपा ही वह सरकार है जिसने ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया और समुदायों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने के लिए ओबीसी आयोग के अध्यक्ष को कैबिनेट का दर्जा दिया। बीजेपी ने 7 राज्यसभा सीटों के उम्मीदवारों के नाम घोषित किए हैं। 7 राज्यसभा सीटों में से 4 पर ओबीसी नेताओं की घोषणा से भाजपा ने ओबीसी के प्रति अपनी मंशा स्पष्ट कर दी है। संचालन जिला महामंत्री ओबीसी मोर्चा अनिल राजपूत ने किया। मुकेश यादव, पूर्व चेयरमैन सौरभ दीक्षित, विस्तारक जॉनी राघव, जिला मंत्री सतीश शाक्य, क्षेत्रीय मंत्री अंगूरी पाल, होम सिंह बंजारा, शत्रुघ्न निषाद, मुकेश राजपूत, जय सिंह बघेल, होती लाल, सहदेव पाल, विवेक बघेल, नन्द किशोर राजपूत मौजूद रहे।

# सरकार नौजवानों के साथ कर रही खिलवाड़ : अखिलेश

सैफई, संवाददाता इटावा

- सरकार पर लगाया पेपर लीक कराने का आरोप

**अमृत विचार।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार जानबूझकर पेपर लीक कराती है। ये करके नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। पहले तो नौकरियां निकल नहीं रही हैं और सरकार नौकरी निकलवाती भी है तो उसका पेपर भी जानबूझकर लीक करा देती है।

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को अपने पैतृक गांव सैफई में पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि जब पहली बार ही उत्तर प्रदेश में पेपर लीक हुआ था, यदि उसी समय कार्रवाई हो गई होती तो इस तरह पेपर लीक नहीं होते। पुलिस भर्ती, आरओ-एआरओ समेत तमाम परीक्षाओं की तैयारी कर रहे करीब 60 लाख युवा परेशान हैं। पेपर छपने से लेकर, पेपर बंटवाने तक में सरकार के लोग शामिल हैं। सरकार की नियत है कि नौकरी न देनी पड़े। क्योंकि उसके लिए बजट नहीं है। नौकरी के नाम पर भी फॉर्म से एकत्रित रुपये का सरकार उपयोग कर रही है। अखिलेश ने अग्निवीर भर्ती पर भी सवाल उठाते हुये कहा कि इस नौकरी को टेंपरेरी करने की क्या जरूरत थी।

आगरा में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने के बाद रविवार देर शाम पैतृक गांव सैफई आए थे। इस मौके पर रामफल बाल्मीकि प्रधान, राजवीर सिंह राजकीय ठेकेदार नगला तेज, बलवीर सिंह यादव प्रदेश अध्यक्ष यूपी जल निगम वेलफेयर एसोसिएशन, प्रदीप यादव आढ़तिया महोला, भारत सिंह यादव खदरी, अमलेश यादव सहसारपुर, आदेश यादव मौजूद रहे।

# सफारी में तेंदुए की हालत बिगड़ी

**इटावा।** इटावा सफारी पार्क में रेस्क्यू किए गए तेंदुए की हालत बिगड़ गई है और उसने भोजन खाना भी बंद कर दिया है। बताया गया है कि सफारी के बफर जोन से 18 जनवरी को एक तेंदुआ घायल अवस्था में रेस्क्यू किया गया था।

इस घायल तेंदुआ का उपचार उसी सफारी पार्क के पशु चिकित्सकों ने शुरू किया था। इसके समुचित उपचार के लिए दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय एवं गौ अनुसंधान संस्थान मथुरा के डा. आरपी पाण्डेय, प्रोफेसर एंड हेड सर्जरी विभाग ने 22 जनवरी को इटावा सफारी पार्क में आकर इस तेंदुए का स्वास्थ्य परीक्षण किया था। उनके परामर्श के अनुसार सफारी पार्क के पशु चिकित्सक इस तेंदुए का इलाज कर रहे हैं। सफारी के डिप्टी डायरेक्टर डा. विनय सिंह ने बताया कि पिछले दो दिनों से तेंदुए द्वारा भोजन नहीं लिया जा रहा है।

# मालगाड़ी के नीचे घुसा युवक, घायल

**भरथना, इटावा।** भरथना रेलवे क्रासिंग के निकट दिल्ली हावड़ा रेलवे ट्रैक की डाउन लाइन पर एक युवक अचानक ट्रेन के नीचे घुस गया। मौके पर मौजूद लोगों की चीख पुकार सुनकर लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोक लिया। मालगाड़ी से घायल हुए युवक को लोगों ने ट्रेन के नीचे से निकाल कर भरथना चिकित्सालय भेजा, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया है।

युवक अंकित यादव 22 वर्ष पुत्र स्व रविन्द्र सिंह यादव निवासी ग्राम उसीरा बुटहर, थाना भरथना का रहने वाला है। वह रेलवे ट्रैक पर मालगाड़ी के नीचे कैसे पहुंचा अभी उसे कुछ पता नहीं है। होश में आने पर या उसके बहन बहनोई के आने पर ही कुछ पता चल सकेगा।

# बोलेरो की टक्कर से ऑटो सवार पांच लोग हुए घायल

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र में काजी पेट्रोल पंप के सामने रविवार देर रात बोलेरो सवार लड़कों ने ऑटो में टक्कर मार दी। ऑटो में बैठे पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, सभी को सैफई मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया।

शहर में शांति कालोनी के एक ही परिवार के चार लोग रात 11 बजे ऑटो बुक करके अपने घर जा रहे थे तभी बोलेरो में सवार कुछ लड़कों ने उपरोक्त स्थान पर ऑटो में टक्कर मार दी जिससे ऑटो में सवार युवराज (12), अक्षरा (13), दीपिका (38) ज्ञान सिंह (55) तथा गांव दतावली का ऑटो ड्राइवर राजू (50) घायल हो गए। पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती करवाया लेकिन डॉक्टर ने सभी की हालत को देखते हुए सैफई मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

### हादसे में मृत युवक का शव घर पहुंचते ही मचा कोहराम

**भरथना।** बीती शनिवार को नोएडा के सेक्टर 28 में तेज रफ्तार अनियंत्रित कार की जोरदार टक्कर लगने से बाइक सवार अरविंद कुमार यादव 32 की मौत हो गई थी। दुर्घटना की आनन फानन में परिजन नोएडा पहुंच गए। रविवार को पोस्टमॉर्टम के बाद देर शाम अरविंद का शव गांव पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक अरविंद कुमार बीते करीब 10 वर्षों से एनसीआर नोएडा में रहकर प्राइवेट नौकरी करता था।

# पुलिस मुठभेड़ में दो गोतस्कर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददात इटावा

- गोली लगने से एक तस्कर हुआ घायल

**अमृत विचार।** चौबिया व ऊसराहार थाना पुलिस ने रविवार की रात को चौबिया थाना क्षेत्र के गांव मसनाई अड्डा तिराहे से खेडा हेलू जाने मोड़ के पास एक मुठभेड़ के बाद पुलिस ने दो गो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में एक गो तस्कर के पैर में गोली भी लगी। जिससे वह घायल हो गया। पकड़े गए तस्करों के पास से दो तमंचा कारतूस के अलावा गोवंश से भरा एक ट्रक भी बरामद हुआ है। पुलिस ने कार्रवाही करते हुए दोनों आरोपियों जेल भेज दिया है।

एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि रविवार की रात को थाना चौबिया एवं थाना ऊसराहार पुलिस द्वारा नगला पीपल चौराहे पर संदिग्ध व्यक्ति व वाहन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि एक ट्रक में अवैध रूप से गोवंशों को लादकर ले जाया जा रहा है। उसके ऊपर तिरपाल बंधा हुआ है। वह किल्ली की ओर से भदामई की ओर आ रहा है। इस सूचना से बसरेहर पुलिस को अवगत कराया गया, जिस पर बसरेहर पुलिस द्वारा ट्रक का पीछा किया जाने लगा। थाना चौबिया व थाना ऊसराहार पुलिस टीमों द्वारा मसनाई अड्डा तिराहे से खेडाहेलू मोड़ पर चेकिंग की जाने लगी। इसी दौरान ट्रक आता दिखायी दिया जिसे पुलिस टीमों द्वारा रोकने का इशारा किया गया तो ट्रक चालक एवं उसके साथियों द्वारा स्वयं को घिरता देख ट्रक रोककर पुलिस टीमों पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया। पुलिस टीमों ने भी जवाबी फायरिंग की गई तो एक गोली तस्कर को लगी जिससे वह घायल हो गया। पूछताछ में उसने अपना नाम आविद निवासी लक्ष्मनियां थाना बरूराज मुजफ्फर पुर बिहार बताया। उसके पास से तमंचा कारतूस बरामद हुआ। जबकि पुलिस ने राजीव यादव निवासी नगला बंधा भरथना को भी दौडकार गिरफ्तार कर लिया। जबकि उनके तीन साथी भाग जाने में सफल रहे।

पुलिस उन्हें गिरफ्तार करने के प्रयास में लगी है। पूछताछ में पकड़े गए राजीव ने बताया कि इस ट्रक में गोवंश भरे है, जिन्हे मैं व मेरे अन्य चार साथी ट्रक में लादकर बिहार ले जा रहे थे वहां गोवंशों को बेचकर जो पैसा मिलता है उसे आपस में बांट लेते है। दोनों आरोपियों बाद जेल भेज दिया गया।

# आर्थिक कमजोर बच्चों का निजी स्कूलों में प्रवेश कराया

संवाददाता, इटावा

- 201 छात्रों को हुआ स्कूलों का आवंटन

**अमृत विचार।** जिले में आरटीई के अंतर्गत प्रथम चरण में 201 बच्चों को स्कूलों का आवंटन किया गया। इस योजना के तहत कुल 276 आवेदन प्राप्त हुए थे। प्रथम चरण में लॉटरी प्रक्रिया मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम ने की।

इसमें कुल प्राप्त 276 आवेदन के सापेक्ष 220 के लिए लॉटरी प्रक्रिया की गई जिसमें से 201 को विद्यालय आवंटन हुआ। इसके साथ ही 19 बच्चों को पसंद की वरीयता में विद्यालय में सीट उपलब्ध न होने के कारण आवंटन नहीं हुआ।। आरटीई में द्वितीय चरण के लिए आवेदन पुनः 1 मार्च से 30 मार्च के मध्य किए जायेंगे। सभी दुर्बल



वर्ग के अभिभावक जिनकी वार्षिक आय एक लाख तक है एवं अलाभित समूह एससी /एसटी वर्ग के अंतर्गत अपने वार्ड, पंचायत के विद्यालय एवं विद्यालय न होने की स्थिति में निकटतम विद्यालय के लिए आवेदन कर सकेंगे। इस अवसर पर आरटीई के जनपदीय नोडल उदय सिंह राज खण्ड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय, मनोज कुमार सिंह जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता उपस्थित रहे।


एसडीएम सुशांत श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपते भाकियू के पदाधिकारी। अमृत विचार

# भाकियू ने निकाली ट्रैक्टर महारैली, किया प्रदर्शन

संवाददाता सैफई, इटावा

**अमृत विचार।** किसान आंदोलन के समर्थन में भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट ने सोमवार को ट्रैक्टर महारैली निकाली। तहसील मुख्यालय पर जोरदार धरना प्रदर्शन करते हुए तहसील प्रशासन व अन्य विभागों पर जमकर हमला बोला। यूनियन ने पांच सूत्रीय मांगों को लेकर एसडीएम सुशांत श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपा।

न्यूनतम समर्थन मूल्य गारंटी व अन्य मांगों को लेकर किसान शंभू बार्डर पर आंदोलन कर रहे हैं। किसानों के आंदोलन के समर्थन में सोमवार को भारतीय किसान यूनियन इटावा के जिला अध्यक्ष संजीव किसान के नेतृत्व में तहसील क्षेत्र में ट्रैक्टर मार्च निकाला। ट्रैक्टर रैली को लेकर पुलिस-प्रशासन सतर्क रहा। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक बलराम मिश्रा, तहसील अध्यक्ष जावेद सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष प्रमोद यादव, गिरीश चंद्र, जावेद भोजवाल, विजय सिंह, हिरदेश कश्यप, सहित सैकड़ो की संख्या में किसान मौजूद रहे।

# राम कुमार अध्यक्ष, अंशुल बने सचिव

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** जनपद इटावा के लोक निर्माण विभाग मिनिस्टीरियल एसोसिएशन के संघ भवन में द्विवार्षिक अधिवेशन में राम कुमार अध्यक्ष और अंशुल चौहान जनपद सचिव निर्वाचित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष पदम नाथ द्विवेदी एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष ओमेंद्र सचान, क्षेत्रीय महामंत्री प्रीतम भारद्वाज ने की।

चुनाव समिति में सुरेश कुमार जनपद अध्यक्ष कानपुर, मोहम्मद आरिफ कानपुर देहात, सत्येंद्र पटेल कानपुर की देखरेख में निर्वाचन पूर्ण कराया गया। जिसमें कोषाध्यक्ष नागेंद्र, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोमती देवी, कार्यकारी अध्यक्ष राहुल यादव और अभय कुमार संगठन मंत्री निर्वाचित हुए। प्रदेश अध्यक्ष कर्मचारी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन राजीव यादव, प्रदेश महामंत्री अरविंद धनगर, सिंचाई विभाग के उमाशंकर गुप्ता, मनोज कोषागार इटावा पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे। बृजेश शर्मा, राजेश तिवारी, राजीव चौहान, प्रवीण पांडे, डीके श्रीवास्तव, विवेक बाबू, इंसाफ अली, नितिन निगम, जितेंद्र भदोरिया, मोहित गुप्ता, राहुल कुमार, सत्यम कुमार, नौशाद आलम, अजय सिंह, अमित राजपूत आदि मौजूद रहे। सभी कर्मचारियों ने निर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यापण कर स्वागत किया। क्षेत्रीय महामंत्री प्रीतम भारद्वाज ने प्रदेशीय पदाधिकारियों को प्रतीक चिंह भेंटकर सम्मानित किया।


शपथ ग्रहण करते लोनिवि मिनि. एसो. के नवनिवार्चित पदाधिकारी। अमृत विचार

- लोक निर्माण विभाग मिनिस्टीरियल एसो. का चुनाव


प्रदेश अध्यक्ष पदमनाथ को प्रतीक चिह्न देते प्रीतम भारद्वाज। अमृत विचार

# रोके गए वेतन के भुगतान की उठाई मांग, सौंपा ज्ञापन

**इटावा।** उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत राज सफाई कर्मचारी संघ ने नो पे नो वर्क के तहत कर्मचारियों के रोके गए वेतन का भुगतान किए जाने की मांग की है। इसे लेकर संघ के पदाधिकारियों ने डपीआरओ को ज्ञापन सौंपा।

संघ की मांगों में मानव संपदा पोर्टल पर सफाई कर्मचारियों का डाटा संशोधन किया जाने, संगठन के पदाधिकारी का स्थानांतरण न किया जाने की मांग की है। उनकी मांगों में एसीपी का एरियर निकलवाए जाने, रुके हुए एरियर निकलवाए जाने की मांग शामिल हैं। ज्ञापन देने वालों में शिवमंगल दास जिला अध्यक्ष, प्रीतम जिला महामंत्री, भीम सिंह जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, रमेश चंद्र जिला कार्यवाहक अध्यक्ष, धर्मेंद्र कुमार जिला कार्यकारणी अध्यक्ष, सोबरन सिंह जिला उप महामंत्री, शिवरतन कठेरिया जिला उपाध्यक्ष अवधेश कुमार जिला उपाध्यक्ष, प्रीति जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा मनोज कुमार वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

# ग्राम पंचायत सचिव से मांगा स्पष्टीकरण

**महेवा।** महेवा की ग्राम पंचायत बहादुरपुरघार में स्वच्छ भारत मिशन के तहत बनाये गये आर आर सी सेंटर के संचालित न होने पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत श्याम वरन राजपूत ने नाराजगी जताते हुए केंद्र के संचालन को सही रूप में करने का निर्देश दिया है।

# गैरइरादतन हत्या के मामले में उम्रकैद

**इटावा।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम चंद्र यादव ने दस साल पुराने गैर इरादतन हत्या के एक मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी को दोषी पाया। दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके अलावा कोर्ट ने उस पर दस हजार रूपया का जुर्माना भी लगाया।

जिला शासकीय अधिवक्ता शिव कुमार शुक्ला ने बताया कि भरथना थाना क्षेत्र के गांव भोज पुरा निवासी चेतना सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया था कि एक दिसम्बर 2013 को आपसी विवाद के चलते गांव के ही गिरराज उर्फ नीलू पुत्र बृजमोहन सिंह ने उसके पति योगेंद्र के साथ मारपीट की। मारपीट में उसको गंभीर चोटें आई। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनकी मौत हो गई। मामले की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर प्रथम की कोर्टमें हुई। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता देवेंद्र तिवारी के द्वारा पेश किए साक्ष्यो व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने नीलू को दोषी पाया। दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई।


**कार्यालय ग्राम पंचायत बघुईया विकास खण्ड सैंफई-इटावा**

पत्रांक मेमो/निविदा विज्ञप्ति-ग्रा0पं0अ0/2023-24 दिनांक 26.02.2024

**अल्पकालीन निर्माण सामग्री आपूर्ति विज्ञप्ति**

ग्राम पंचायत बघुईया विकास खण्ड सैफई इटावा के अन्तर्गत वर्ष 2023-24 में निम्नांकित विवरण के अनुसार निर्माण कार्य पूर्ण कराये जाने हेतु निर्माण सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु वि0ख0 सैफई-इटावा के पंजीकृत सप्लायर/कॉन्ट्रैक्टरों से निविदायें टेण्डर दिनांक 27.02.2024 से 01.03.2024 समय 2:00 तक आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 01.03.2024 को निविदा समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 3:30 पर खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 27.02.2024 से 01.03.2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत में प्रात: 10:30 से 1:00 बजे तक क्रय किये जा सकते हैं आपूर्ति की जाने वाली निर्माण सामग्री से संम्बधित नियम/नियमों की जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्य दिवसों में निर्धारित तिथि तक प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | योजना | कार्य का विवरण | अनुमानित सामग्री लागत | धरोहर धनराशि (2%) | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 |
| 01 | मनरेगा | ग्रा.पं. बघुईया में महेश राम की आबादी से राम दुलारी के खेत तक पक्का नाला निर्माण कार्य। | 579612 | 11593 | 200 |

ग्राम पंचायत बघुईया विकास खण्ड सैंफई। ग्राम पंचायत सचिव

**कार्यालय ग्राम पंचायत खितौरा वि0ख0 महेवा (इटावा)।**

पत्राक-मेमों/ग्रा0 प0 /निविदा विज्ञप्ति-नि0स0आ0/2023-24 दिनांक 26-02-2024

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत खितौरा वि0ख0 महेवा इटावा में प0रा0वि0/15वां वि0आ0/मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्न निर्माण कार्य पूर्ण कराये जाने हेतु निर्माण सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु जनपद इटावा के पंजीकृत सप्लायर / काण्ट्रेक्टर से निविदायें दिनांक 26.02.2024 से 29.02.2024 तक आमन्त्रित की जाती है। जो दिनांक 29.02.2024 को ग्राम पंचायत समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष अपरान्ह 3.00 बजे खोली जायेगी। आपूर्ति की जाने वाली निर्माण सामग्री से सम्बन्धित नियमों की जानकारी ग्राम पंचायत सचिव कार्यालय कार्य दिवसों में निर्धारित तिथि तक प्राप्त की जा सकती है। एवं निविदा की स्वीकृत /अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान में निहित है। उक्त कार्य मनरेगा/राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त से होंगें।

| क्र0 | योजना/कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र क्रय धनराशि | सामग्री का विवरण | प्राक्कलन लागत (सामग्री अंश) | जमानत धनराशि (2 प्रतिशत) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | योजना मनरेगा मुखराम की मैग्या से योगेन्द्र के खेत तक इंटरलाकिंग कार्य | 500 | GSB, ईट, इण्टरलांकिग आदि | 499217/- | 9984/- |

कमल सिंह प्रधान आदित्य देव, सचिव

ग्राम पंचायत खितौरा अहिरान वि0ख0 महेवा (इटावा)।

**कार्यालय ग्राम पंचायत कुशगवां अहिरान वि0ख0 महेवा (इटावा)।**

पत्राक-मेमों/ग्रा0 प0 /निविदा विज्ञप्ति-नि0स0आ0/2023-24 दिनांक 26-02-2024

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत कुशगवां अहिरान वि0ख0 महेवा इटावा में प0रा0वि0/15वां वि0आ0/मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्न निर्माण कार्य पूर्ण कराये जाने हेतु निर्माण सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु जनपद इटावा के पंजीकृत सप्लायर / काण्ट्रेक्टर से निविदायें दिनांक 26.02.2024 से 29.02.2024 तक आमंन्त्रित की जाती है। जो दिनांक 29.02.2024 को ग्राम पंचायत समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष अपरान्ह 3.00 बजे खोली जायेगी। आपूर्ति की जाने वाली निर्माण सामग्री से सम्बन्धित नियमों की जानकारी ग्राम पंचायत सचिव कार्यालय कार्य दिवसों में निर्धारित तिथि तक प्राप्त की जा सकती है। एवं निविदा की स्वीकृत /अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान में निहित है। उक्त कार्य मनरेगा/राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त से होंगें।

| क्र0 | योजना | योजना/कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | प्राकलन लागत (सामग्री अंश) | जमानत धनराशि (2 प्रतिशत) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मनरेगा राज्यवित्त केन्द्रीय वित्त | ग्राम कुशगवां अहिरान में रसाल सिंह की समाधि से महिपाल के घर तक इण्टरलांकिग | GSB, ईट, रोड़ी इण्टरलांकिग सीमेन्ट, मौरंग आदि | 275501/- | 5510/- |
| 2- | मनरेगा, राज्यवित्त केन्द्रीय वित्त | उचित दर की दुकान व जनसुविधा केंद्र | सीमेन्ट, मौरंग,रोड़ी, ईट, आदि | 712400/- | 14248/- |
| | मनरेगा, राज्यवित्त केन्द्रीय वित्त | इण्टरलांकिंग ओम प्रकाश के घर से राधा मोहन के घर तक | GSB, ईट, रोड़ी इण्टरलांकिग आदि | 673628/- | 13472 |
| | मनरेगा, राज्यवित्त केन्द्रीय वित्त | UPS कुशगवां अहिरान से शेर सिंह के घर तक | GSB, ईट, रोड़ी इण्टरलांकिग आदि | 851212 | 17024 |

राजेश कुमार, प्रधान ग्राम पंचायत कुशगवां अहिरान वि0ख0 महेवा (इटावा)। आदित्य देव, सचिव


प्रदर्शन

## वार्ता से मामला ना सुलझने पर बिजली कार्यालय पर भूख हड़ताल पर बैठे लोग

# एफआईआर में टेम्पर्ड व एससी की धारा जोड़ने पर हंगामा

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** शहर के लाइनपार क्षेत्र के मोहल्ला विजय नगर में बिजली विभाग की टीम द्वारा बिजली चोरी पकड़े जाने वाले मामले में एफआईआर दर्ज किए जाने और उस एफआईआर में बिजली मीटर टेम्पर्ड करने वालों के नाम जोड़ने और एससी एक्ट लगाने से लोग भड़क उठे।


बिजली विभाग के कार्यालय पर भूख हड़ताल पर बैठे हरिकिशोर तिवारी व अन्य।


बातचीत करते सिटी मजिस्ट्रेट, एक्सईएन, व हरिकिशोर तिवारी। अमृत विचार

यह लोग कर्मचारी नेता इं. हरिकिशोर तिवारी के नेतृत्व में बिजली विभाग के कार्यालय पहुंचे और अपनी बात रखी। इसके साथ ही धरना शुरू हो गया। इस बीच बातचीत चलती रही। सिटी मजिस्ट्रेट दिग्विजय सिंह भी मौके पर पहुंच गये। अधिकारियों पुलिसजनों और इं. हरिकिशोर तिवारी के बीच काफी देर तक बातचीत हुई लेकिन इन धाराओं को हटाए जाने पर बात नहीं बन पाई। इस पर आक्रोशित लोगों ने बिजली विभाग के कार्यालय पर ही भूख हड़ताल शुरू कर दी। यह भूख हड़ताल रात तक जारी है।

इस संबंध में कर्मचारी नेता हरि किशोर तिवारी ने बताया कि इस मामले में विद्युत विभाग के कर्मचारी सुशील दिवाकर की ओर से लिखाई गई रिपोर्ट में सुहेल और इरफान के अलावा अतुल शुक्ला, हरि योगेंद्र शुक्ला, गौतम शुक्ला, इनकी पत्नियों और पुत्री दीप्ति शुक्ला के विरुद्ध मीटर टेंपरिंग गैंग और एससी एक्ट की धाराओं समेत अन्य गंभीर धाराएं लगाई गईं हैं, यह एकदम अनुचित और अन्याय पूर्ण है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जब तक ये धाराएं वापस नहीं ली जायेंगी, वे और उनके साथी अनिश्चित कालीन भूख हड़ताल करेंगे। मामले के समाधान हेतु सिटी मजिस्ट्रेट एवं कोतवाल भी वहां आए, लेकिन बात नहीं बनी।

**यह लोग हड़ताल पर बैठे :** इस मामले को लेकर बिजली विभाग के कार्यालय पर भूख हड़ताल शुरू कर दी गई है। भूख हड़ताल पर बैठने वालों में इं. हरिकिशोर तिवारी के साथ फ्रेंडस कालोनी के सभासद पंकज पचौरी, भाजपा नेता और सभासद शरद वाजपेई, अशोक द्विवेदी, देवेंद्र शुक्ला, देवेंद्र मिश्रा और देवेन्द्र भदौरिया शामिल हैं।

> चेकिंग के दौरान बिजली विभाग की टीम के साथ जो घटना हुई उस पर बिजली कर्मचारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। अब अनावश्यक दबाव बनाने के लिए यह किया जा रहा है।
>
> -श्रीप्रकाश
> अधिशाषी अभियंता नगर

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 990 फ्लैग 1100 डीएमओ 870 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| अनाज (प्रति क्वि.) | |
| गेहूं दड़ा | 2525-2550 |
| आर.आर.21 | 2700-2750 |
| गेहूं फारम | 2800-2850 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2600-4000 |
| बाजरा | 2125-2175 |
| मकाई | 2000-2200 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 5200-5400 |
| अरहर | 7500-8000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 4200-4300 |
| उड़द हरा | 10000-10200 |
| उड़द काला | 6000-8000 |
| मूंग | 8500-8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहर फूल | 14500-14700 |
| अरहर स्पेशल1 | 12000-12100 |
| चना दाल | 6900-7000 |
| मटर दाल | 4900-5000 |
| मसूर मलका | 6800-6850 |
| मसूर दाल | 6900-6950 |
| उड़द दाल | 9000-12000 |
| उड़द धोवा | 10500-13000 |
| मूंग दाल | 8800-10300 |
| मूंग धोवा | 9800-11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000-2300 |
| बासमती नं 1. | 8500-10000 |
| सेला | 2500-3000 |
| बासमती नं 2. | 6500-7500 |
| **किराना (प्रति क्वि.)** | |
| कली मिर्च | 55000-70000 |
| बड़ी इलायची | 85000-120000 |
| सोंठ | 30000-40500 |
| धनिया | 6000-13000 |
| लाल मिर्च | 28000-34000 |
| जीरा | 58000-62000 |
| अजवाइन | 20000-28000 |
| हल्दी | 13500-16500। |

# विकसित भारत लक्ष्य में कपड़ा क्षेत्र अहम

## प्रधानमंत्री ने भारत टेक्स-2024 का किया उद्घाटन, कहा- इस क्षेत्र का योगदान बढ़ाने का प्रयास कर रही है सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कपड़ा क्षेत्र को पूरा सहयोग देने का वादा किया और साथ ही इस बात पर बल दिया कि यह क्षेत्र 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भारत 2047 में आजादी के सौ साल पूरे करेगा। मोदी ने 'भारत टेक्स-2024' का उद्घाटन करने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत के निर्माण में कपड़ा क्षेत्र के योगदान को और बढ़ाने के लिए सरकार बहुत व्यापक स्तर पर काम कर रही है। 'भारत टेक्स' देश में आयोजित सबसे बड़े वैश्विक कपड़ा कार्यक्रमों में से एक है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "हमने अगले 25 साल में भारत को विकसित राष्ट्र में बदलने का संकल्प लिया है। विकसित भारत के चार महत्वपूर्ण स्तंभ- गरीब, युवा, किसान और महिलाएं हैं। विशेष रूप से भारत का कपड़ा क्षेत्र इन सभी स्तंभों से जुड़ा हुआ है। इसलिए 'भारत टेक्स' जैसा आयोजन हम सभी के लिए बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है।" उन्होंने कहा कि 2014 में भारत के कपड़ा बाजार का मूल्यांकन सात लाख करोड़ रुपये से भी कम था, जबकि अब यह 12 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 साल में धागे, कपड़े और परिधान के उत्पादन में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सरकार का कपड़ा क्षेत्र में गुणवत्ता नियंत्रण पर पूरा ध्यान है। कपड़ा क्षेत्रों में रोजगार की संभावना, ग्रामीण आबादी और महिलाओं की भागीदारी पर उन्होंने कहा कि परिधान निर्माताओं में दस में से सात महिलाएं हैं और हथकरघा में तो यह संख्या और भी अधिक है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर बल दिया कि पिछले 10 साल में उठाए गए कदमों ने खादी को विकास और नौकरियों का एक मजबूत माध्यम बना दिया है। उन्होंने कहा कि इसी तरह पिछले दशक की कल्याणकारी योजनाओं और बुनियादी ढांचे को आगे बढ़ाने से कपड़ा क्षेत्र को भी फायदा हुआ है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार कपास किसानों का समर्थन कर रही है और उनसे कपास खरीद रही है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा पेश किया गया 'कस्तूरी कॉटन' वैश्विक स्तर पर भारत का 'ब्रांड मूल्य' बनाने में एक बड़ा कदम होगा।



### ऐसे समाज का निर्माण करेंगे, जहां सरकारी दखल कम से कम हो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उनका लक्ष्य एक ऐसे समाज का निर्माण करना है, जहां सरकार का हस्तक्षेप कम से कम हो और वह लोगों की समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य करे। 'भारत टेक्स 2024' के उद्घाटन के बाद अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार गरीबों के लिए होनी चाहिए। उन्होंने कहा, 'हमें ऐसा समाज बनाना होगा, जिसमें सरकार का हस्तक्षेप कम से कम हो। मैं विशेष रूप से मध्यम वर्ग के जीवन में हस्तक्षेप को पसंद नहीं करता हूं।' मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों से वह न्यूनतम सरकारी हस्तक्षेप वाले समाज के निर्माण के लिए लड़ रहे हैं और अगले पांच वर्षों में भी ऐसा करना जारी रखेंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश में समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए सरकार को उत्प्रेरक एजेंट के रूप में कार्य करना चाहिए।

# देश की आर्थिक वृद्धि दर दिसंबर तिमाही में 7% रहेगी

मुंबई, एजेंसी

● जर्मन ब्रोकरेज कंपनी डॉयचे बैंक ने लगाया अनुमान

देश की आर्थिक वृद्धि दर दिसंबर तिमाही में उम्मीद से अधिक 7 प्रतिशत रहने का अनुमान है। जर्मनी की ब्रोकरेज कंपनी डॉयचे बैंक ने सोमवार को एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया है। रिपोर्ट के अनुसार, 'हमारा अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष में अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में सालाना आधार पर स्थिर मूल्य पर जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर 7 प्रतिशत रहेगी। यह पूर्व में जताए गए अनुमान से अधिक है।'

तिमाही वृद्धि का आधिकारिक आंकड़ा 29 फरवरी को जारी किया जाएगा। चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत रही थी। ब्रोकरेज कंपनी के विश्लेषकों के अनुसार, उसका अनुमान औद्योगिक उत्पादन, निर्यात, आयात (तेल और सोने को छोड़कर), बैंक कर्ज और उपभोक्ता वस्तुओं सहित पांच महत्वपूर्ण संकेतकों के सूचकांक पर आधारित है। रिपोर्ट में कहा गया है कि लगभग 65 उच्च-आवृत्ति वाले संकेतकों से जुड़ा एक अन्य संकेतक भी दिसंबर तिमाही में 7 प्रतिशत वृद्धि का संकेत दे रहा है।

रिपोर्ट में कहा गया है, 'पिछले साल रूस-यूक्रेन युद्ध और उससे पहले कोविड महामारी के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था ने उल्लेखनीय मजबूती दिखाई है। आर्थिक वृद्धि की गति अनुमान से कहीं बेहतर रही है।'

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 71,800 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,000 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,650-47,850 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,200 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,050 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42,500 |
| चांदी (999) | 72,200 |
| चांदी तैयार | 72,300 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 64,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,000 |
| चांदी पक्की | 715 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,100 |
| चांदी आभूषण | 72,200। |

# बीते साल विलय-अधिग्रहण सौदों का मूल्य 27 प्रतिशत घटा

नई दिल्ली, एजेंसी

● पीडब्ल्यूसी की रिपोर्ट के मुताबिक 2023 में 793 रही संख्या

भारत में विलय और अधिग्रहण (एमएंडए) सौदों का मूल्य पिछले साल यानी 2023 में 27 प्रतिशत घटकर 136 अरब डॉलर रह गया। डेलॉयट इंडिया की सोमवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, विलय एवं अधिग्रहण बाजार के इस साल स्थिर रहने की संभावना है।

रिपोर्ट 'इंडिया एमएंडए ट्रेंड्स' के अनुसार, "ऊंची ब्याज दरों, व्यापक आर्थिक अनिश्चितता, नियामकीय जांच और भू-राजनीतिक जोखिमों से उत्पन्न महत्वपूर्ण वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत का विलय एवं



अधिग्रहण बाजार 2023 में मजबूत रहा।" रिपोर्ट में कहा गया, "वैश्विक आर्थिक और भू-राजनीतिक चुनौतियों के बावजूद भारतीय बाजार में सौदे स्थिर रहने की उम्मीद है जो वैश्विक आर्थिक मंदी के बीच कंपनियों और निवेशकों के मजबूत विश्वास को दर्शाता है।"

## पंजीकरण के बाद पीली मटर के आयात की अनुमतिः डीजीएफटी

**नई दिल्ली।** वाणिज्य मंत्रालय ने कहा है कि आयात निगरानी प्रणाली के तहत पंजीकरण के बाद पीली मटर के आयात की तत्काल प्रभाव से अनुमति है। यह अनुमति उन खेपों के लिए है, जिन्हें 30 अप्रैल या उससे पहले जहाज पर लदान से जुड़े बिल जारी किए गए हैं। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने कहा कि एमआईपी (न्यूनतम आयात मूल्य) और बंदरगाह प्रतिबंध शर्तों के बिना आयात की अनुमति है। डीजीएफटी अधिसूचना में कहा गया है कि हालांकि इसके लिए आयात निगरानी प्रणाली के तहत पंजीकरण की जरूरत है।

# भारतीय होटल उद्योग सात से नौ फीसदी राजस्व वृद्धि दर्ज करेगा

कोलकाता, एजेंसी

भारतीय होटल उद्योग को अगले वित्त वर्ष (2024-25) में सात से नौ प्रतिशत की राजस्व वृद्धि दर्ज करने की उम्मीद है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी इक्रा की एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया है। इक्रा ने कहा कि घरेलू अवकाश यात्रा का निर्वाह, बैठकों, सम्मेलन और प्रदर्शनियों (एमआईसीई) की मांग ऐसे कारक हैं, जो आगामी आम चुनावों के दौरान अस्थायी शांति के बावजूद अगले वित्त वर्ष में मांग को बढ़ाएंगे।

शोध कंपनी ने कहा कि अगले वित्त वर्ष में आध्यात्मिक पर्यटन और दूसरी श्रेणी के शहरों से समग्र मांग में सार्थक योगदान मिल सकता है। इक्रा के अनुसार, चालू वित्त वर्ष और अगले वित्त वर्ष में अखिल भारतीय होटल अधिभोग का अनुमान दशक के उच्चतम स्तर 70 प्रतिशत से 72 प्रतिशत तक पहुंच गया, जबकि 2022-23 में यह 68 प्रतिशत से 70 प्रतिशत था। चालू वित्त वर्ष में देशभर में कमरों का औसत शुल्क 7,200 से 7,400 रुपये रह सकता है, जिसके अगले वित्त वर्ष में बढ़कर 7,800 से 8,000 होने की संभावना है। रिपोर्ट के अनुसार, क्रेडिट रेटिंग में सुधार के साथ इक्रा का भारतीय होटल उद्योग के लिए दृष्टिकोण सकारात्मक है।

## एसबीआई समेत 3 बैंकों पर आरबीआई ने लगाया 3 करोड़ का जुर्माना

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने नियामकीय मानदंडों के उल्लंघन को लेकर भारतीय स्टेट बैंक, केनरा बैंक और सिटी यूनियन बैंक पर लगभग तीन करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने सोमवार को बयान में कहा कि जमाकर्ता शिक्षा जागरूकता कोष योजना, 2014 से संबंधित कुछ मानदंडों के उल्लंघन के लिए एसबीआई पर दो करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावा आय पहचान, फंसे कर्ज को लेकर कुछ निर्देशों का अनुपालन न करने को लेकर सिटी यूनियन बैंक लिमिटेड पर 66 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

## राष्ट्रीय

# संदेशखालि: शाहजहां को हर हाल में गिरफ्तार करे पुलिस

## कलकत्ता हाईकोर्ट ने दूसरी बार पश्चिम बंगाल सरकार को लगाई फटकार, कहा- गिरफ्तारी पर कोर्ट की रोक नहीं

कोलकाता, एजेंसी

कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार को फटकारते हुए निर्देश दिया कि संदेशखालि में यौन उत्पीड़न के आरोपी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शाहजहां शेख को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। इसके साथ कोर्ट ने स्पष्ट किया कि शाहजहां शेख की गिरफ्तारी पर कोई रोक नहीं है।

अदालत ने कहा कि यह जानकर आश्चर्य हुआ कि संदेशखालि में उत्पीड़न की घटनाओं की सूचना राज्य पुलिस को चार साल पहले ही दे दी गई थी। मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा, 'यह और भी आश्चर्यजनक है कि 42 मामलों को आरोपपत्र का रूप लेने में चार साल लग गए।' मामले में पेश अधिवक्ताओं ने कहा कि एक गलत धारणा बनाई गई कि अदालत ने शेख की गिरफ्तारी पर रोक लगाई है। इस पर पीठ ने कहा कि संदेशखालि में घटनाओं के संबंध में ऐसा कोई मामला रिकॉर्ड में नहीं है कि शेख की गिरफ्तारी पर रोक लगाई गई है। अदालत ने कहा, 'अतः संबंधित पुलिस प्राधिकारी उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार करें।'

अदालत ने निर्देश दिया कि महिलाओं के यौन उत्पीड़न और आदिवासी लोगों की जमीन हड़पने के आरोपों का स्वतः संज्ञान लेकर शुरू किए गए मामले में शेख प्रवर्तन निदेशालय, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और राज्य के गृह सचिव को पक्षकार बनाया जाए। पीठ ने निर्देश दिया कि हाईकोर्ट रजिस्ट्री द्वारा समाचार पत्रों में एक सार्वजनिक नोटिस दिया जाए, जिसमें यह कहा गया हो कि शेख को मामले में पक्षकार बनाया गया है, क्योंकि वह फरार है और उसे 5 जनवरी को प्रवर्तन निदेशालय पर भीड़ के हमले के बाद से सार्वजनिक रूप से नहीं देखा गया है।

गत 5 जनवरी को संदेशखालि में शाहजहां के आवास पर छापेमारी के लिए गई ईडी टीम पर भीड़ द्वारा हमला किया गया था। शेख तब से फरार है। शाहजहां व उसके समर्थकों के खिलाफ जमीन पर कब्जा करने और यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर संदेशखालि में प्रदर्शन हो रहे हैं।



### सात दिनों में गिरफ्तार किया जाएगा शाहजहांः टीएमसी

**कोलकाता।** टीएमसी के वरिष्ठ नेता कुणाल घोष ने सोमवार को कहा कि शाहजहां शेख को सात दिन में गिरफ्तार कर लिया जाएगा। टीएमसी नेता का यह बयान कलकत्ता हाईकोर्ट द्वारा यह स्पष्ट किए जाने के तुरंत बाद आया है कि शाहजहां की गिरफ्तारी पर कोई रोक नहीं है। घोष ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'शेख शाहजहां की गिरफ्तारी के बारे में अभिषेक बनर्जी की बात सही है। मामला अदालत के कानूनी पचड़े में फंसा हुआ था। विपक्ष इस मौके का फायदा उठाकर राजनीति कर रहा था। मामले को स्पष्ट करने और पुलिस को कार्रवाई की आज इजाजत देने के लिए उच्च न्यायालय को धन्यवाद। शाहजहां को सात दिनों के भीतर गिरफ्तार कर लिया जाएगा।'

### आरोपी तृणमूल नेताओं के घरों में तोड़फोड़

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के अशांत क्षेत्र संदेशखालि में सोमवार को एक बार फिर प्रदर्शन हुआ और लोगों के एक समूह ने टीएमसी के स्थानीय नेताओं के घरों में तोड़फोड़ की। इन नेताओं पर क्षेत्र के ग्रामीणों को प्रताड़ित करने का आरोप है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि लाठी-डंडों से लैस स्थानीय लोगों ने टीएमसी के पंचायत नेता शंकर सरदार के खिलाफ अपनी नाराजगी जताते हुए संदेशखालि के बरमाजुर इलाके में कुछ घरों पर हमला किया। उन्होंने कहा कि भूमि हड़पने का आरोपी शंकर घर में मौजूद नहीं था और ग्रामीणों ने घर में मौजूद परिवार के सदस्यों के साथ मार-पीट की। पुलिस बाद में वहां पहुंची और प्रदर्शनकारियों को शांत कराने की कोशिश की।

# जवानों-किसानों का शोषण कर रही सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

### कांग्रेस नेताओं ने लगाए आरोप



पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते कांग्रेस नेता पवन खेड़ा।

कांग्रेस ने मोदी सरकार को जवान और किसान विरोधी करार देते हुए कहा कि उसकी नीतियों के कारण देश का किसान तथा जवान पीड़ित है और इन दोनों का जमकर शोषण किया जा रहा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट, संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा तथा वरिष्ठ नेता दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देश में आज जवान और किसान दोनों का शोषण हो रहा है।

कांग्रेस नेताओं ने कहा, "आज देश के नौजवानों में सेना भर्ती को लेकर रुचि कम हो गई है। इसका जिम्मेदार कौन है। आप फौज पर राजनीति करके राष्ट्रहित की बात नहीं कर सकते। इसलिए सरकार अग्निपथ योजना वापस ले और सेना में पक्की भर्ती दोबारा शुरू करे। सेना द्वारा करीब दो लाख युवकों का पूरी प्रक्रिया के बाद चयन हुआ है, उन सभी नौजवानों को जॉइनिंग दी जाए।" कांग्रेस नेताओं ने कहा "सरकार जी-20 के आयोजन, प्रधानमंत्री के हवाई जहाज, सेंट्रल विस्टा जैसे प्रोजेक्ट और अपने प्रचार पर करोड़ों रुपये खर्च कर सकती है, लेकिन पैसा बचाने के लिए सेना भर्ती प्रक्रिया के साथ खिलवाड़ कर रही है, जो देश की सुरक्षा के लिए चुनौती बन सकता है। हमारा आग्रह है कि चयनित युवाओं को नौकरी दी जाए। पार्टी देश के उन सभी लाखों युवाओं के साथ खड़ी है जो सेना में अपना भविष्य देखते हैं।"

उन्होंने कहा, "देश में कोविड के दौरान और उससे पहले सेना की कई भर्तियां पूरी हो चुकी थी और चयनित युवकों की सिर्फ जॉइनिंग बाकी थी, लेकिन अग्निपथ योजना आने के बाद चयनित इन नौजवानों को जॉइनिंग नहीं दी गई। इन नौजवानों ने राहुल गांधी जी से मिलकर अपना दर्द साझा किया था।"

## एक नजर

### तमिलनाडु सरकार ईडी की मदद करेः सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को तमिलनाडु सरकार से कहा कि राज्य मशीनरी को यह पता लगाने में ईडी की मदद करनी चाहिए। इसमें कोई नुकसान नहीं है। शीर्ष अदालत ने पिछले हफ्ते धनशोधन के एक मामले में ईडी की जांच के खिलाफ मद्रास हाईकोर्ट में याचिका दायर करने को लेकर तमिलनाडु सरकार से सवाल किया था। केंद्रीय जांच एजेंसी ने अवैध रेत खनन से संबंधित धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में वेल्लोर, तिरुचिरापल्ली, करूर, तंजावुर और अरियालुर के जिला कलेक्टर को तलब किया था।

### दुष्कर्म के आरोपी ने युवती को गोली मारी, गिरफ्तार

**जयपुर।** कोटपूतली-बहरोड़ जिले में दुष्कर्म के एक आरोपी और उसके दो साथियों ने 25 वर्षीय पीड़िता को कथित तौर पर गोली मारी और उस पर गंडासे से हमला कर दिया। हमले मे पीड़िता का भाई भी घायल हो गया। दोनों का जयपुर में उपचार चल रहा है। पुलिस ने बताया कि तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस महानिदेशक यूआर साहू ने बताया कि मामले के मुख्य आरोपी राजेंद्र यादव का सोमवार को जयपुर में ट्रेन की चपेट में आने से पैर कट गया। पुलिस ने उसे पकड़ लिया गया है।

## क्रिकेट खेलने के दौरान बेहोश होकर गिरा युवक, मौत

**गुना।** मध्य प्रदेश के गुना जिले में क्रिकेट खेलते समय 28 वर्षीय एक युवक बेहोश होकर गिर गया और उसकी मौत हो गई। जिला अस्पताल के सिविल सर्जन एसओ भोला ने कहा कि एक क्रिकेट मैच के दौरान गिरने के बाद दीपक खांडेकर को अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने बताया कि एम्बुलेंस प्रभारी ने कहा कि अस्पताल ले जाने के दौरान खांडेकर की नब्ज नहीं चल रही थी।

## मोदी के दौरे से पहले आईएस सदस्य गिरफ्तार

**तिरुवनंतपुरम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के केरल की राजधानी के दौरे से एक दिन पहले यहां वट्टियूरकावु थाना की सीमा से आईएसआईएस से संबंध रखने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि तमिलनाडु के मूल निवासी सादिक बाशा को रविवार को उनकी कार पर नकली पुलिस स्टिकर के साथ गिरफ्तार किया गया। गौरतलब है कि सितंबर 2022 में, उसे आईएसआईएस के लिए धन जुटाने के मामले में एनआईए ने वट्टियूरकावु में उसकी पत्नी के घर से गिरफ्तार किया था। जिसके बाद उसे राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के लिए 24 महीने जेल की सजा मिली थी। खबरें थीं कि जेल से रिहा होने के बाद उसने कई बार वट्टियूरकावु का दौरा किया। प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार को पार्टी 'पदयात्रा' के समापन समारोह में भी शामिल होंगे।

## कश्मीर-लद्दाख के बीच में फंसे 260 सैलानियों को एयर लिफ्ट किया

**जम्मू।** वायुसेना ने सोमवार को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के बीच फंसे लगभग 260 यात्रियों को हवाई मार्ग से एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंचाया। एक अधिकारी ने कहा कि इसके साथ ही भारी बर्फबारी के कारण 434 किलोमीटर लंबे श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग के बंद होने पर 22 जनवरी को सेवा शुरू होने के बाद से एएन-32 विमान से अब तक कुल 1,551 यात्रियों को 'एयरलिफ्ट' किया गया है। एएन-32 विमान को करगिल कूरियर भी कहा जाता है।

## झारखंड से कांग्रेस सांसद भाजपा में शामिल

**रांची।** झारखंड के सिंहभूम (एसटी) निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस सांसद गीता कोड़ा सोमवार को यहां भाजपा में शामिल हो गईं। कोड़ा भाजपा मुख्यालय में पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की मौजूदगी में पार्टी में शामिल हुईं। उन्होंने यह कदम ऐसे समय में उठाया है, जब देश में लोकसभा चुनाव होने वाले हैं। उन्होंने कहा, 'मैं आज भाजपा में शामिल हो गई। कांग्रेस ने तुष्टिकरण की राजनीति करके देश को संकट में डाल दिया है। पार्टी कहती है कि वह सभी को साथ लेकर चलेगी, लेकिन वह केवल अपने परिवार को साथ लेकर चलती है।' भाजपा-आजसू (अखिल झारखंड छात्र संघ) गठबंधन ने 2019 के लोकसभा चुनाव में झारखंड की 14 संसदीय सीट में से 12 पर जीत हासिल की थी।

# मराठा आरक्षण: प्रदर्शन के बीच महाराष्ट्र के अंबड में कर्फ्यू लागू

छत्रपति संभाजीनगर, एजेंसी

● जिला प्रशासन ने एहतियातन उठाया कदम

कार्यकर्ता मनोज जरांगे द्वारा मराठा आरक्षण के लिए चलाए जा रहे आंदोलन के मद्देनजर कानून-व्यवस्था की स्थिति को ध्यान में रखते हुए महाराष्ट्र के जालना जिले के अंबड तालुका में कर्फ्यू लगा दिया गया है।

जालना के जिलाधिकारी श्रीकृष्ण पांचाल ने आदेश में कहा कि जरांगे ने रविवार को घोषणा की कि वह मुंबई जाएंगे और मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की अपनी मांग को लेकर आंदोलन करेंगे। इसमें कहा गया है कि ऐसी आशंका है कि लोग उन्हें (मुंबई जाने से) रोकने के लिए जालना के अंतरवाली सरती गांव में आ सकते हैं, जहां कार्यकर्ता भूख हड़ताल कर रहे हैं। आदेश में कहा गया है कि भारी भीड़ के कारण धुले-मुंबई राजमार्ग और आसपास के अन्य इलाकों पर यातायात प्रभावित होने की आशंका है। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकारी कार्यालयों, स्कूलों, राष्ट्रीय राजमार्गों पर आवाजाही, दूध वितरण, मीडिया और अस्पतालों को इस आदेश से छूट दी गई है। जरांगे रविवार की रात अंतरवाली सरती से रवाना होकर पास के भांबेरी गांव पहुंचे।

## जरांगे ने 17 दिन बाद अनशन वापस लिया

**मुंबई।** आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने सोमवार को घोषणा की कि वह मराठा आरक्षण मुद्दे पर अपना 17 दिन से जारी अनशन वापस ले रहे हैं। जरांगे ने हालांकि कहा कि वह अपना आंदोलन तब तक जारी रखेंगे, जब तक कि महाराष्ट्र सरकार उन लोगों के विस्तारित परिवार के सदस्यों को कुनबी जाति प्रमाणपत्र जारी करना शुरू नहीं कर देती, जिनके पास पहले से ही ऐसे दस्तावेज हैं।

जरांगे का यह फैसला मराठा समुदाय के लिए नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण से संबंधित अपनी मांगों को लेकर दबाव बनाने के लिए मुंबई तक मार्च की घोषणा के एक दिन बाद आया है, जबकि मुंबई में राज्य विधानमंडल का बजट सत्र भी शुरू होने जा रहा है।

# चुनावी बॉण्ड रद करने से अधिक पारदर्शिता आएगी : सेन

कोलकाता, एजेंसी

● प्रख्यात अर्थशास्त्री ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का किया स्वागत



प्रख्यात अर्थशास्त्री एवं नोबेल पुरस्कार विजेता अमर्त्य सेन ने चुनावी बॉण्ड योजना को रद करने के सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले का सोमवार को स्वागत किया और इस योजना को घोटाला बताकर इसकी निंदा की। सेन ने अमेरिका के मैसाचुसेट्स से बात की और कहा कि इस कदम से चुनाव के संदर्भ में लोगों के बीच अधिक पारदर्शिता आएगी। उन्होंने कहा, 'चुनावी बॉण्ड एक घोटाला था और मुझे खुशी है कि अब उसे हटा दिया गया है।'

उच्चतम न्यायालय ने इस महीने की शुरुआत में एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए राजनीति के वित्तपोषण के लिए लाई गई चुनावी बॉण्ड योजना को असंवैधानिक करार देते हुए निरस्त कर दिया था और चंदा देने वालों, बॉण्ड के मूल्यों और उनके प्राप्तकर्ताओं की जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच-सदस्यीय संविधान पीठ ने 2018 की इस योजना को भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एवं सूचना के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन बताया। शीर्ष अदालत केंद्र की इस दलील से सहमत नहीं थी कि इस योजना का उद्देश्य राजनीतिक चंदे में पारदर्शिता लाना और काले धन पर अंकुश लगाना था।

लोकसभा चुनाव से पहले आए इस फैसले में न्यायालय ने इस योजना को तत्काल बंद करने तथा इस योजना के लिए अधिकृत वित्तीय संस्थान भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को 12 अप्रैल, 2019 से अब तक खरीदे गए चुनावी बॉण्ड का विस्तृत ब्योरा 6 मार्च तक निर्वाचन आयोग को सौंपने का भी निर्देश दिया। सेन ने कहा, 'भारत में चुनावी प्रणाली दलगत राजनीति की प्रकृति से काफी प्रभावित है, जिससे आम लोगों के लिए यह सुनना बहुत कठिन हो जाता है कि उन्हें चुनाव में भाग लेना चाहिए।'

अर्थशास्त्री ने कहा कि देश की चुनावी प्रणाली इस बात से प्रभावित होती है कि सरकार विपक्षी दलों के साथ कैसा व्यवहार करती है। उन्होंने कहा, 'यह विपक्षी दलों और उन लोगों के साथ व्यवहार से प्रभावित होती है, जिन्हें सरकार प्रतिबंधों के तहत रखना चाहती है। हम नागरिकों की अभिव्यक्ति और कार्य करने की स्वतंत्रता के अलावा यथासंभव स्वतंत्र चुनावी प्रणाली चाहते हैं।'

# शीर्ष कोर्ट ने संजय की जमानत याचिका पर ईडी से जवाब मांगा

नई दिल्ली, एजेंसी



- मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में बंद आप नेता ने हाईकोर्ट के आदेश को दी थी चुनौती

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली शराब घोटाला के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में बंद आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह की जमानत याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय को नोटिस भेजकर जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने उस याचिका पर जांच एजेंसी को नोटिस जारी किया, जिसमें संजय सिंह ने दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी है। दिल्ली हाईकोर्ट ने मामले में उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया था। पीठ ने जमानत याचिका को संजय सिंह की एक अन्य याचिका के साथ टैग कर दिया, जिसमें उन्होंने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अपनी गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती दी है। संजय सिंह की ओर से अदालत में पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने जमानत याचिका पर नोटिस जारी करने की मांग की और याचिका को लंबित मामले के साथ टैग करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि लंबित मामले की सुनवाई 5 मार्च को होनी है और इसलिए दोनों मामलों पर एक साथ सुनवाई की जानी चाहिए। पीठ ने सिंघवी के अनुरोध पर सहमति व्यक्त की और कहा कि दोनों याचिकाओं पर एक साथ विचार किया जाएगा। बता दें, दिल्ली हाईकोर्ट ने 7 फरवरी को सिंह की जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

# अन्नामलाई को राहत हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट ने रोका

**नई दिल्ली।** शीर्ष अदालत ने सोमवार को तमिलनाडु भाजपा प्रमुख के अन्नामलाई को राहत दी। दरअसल, सर्वोच्च न्यायालय ने नफरती बयान देने के मामले में उनके खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले में उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी।

अन्नामलाई ने अक्तूबर 2022 में एक यूट्यूब चैनल को इंटरव्यू दिया था। जिसमें उन्होंने पटाखे फोड़ने को लेकर कथित तौर पर ईसाई समुदाय के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ मामले में सुनवाई कर रही थी। पीठ ने इंटरव्यू में दिए गए बयानों की ट्रांसक्रिप्ट को देखा और कहा कि पहली नजर में यह कोई नफरत फैलाने वाला बयान नहीं है।

# आप कौन होते हैं आपराधिक कानूनों को चुनौती देने वाले

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की जनहित याचिका, कहा- आपको याचिका दायर करने का कोई अधिकार नहीं



तीन नए आपराधिक कानूनों को चुनौती देने वाली जनहित याचिका सुप्रीम कोर्ट से खारिज हो गई है। तीन नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य कानून 1 जुलाई से देश में लागू हो जाएंगे।

जनहित याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने याचिका से नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि 'आप कौन होते हैं नए आपराधिक कानूनों को चुनौती देने वाले?' मुख्य न्यायाधीश ने याचिकाकर्ता से नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि 'आपके पास इस मामले में हस्तक्षेप करने का ही अधिकार नहीं है। जनहित याचिका में गृह और कानून मंत्रालय को पक्षकार बनाने की मांग की गई थी।

तीनों नए आपराधिक कानून देश में न्याय व्यवस्था में बड़े बदलाव लेकर आएंगे और एक जुलाई से देशभर में लागू हो जाएंगे। सरकार ने इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। तीनों नए आपराधिक कानून अंग्रेजी शासन काल के आईपीसी (इंडियन पीनल कोड), सीआरपीसी (कोड ऑफ क्रिमिनल प्रोसिजर) और इंडियन एविडेंस एक्ट 1872 की जगह लेंगे। बीते साल 21 दिसंबर को इन नए कानूनों को संसद की मंजूरी मिली थी और 25 दिसंबर को राष्ट्रपति ने इन्हें मंजूरी दी थी। हालांकि अभी हिट एंड रन मामले से जुड़े प्रावधान पर अमल नहीं होगा। दरअसल बीते दिनों देशभर में ड्राइवरों ने हड़ताल कर हिट एंड रन मामले में नए प्रावधानों का विरोध किया था। जिस पर सरकार ने आश्वासन दिया था कि इस कानून को ड्राइर यूनियन से चर्चा के बाद अमल में लाया जाएगा। सरकार ने नोटिफिकेशन में बताया है कि अभी भारतीय न्याय संहिता की धारा 106(2) को अमल में नहीं लाया जाएगा। भारतीय न्याय संहिता में कुल 358 धाराएं हैं, जिसमें 20 नए अपराधों को परिभाषित किया गया है।

## कोर्ट में स्वीकारी गलती, केजरीवाल बोले- वीडियो रिट्वीट करना मेरी गलती

**मानहानि मामला**

दिल्ली हाईकोर्ट के एक आदेश को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर आज सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की। इस दौरान केजरीवाल ने अदालत के सामने अपनी गलती स्वीकार कर ली है। दरअसल, ये मामला मई 2018 का है। अरविंद केजरीवाल ने 2018 में यूट्यूबर ध्रुव राठी की एक पोस्ट को रीट्वीट किया था। इसी को लेकर उन पर मानहानि का आरोप लगा और मामला हाईकोर्ट तक पहुंच गया था। अब हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को अदालत से कहा कि उन्होंने यूट्यूबर ध्रुव राठी के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आईटी प्रकोष्ठ से जुड़े कथित अपमानजनक वीडियो को रीट्वीट करके गलती की। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका पर नोटिस जारी किए बिना ही शिकायतकर्ता से पूछा कि क्या वह मुख्यमंत्री की माफी के बाद इस मामले को बंद करना चाहते हैं। हाईकोर्ट ने इस मामले में आरोपी के रूप में अरविंद केजरीवाल को जारी किए गए समन को बरकरार रखा था।



राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते केजरीवाल।

## एक नजर



**तिरुवनंतपुरम।** सोमवार को अट्टुकल समापन के दौरान भक्तों ने जुलूस निकाला, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। यह अट्टुकल भगवती मंदिर का दस दिवसीय त्योहार है। यह त्योहार गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में शामिल है। साल 1997 में 15 लाख महिलाओं ने पोंगल चढ़ाकर रिकॉर्ड बनाया था।

### गुजराती परिवार की मौत मामले में भारतवंशी शिकागो से गिरफ्तार

**न्यूयॉर्क।** मानव तस्करी की 2022 की एक घटना की जांच के दौरान शिकागो में एक भारतवंशी को गिरफ्तार किया गया है। इस घटना में गुजराती परिवार के चार सदस्य कनाडा से अमेरिका में अवैध रूप से प्रवेश करने के प्रयास में मृत पाए गए थे। पिछले हफ्ते द शिकागो ट्रिब्यून की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि हर्षकुमार रमनलाल पटेल को शिकागो के ओ हेयर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से अधिकारियों ने गिरफ्तार किया है। उसे 28 फरवरी को कोर्ट में पेश किया जाना है।

### धोखाधड़ी मामले में फैसले के खिलाफ डोनाल्ड ट्रंप ने की अपील

**न्यूयॉर्क।** डोनाल्ड ट्रंप ने अपने 45 .4 करोड़ डॉलर के न्यूयॉर्क नागरिक धोखाधड़ी मामले के फैसले के खिलाफ अपील की है, जिसमें एक न्यायाधीश के इस फैसले को चुनौती दी गई है कि ट्रंप ने अपनी संपदा के बारे में झूठ बोला था और अपने रियल एस्टेट साम्राज्य को इस तरह बढ़ाया था जिसने उन्हें लोकप्रियता दिलाई और राष्ट्रपति पद तक पहुंचाया था। ट्रंप ने अपील करते हुए कोर्ट से कहा कि न्यायाधीश आर्थर के फैसले को पलट दिया जाए।

### जवान ने इजराइली दूतावास के बाहर खुद को लगाई आग, गंभीर

**वाशिंगटन।** अमेरिका के वाशिंगटन। में इजराइली दूतावास के बाहर एक वायुसेना के जवान ने खुद को आग लगा ली। पुलिस के मुताबिक, यह घटना स्थानीय समयानुसार रविवार दोपहर को घटी। व्यक्ति ने इजराइल के दूतावास खड़े होकर खुद को आग लगा ली। इसके बाद अमेरिकी सीक्रेट सर्विस के अफसरों और डीसी अग्निशमन दल ने आग बुझाई और शख्स को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। जिस शख्स ने खुद को आग लगाई, उसका नाम एरॉन बुशनेल बताया गया है। यह व्यक्ति अमेरिकी वायुसेना का एक सक्रिय सैनिक है। इस घटना के एक वीडियो में एरॉन बोलता है कि वह नरसंहार में शामिल नहीं रहेगा।

# पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में पहली बार महिला मुख्यमंत्री चुनी गईं मरियम

## इमरान की पार्टी के नेता राणा को दी शिकस्त, पार्टी उपाध्यक्ष भी हैं नवाज की बेटी

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की पहली महिला मुख्यमंत्री पीएमएलएन नेता मरियम नवाज को बनाया गया। बता दें कि मरियम तीन बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री रह चुके नवाज शरीफ की बेटी हैं। 50 वर्षीय उपाध्यक्ष मरियम ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी समर्थित सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) के सांसदों के बहिर्गमन के बीच मुख्यमंत्री पद का चुनाव जीता है।

पीएमएलएन नेता ने पीटीआई समर्थित एसआईसी के राणा आफताब को हराकर राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण पंजाब प्रांत का मुख्यमंत्री चुनाव जीता। मरियम ने पंजाब विधानसभा में जाने से पहले जती उमरा में अपनी मां की कब्र का दौरा किया। सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए पीएमएलएन ने बताया कि मरियम ने अपने नाना-नानी की कब्रों का भी दौरा किया। पीएमएल-एन ने चुनाव से पहले एक्स पर एक पोस्ट में कहा 'हमारे देश के इतिहास में पहली बार, एक महिला पंजाब की सीएम बनेगी। मरियम नवाज शरीफ पंजाब की सीएम पद की शपथ लेने वाली पहली महिला होंगी।

### 2012 में राजनीति में उतरीं, 2024 में मुख्यमंत्री बनीं मरियम



मरियम नवाज पाकिस्तान के पूर्व पीएम नवाज शरीफ की बेटी हैं। साल 1992 में सफदर अवान से मरियम नवाज की शादी हुई। सफदर अवान पाकिस्तान की सेना में कैप्टर रह चुके हैं। सफदर अवान, नवाज शरीफ के सुरक्षा अधिकारी भी रहे। मरियम नवाज के तीन बच्चे हैं। मरियम नवाज ने साल 2012 में राजनीति में कदम रखा और अपने पिता के साथ काम किया। साल 2024 के आम चुनाव में मरयम नवाज पाकिस्तान की नेशनल असेंबली और पंजाब असेंबली के लिए पहली बार चुनी गई हैं।

### गौहर खान फिर चुने गए इमरान की पार्टी पीटीआई के अध्यक्ष



जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान की पार्टी पीटीआई ने यू-टर्न लेते हुए बैरिस्टर गौहर खान को फिर से पार्टी का अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी ने पहले बैरिस्टर अली जफर को अध्यक्ष नियुक्त किया था। बैरिस्टर गौहर खान (45 वर्षीय) को बीते साल दिसंबर में भी पार्टी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। हालांकि पार्टी के संगठन चुनाव के नतीजों को अदालत में चुनौती दी गई। कोर्ट ने पीटीआई के आंतरिक चुनाव को रद कर दिया और पार्टी का चुनाव चिन्ह बैट भी छीन लिया गया। इसके बाद गौहर खान पार्टी के अध्यक्ष पद से हट गए थे। बीते हफ्ते गौहर खान ने एलान किया कि पार्टी के नए अध्यक्ष बैरिस्टर अली जफर होंगे और उन्हीं की देखरेख में 3 मार्च को पार्टी के आंतरिक चुनाव कराए जाएंगे। हालांकि पाकिस्तानी मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, बैरिस्टर अली जफर ने पार्टी का चेयरमैन बनने से इनकार कर दिया। ऐसे में बैरिस्टर गौहर अली ने फिर से पार्टी के चेयरमैन बनने के लिए नामांकन किया। बैरिस्टर गौहर खान को पीटीआई चीफ इमरान खान ने नामांकित किया था, ऐसे में उनकी जीत तय मानी जा रही है।

# साद अहमद होंगे भारत में पाकिस्तान के नए उच्चायुक्त

**नई दिल्ली।** साद अहमद वराइच को भारत में पाकिस्तान का नया उच्चायुक्त नियुक्त किया गया है। साद अहदम ने एजाज खान की जगह ली है। एजाज खान का कार्यकाल बतौर पाकिस्तानी उच्चायुक्त पूरा हो गया है। अब साद अहमद वराइच उनकी जगह लेंगे। वराइच ने नई दिल्ली पहुंचकर चार्ज संभाल लिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वराइच इससे पहले अफगानिस्तान, तुर्किए और ईरान में पाकिस्तान के राजदूत रह चुके हैं।

हिंद प्रशांत महासागर में स्थित द्वीपीय देश तुवालु में फेलेटी टेओ को नया प्रधानमंत्री चुना गया है। तुवालु के संसदीय सदस्यों ने पूर्व अटॉर्नी जनरल फेलेटी टेओ को देश का अगला पीएम चुना। शीर्ष पद के लिए नामांकन करने वाले फेलेटी टेओ एकमात्र उम्मीदवार थे और उन्हें निर्विरोध पीएम चुन लिया गया। तुवालु के पूर्व पीएम कोसिया नातानो की 26 जनवरी को हुए चुनाव में हार हुई थी। नातानो ताइवान के साथ कूटनीतिक संबंध स्थापित करने के पक्ष में थे। नातानो की हार के साथ ही तुवालु की ताइवान को लेकर नीति पर सवालिया निशान खड़े हो गए हैं।

# इस्लामोफोबिया विवाद: पार्टी के बचाव में उतरे पीएम सुनक

लंदन, एजेंसी

- लंदन के मेयर इस्लामी अतिवादियों के कब्जे में, पार्टी के सांसद ने की थी विवादित टिप्पणी

इस्लामोफोबिया को लेकर ली एंडरसन और सुएला ब्रेवरमैन की टिप्पणियों के बाद अब प्रधानमंत्री सुनक मजबूरन अपनी पार्टी के बचाव में उतर आए हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या कंजर्वेटिव पार्टी में 'इस्लामोफोबिक प्रवृत्ति' है तो उन्होंने कहा कि नहीं ऐसा नहीं है। इस दौरान सुनक ने यह भी कहा कि इस बहस को इस तरह से न भड़काया जाए जो दूसरों के लिए हानिकारक हो।

गौरतलब है कि यूके में इन दिनों लंदन के मेयर सादिक खान सुर्खियों में हैं। दरअसल, कंजर्वेटिव पार्टी के सांसद ली एंडरसन ने सादिक खान पर विवादित टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि लंदन के मेयर इस्लामी अतिवादियों के कब्जे में हैं।

इतना ही नहीं ली ने यह भी कहा था कि सादिक ने लंदन को आतंकियों को समर्पित कर दिया है। उनके इस बयान की खूब आलोचना की गई थी। बाद में उन्हें पार्टी से भी निलंबित कर दिया गया था। ली की ये टिप्पणियां तब आई थीं, जब गाजा में युद्धविराम को लेकर लंदन में इजराइल के विरोध में कई रैलियां निकाली गई थीं।

### भारतीय-अमेरिकी प्रोफेसर अशोक को अमेरिका में सर्वोच्च शैक्षणिक पुरस्कार से किया गया सम्मानित

**न्यूयॉर्क।** भारतीय मूल के अमेरिकी इंजीनियर और प्रोफेसर अशोक वीरराघवन को टेक्सास के सर्वोच्च शैक्षणिक सम्मान से सम्मानित किया गया है। वीरराघवान को इंजीनियरिंग में एडिथ और पीटर ओ'डोनेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। टेक्सास एकेडमी ऑफ मेडिसिन, इंजीनियरिंग, साइंस एंड टेक्नोलॉजी राज्य के उभरते शोधकर्ताओं को यह पुरस्कार प्रदान करता है। वीरराघवान राइस यूनिवर्सिटी के जॉर्ज आर. ब्राउन स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग में इलेक्ट्रिकल और कंप्यूटर इंजीनियरिंग के प्रोफेसर हैं। यह पुरस्कार उन्हें इमेजिंग तकनीक के विकास के लिए दिया गया है, जो अदृश्य को दृश्यमान बनाने का प्रयास करती है। यह पुरस्कार राज्य के चिकित्सा, इंजीनियरिंग, जैविक विज्ञान, भौतिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी नवाचार में अच्छे प्रदर्शन के बाद दिया जाता है।

**भोजन की आस...**



**गाजा :** हताश लोगों को तत्काल राहत सामग्री उपलब्ध कराने में संयुक्त राष्ट्र (संरा) शीर्ष अदालत के आदेश का पालन करने में विफल रहा है। मानवाधिकार की वकालत करने वाली संस्था 'ह्यूमन राइट्स वॉच' ने सोमवार को आरोप लगाते हुए गाजा पट्टी के लिए राहत सामग्री को अवरुद्ध करने के लिए इजराइल को दोषी ठहराया। ह्यूमन राइट्स वॉच ने कहा कि इजराइल बुरी तरह प्रभावित उत्तरी गाजा में ईंधन उपलब्ध कराने की पर्याप्त सुविधा नहीं दे रहा है। दूसरी तरफ गाजा के समुद्र तट पर मानवीय सहायता की प्रतीक्षा में बैठे फिलिस्तीनी नागरिक। ● एजेंसी

# फिलिस्तीन: प्रधानमंत्री मोहम्मद शतयेह ने पद से दिया इस्तीफा

**गाजा ।** इजराइल हमास युद्ध के बीच फिलिस्तीन के प्रधानमंत्री मोहम्मद शतयेह ने अपनी सरकार से इस्तीफा दे दिया है। फिलिस्तीन की सरकार कब्जे वाले वेस्ट बैंक के कुछ हिस्सों पर शासन करती है।



इस्तीफे की जानकारी देते हुए शातयेह ने कहा, मैं सरकार का इस्तीफा राष्ट्रपति महमूद अब्बास को सौंपता हूं, उन्होंने कहा, यह गाजा के खिलाफ आक्रामकता और वेस्ट बैंक और यरूशलेम में तनाव से संबंधित घटनाक्रम के मद्देनजर लिया गया फैसला है। उन्होंने आगे कहा गाजा में युद्ध, नरसंहार और भुखमरी की वजह से मैंने इस्तीफा दिया है।

# जब तक मैं जिंदा हूं, बाल विवाह नहीं होने दूंगा

- मुस्लिम विवाह कानून निरस्त के बाद विस में विपक्ष के विरोध पर गरजे सीएम हिमंत बिस्व सरमा

गुवाहाटी, एजेंसी

असम सरकार की ओर से मुस्लिम विवाह कानून को निरस्त किए जाने के बाद कांग्रेस और एआईयूडीएफ जैसी विपक्षी पार्टियों ने भाजपा पर निशाना साधा है। इसका जवाब सोमवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने विधानसभा में दिया। विपक्षी दलों पर गरजते हुए सरमा ने कहा कि जब तक मैं जिंदा हूं, असम में बाल विवाह नहीं होने दूंगा।

मुस्लिम विवाह कानून के निरस्त होने पर कांग्रेस और एआईयूडीएफ ने आज विधानसभा में भाजपा का विरोध किया। इस पर भड़कते हुए हिमंत बिस्व सरमा ने कहा, "आप मुझे ध्यान से सुन लें। जब तक मैं जिंदा हूं, असम में बाल विवाह नहीं होने दूंगा। जब तक हिमंत बिस्व सरमा जिंदा है, तब तक यह नहीं हो सकता। मैं आपको राजनीतिक तौर पर चुनौती देता हूं। मैं 2026 से पहले ये दुकान बंद कर दूंगा। इस बीच कांग्रेस और एआईयूडीएफ विधायकों ने असम विधानसभा में जमकर हंगामा किया। एआईयूडीएफ ने सरमा कैबिनेट के मुस्लिम विवाह कानून को निरस्त करने के फैसले का विरोध करते हुए इसके खिलाफ स्थगन प्रस्ताव पेश किया। हालांकि, सदन के स्पीकर बिश्वजीत दयमारी ने इसे स्वीकार नहीं किया। दो दिन पहले ही असम सरकार ने राज्य में बाल विवाह पर रोक के लिए मुस्लिम विवाह एवं तलाक पंजीकरण कानून, 1935 खत्म कर दिया। इसे लेकर शुक्रवार देर रात हुई कैबिनेट की बैठक में यह फैसला लिया गया था।



सोमवार को बजट सत्र के दौरान विधानसभा में बोलते सीएम हिमंत बिस्वा सरमा।

# तालिबान ने हत्या के दोषी को दी मौत की सजा, मारी गोली

इस्लामाबाद, एजेंसी

- अफगानिस्तान में पिछले पांच दिनों में दी जाने वाली यह तीसरी मौत की सजा, दोषी को सरेआम मारी गोली



अफगानिस्तान में तालिबान शासन के दौरान एक बार फिर से सार्वजनिक रूप से मौत की सजा देने की घटनाएं बढ़ गई हैं। उत्तरी अफगानिस्तान में सोमवार को हत्या के दोषी एक व्यक्ति को सार्वजनिक रूप से मौत की सजा दी गई। यह सजा एक खेल स्टेडियम में हजारों लोगों के सामने दी गई। पिछले पांच दिनों में दी जाने वाली तीसरी ऐसी मौत की सजा है।

मारे गए व्यक्ति के भाई ने दोषी को राइफल से पांच गोलियां मारीं। स्टेडियम के आसपास कड़ी सुरक्षा की गई थी। अगस्त 2021 में तालिबान द्वारा अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज होने के बाद से यह पांचवीं सार्वजनिक मौत की सजा है। तालिबान सरकार की ओर से इसे लेकर अभी कोई टिप्पणी नहीं की गई है। सजा पाने वाले व्यक्ति की पहचान फरयाब प्रांत के नजर मोहम्मद के रूप में हुई है। उसने फरयाब प्रांत के ही खल मोहम्मद की हत्या कर दी थी। इससे पहले दक्षिणपूर्वी गजनी प्रांत में गुरुवार को तालिबान ने चाकू मारकर हत्या करने के दोषी दो लोगों को मौत की सजा दी थी। पीड़ितों के रिश्तेदारों ने दोनों को गोली मार दी थी। यह सजा भी एक स्टेडियम में हजारों लोगों के सामने दी गई थी।

संयुक्त राष्ट्र ने सार्वजनिक रूप से हत्याएं करने, कोड़े मारने और पथराव के लिए तालिबान की कड़ी आलोचना की है और देश के शासकों से ऐसी प्रथाओं को रोकने का आह्वान किया है।

**विज्ञान** हार्वर्ड-स्मिथसोनियन सेंटर फॉर एस्ट्रोफिजिक्स के वैज्ञानिकों ने की अजीबो-गरीब घटना की खोज

# आकाशगंगा में तरंग के साथ तैरे तारों के बादल


नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार:** इन दिनों हमारी आकाशगंगा में अजीबो गरीब घटना हो रही है । इस घटना में तारों के बादल तरंग के साथ तैर रहे हैं। इसका कारण गुरुत्वाकर्षण लहर माना जा रहा है। अब खगोलशास्त्री इस तरह की घटना दूसरी आकाशगंगाओं में तलाश करने लगे हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार तारों के ये बादल हमारी आकाशगंगा की भुजाओं के साथ चलते हैं।

हांलाकि 2020 में सिर्फ एक तरंग जैसी आकृति देखी गई थी। मगर अब इसे श्रृंखला के रूप में देखा गया है। जो रोमांचक तरंग बना रहे हैं। आकाशगंगा के गुरुत्वाकर्षण के कारण यह संरचना दोलन करती है। हार्वर्ड-स्मिथसोनियन सेंटर फॉर एस्ट्रोफिजिक्स के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है।

इस खोज में यह भी पता चला है कि यह संरचना आकाशगंगा की सर्पिल भुजा के साथ तारों के समूहों को जन्म दे रही है। तारों के बादलों की यह रेडक्लिफ तरंग न केवल एक लहर की तरह दिखती है, बल्कि उसी की तरह चलती भी है। पत्रिका नेचर में यह खोज प्रकाशित हुई है।

यह संरचना हमारे आकाशगंगा के पिछले हिस्से में 9,000 प्रकाश-वर्ष लंबी फैली हुई है और सूर्य से केवल 500 प्रकाश वर्ष दूर मौजूद है। हमारी अजशगंगा में यह सबसे बड़ी संरचना है। बड़ी बात यह है कि अब हम इसके बारे में जानते हैं। अच्छी बात यह है कि यह वास्तव में हमारे बहुत करीब है।



आकाशगंगा में तरंग के साथ तारों के तैरते बादल की तस्वीर।

**कई और रहस्य होंगे उजागर**

वैज्ञानिकों का कहना है कि यह खोज कई अन्य रहस्य उजागर करने में मददगार साबित होगी, जो वैज्ञानिकों के लिए चुनौतीपूर्ण भी होगी। यह अपनेआप में बड़ी खोज है। आकाशगंगा में अक्सर कुछ न कुछ घटित होते रहता है। जिनके बारे में वैज्ञानिक अभी भी नही जानते हैं।

# किशोरों को सोशल मीडिया से अलग रखने का कानून पास

वाशिंगटन, एजेंसी

- अमेरिका के फ्लोरिडा राज्य की विस में कानून पास, 16 साल से कम किशोर अकाउंट नहीं बना पाएंगे



अमेरिका में फ्लोरिडा राज्य की विधानसभा ने सोशल मीडिया के संबंध में कड़ा कानून पास किया है। इसके तहत 16 साल से कम आयु के किशोरों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर अकाउंट नहीं बनाने दिया जाएगा। गवर्नर रॉन डी सेंटिस ने कहा, इस विधेयक से फ्लोरिडा में लाखों युवाओं का जीवन बदल जाएगा।

बता दें, विधेयक को कानूनी चुनौती मिल सकती है। पिछले साल फेडरल अदालतों ने अरकंसास और ओहायो में लागू सोशल मीडिया कानूनों को रोक दिया है। न्यायाधीशों ने उन मामलों में कहा, नए कानूनों से सोशल मीडिया कंपनियों की अभिव्यक्ति की आजादी, सूचना देने के अधिकारों का हनन होगा। इनसे युवाओं के अधिकार भी प्रभावित होंगे। फ्लोरिडा के नए नियमों के तहत सोशल नेटवर्क 16 वर्ष से कम आयु के लोगों के अकाउंट नहीं बनाएंगे। वे ऐसे अकाउंट बंद कर देंगे।

यह प्रावधान फेसबुक, इंस्टाग्राम, स्नैपचैट, टिकटॉक और यूट्यूब जैसी साइट और एप्स पर लागू होंगे। फ्लोरिडा का कानून अन्य राज्यों के कानूनों के मुकाबले अधिक कठोर है। वैसे, सिविल लिबटी ग्रुप और टेक्नोलॉजी इंडस्ट्री के संगठनों ने सोशल मीडिया पर नए प्रतिबंधों का विरोध किया है।